e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 128

शुक्रवार
12.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

सुविचार

जब तक हम किसी भी काम को करने की कोशिश नही करते हैं, जब तक हमे वो काम नामुमकिन ही लगता है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

कैंसर सेवाओं में आशाओं से भरा नया दौर

RANCHI
CANCER HOSPITAL &
RESEARCH CENTRE

उद्घाटन
श्री हेमंत सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार
द्वारा
12 मई, 2023

आरसीएचआरसी में हम प्रदान करते हैं

- किफ़ायती कैंसर उपचार
- अत्याधुनिक तकनीक
- विश्वस्तरीय नैदानिक सुविधाएँ
- पैलिएटिव केयर
- अनुभवी और संवेदनशील डॉक्टर्स और नर्सेस

राँची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सुकुर्हुतू रोड, कदमा, कांके, राँची–834006. | अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: 0651-2710010 / 1800 313 4922

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, शुक्रवार, 12 मई 2023 | पेज 2

सड़क दुर्घटना में पलामू के दो छात्र नेताओं की हुई मौत, शोक की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : एआईएसएफ जिला अध्यक्ष सह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पलामू जिला कमेटी सदस्य सुजीत पांडे उर्फ विदेशी पांडे का सासाराम में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य गण असमय अकास्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। गौरतलब हो कि गुरुवार की सुबह बनारस से लौटते वक्त सासाराम में सुजीत पांडे का कार दुर्घटना में निधन हो गया। वही कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। बेहतर इलाज के लिए बीएचयू रेफर किया गया जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि इन दोनों छात्र नेताओं के जाने से कम्युनिस्ट पार्टी परिवार और पलामू

जिला ने होनहार व काबिल छात्र नेताओं को खो दिया है जिसकी भरपाई नामुमकिन है। विदेशी पलामू जिला में छात्र आंदोलन के पर्याय बन चुके थे तो वही राहुल छात्रों की समस्याओं को मुखरता से उठाने में और उनके हक अधिकार के लिए लड़ने से पीछे नहीं हटते थे। श्री तिवारी ने कहा कि ये उनकी व्यक्तिगत छती भी है। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह एवं के डी सिंह ने कहा कि विदेशी एक जगमगाता सितारा था। वहीं राहुल छात्रों के साथ उनकी किसी भी समस्या में कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहते थे। वो दोनों हमेशा गरिब नौजवानों के हित के लिए मुखरता से आवाज उठाते थे। उनके निधन से पार्टी में पलामू जिला के छात्रों को अपूरणीय क्षति हुई है। अखिल भारतीय नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि दोनों नेता कर्मठ, जुझारू, संघर्षशील, प्रतिभाशाली, मिलनसार व मृदुभाषी थे,जिनका अबतक का पुरा जीवन छात्रहित व समाज के लिए समर्पित था। मौके पर उपेंद्र मिश्रा, शशि कुमार, राजीव कुमार, रवि शंकर, श्रद्धानंद तिवारी, योगेंद्र सिंह, मृत्युंजय तिवारी, आलोक तिवारी, अजेश चौहान सहित कई लोगों ने कहा शोक व्यक्त किया है और मृतक के परिवार के प्रति ढाढस बंधाया है और एक अन्य छात्र बिट्टू घायल है उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

नगर निगम क्षेत्र से टैक्स वसूल कर पिंक सिटी बस को निगम क्षेत्र से बाहर चलाना उचित नहीं : धनंजय त्रिपाठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर नगर : निगम क्षेत्र से टैक्स वसूल कर पिंक सिटी बस को निगम क्षेत्र से बाहर चलाना उचित नहीं है उक्त बातें मेदिनीनगर नगर निगम के भावी प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी ने कहा। गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम मेदनीनगर के द्वारा पिंक सिटी बस का परिचालन कराया जा रहा है जो बस निगम के बाहर तक आना-जाना कर रही है जो निगम क्षेत्र के लोगों से टैक्स वसूल कर उसका रूट बदला जा रहा है निगम क्षेत्र से बाहर भेज कर यह कहीं से भी उचित नहीं है ।निगम क्षेत्र में पिंक सिटी बस को चलाया गया है लेकिन अगर व्यक्तिगत इस्तेमाल किस बात का किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा अगर किया जाएगा यह कहीं से भी उचित नहीं है। पिंक सिटी बस महिलाओं के लिए अगर निगम क्षेत्र में चलाया जाना तय हुआ है तो उसे निगम क्षेत्र में ही चलाया जाए अगर व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए पिंक सिटी बस किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा प्रारंभ किया गया है तो उसे अविलंब रोकने की जरूरत है। अन्यथा नगर निगम

नगर की जनता के साथ गलत हो रहा है जिसे आने वाले समय में लोगों की गुस्सा का सामना करना पड़ सकता है आगे श्री त्रिपाठी ने बताया कि निगम क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं का अंबार है उसके बजाएं पिंक सिटी बस का निगम क्षेत्र के बाहर इस्तेमाल करना कहीं से भी उचित नजर नहीं आ रहा है लेकिन फिर भी उसका इस्तेमाल निगम के बाहर अगर हो रहा है तो जनता के साथ गलत कार्य किया जा रहा है जिसे मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा आने वाले समय में पिंक सिटी बस निगम क्षेत्र के अंदर ही चले अन्यथा इस मामले को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी

प्रखंड प्रमुख ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नौडीहा बाजार, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): नौडीहा बाजार प्रखंड के प्रमुख रेशम कुमारी ने अनुमंडल पदाधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता को ज्ञापन दिया। माँग पत्र देते कहा कि नौडीहा बाजार प्रखंड की खाद्य आपूर्ति गोदाम छतरपुर से अलग करने की आग्रह किया है, क्योंकि नौडीहा बाजार करीब 18 किमी दुरी तय करता है इसलिए, ससमय खाद्य जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर नहीं पहुँच पाता है जिसके कारण लाभुको का राशन की वितरण नहीं मिलता है। अगर नौडीहा बाजार प्रखंड से चावल की उठाव होने के तत्पश्चात भोले भाले गरीब गरूबे की जनहित का कार्य होगा। प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने अनुमंडल पदाधिकारी नरेन्द कुमार गुप्ता से आग्रह किया है। समस्या की गंभीरता से लेते हुए छतरपुर से अलग करने का अपील किया है।

एसडीएम व आईपीएस ने स्टोन माइंस का किया औचक निरीक्षण

चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): एसडीएम राजेश शाह के नेतृत्व में जांच दल ने चांदो स्थित स्टोन माइंस का किया निरीक्षण, सभी मानकों की हुई जांच। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चांदो में स्थित स्टोन माइंस की जांच एसडीएम राजेश शाह की नेतृत्व में जांच दल ने किया। इस टीम ने राजेश शाह के अलावा सदर एसडीपीओ, आईपीएस ऋषभ गर्ग चैनपुर अंचल पदाधिकारी संजय कुमार बखला भी उपस्थित रहे टीम ने पूरे करेंट क्षेत्र का दौरा किया। इसके बाद प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संजय कुमार बखला ने बताया की माइंस में मानकों के अनुसार कार्य हो रहा है क्षेत्र अधिकार में ही कार्य हो रहा है सभी मानकों पर माइंस संतोष जर्क कार्य पाया गया।

सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद का किया गया चुनाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को बाल संसद का चुनाव किया गया.चुनाव का शुभारंभ विद्यालय के पूर्व छात्र सह अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, पत्रकार सह पूर्व छात्र शुभम जायसवाल व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस तरह चुनाव कराने से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, मतदान की महत्ता और सहपाठियों में लोकप्रियता के भाव का विकास होता हैं.चुनाव पर्यवेक्षक चंदन कुमार और शुभम जायसवाल ने मतदान प्रक्रिया की मुक्तकंठ से प्रशंसा किया. दोनों पर्यवेक्षकों के देखरेख में प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। शिशु, बाल, किशोर एवं कन्या भारती हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेनापति, सह सेनापति, सचिव और सह सचिव पदों के लिए कुल 133 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे. इसमें शिशु भारती में 19, बाल भारती में 176,

किशोर भारती में 91 एवम कन्या भारती में 45 मतदान पड़े। शिशु भारती के पीठासीन अधिकारी कृष्ण कुमार पांडेय, मतदान कर्मी आरती श्रीवास्तव तथा तन्वी जोशी बाल भारती के *पीठासीन अधिकारी विवेक कुमार, मतदान कर्मी नंद लाल पांडेय तथा सत्येंद्र प्रजापति, किशोर भारती के पीठासीन अधिकारी सुधीर प्रसाद श्री वास्तव, मतदान कर्मी सुजीत कुमार दुबे तथा प्रसून कुमार, कन्या भारती के पीठासीन अधिकारी नीरज कुमार सिंह, मतदान कर्मी अशोक कुमार तथा रेणु कुमारी बनाये गये थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि 12 मई को चुनाव परिणाम की घोषणा सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा. चुनाव कार्य को सम्पन्न कराने में कौशलेंद्र झा, पिंटू कुमार सिंह, दिनेश कुमार, अविनाश कुमार, सुप्रिया कुमारी, रेणु पाठक सहित अन्य की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रमुख व उपप्रमुख ने गुरुवार को हो रहे बैठक का किया बहिष्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सतबरवा पांच माह से हो रही पंसस की बैठक में लिया गया प्रस्तावो पर कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज प्रमुख रिमादेवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव समेत सभी पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक को किया बहिष्कार कहा जब लिए गया इन प्रस्तावों को पारित कराकर वस्तु स्थिति से अवगत नहीं कराया जाएगा तब तक बैठक करने से क्या फायदा जब बैठक में कोई काम करना ही नहीं है इस बैठक का क्या महत्व रह जाता है क्या प्रोटोकॉल् सिर्फ पंचायत समिति सदस्यों के लिए ही है कि 50 त्न जब तक सदस्य उपस्थित नहीं रहेंगे तब तक बैठक नहीं होगा क्या यह प्रोटोकॉल सिस्टम पदाधिकारियों के लिए नहीं है। क्या यह सिस्टम सिर्फ पंचायत समिति सदस्य के लिए है। पदाधिकारियों के लिए कोई सिस्टम नहीं है। और उन्होंने कहा जब से

बैठक हो रहा है तब से अधिकतर पदाधिकारी नदारद रहते हैं इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। हम लोग जनता की सेवा के लिए प्रतिनिधि बने हैं । और जनता का काम ही ना हो यह सरासर अन्याय है।बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने कहा कि बहिष्कार किए गए बैठक का प्रमुख समेत सभी पंचायत समितियों की घोर निंदा करता हूं इस तरह बैठक से चले जाना समस्या का समाधान नहीं है मैं सारे प्रस्ताव को जिला भेज देता हूं और मैं क्या कर सकता हूं मैं कोई बंधुआ मजदूर नहीं हूं। बैठक में सीओ प्रशांत कुमार साह, बारी मुखिया निरूतमा देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, पंसस अशोक राम, मधु सिंह, जुबेर आलम समेत सभी पंचायत समिति सदस्य, बीआरओ सुरेश ठाकुर, कोऑर्डिनेटर रौशन रंजन पाठक, मनीष कुमार, सोनू सिकंदर, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

हैदर नगर व उंटारी रोड स्टेशन पर रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का विधिवत परिचालन प्रारंभ होगा

उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 का दिनांक 12.05.2023 से विधिवत परिचालन प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर दिनांक 12:05 23 को उक्त ट्रेन का विधिवत परिचालन का शुभारंभ प्रातः 4:48 बजे हैदरनगर स्टेशन पर एवं रात्रि में 10:20 बजे उंटारी रोड स्टेशन पर मेरे द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। उंटारी रोड स्टेशन पर परिचालन के पूर्व 08:30 बजे रात्रि में उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ट्रेन के ठहराव की मांग हैदर नगर एवं उंटारी रोड प्रखंड की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी इस ट्रेन के ठहराव हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ही उक्त दोनों स्टेशनों पर ट्रेन स्टॉपेज की सुविधा प्राप्त हुई है। संसदीय क्षेत्र की जनता से आग्रह है कि इस पुनीत अवसर पर आप सभी उपस्थित होकर अपनी चिर परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बने। यशस्वी प्रधानमंत्रीआदरणीय नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट करता हूं।

चैनपुर में बीडीओ की अध्यक्षता में विकास योजना की समीक्षात्मक बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर, पलामू : आम बागवानी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय सभागार में की समीक्षा बैठक। झारखंड सरकार के बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज ने चैनपुर प्रखंड कार्यलय सभागार में समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ जन प्रतिनिधि मनरेगा के संबंधित पदाधिकारी बीपीओ ग्राम रोजगार सेवक और जई समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आम बागवानी को लेकर मुख्य रूप से समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सर समय इस योजना को शुरू कर के धरातल पर उतारने का निर्देश दिया गया।

हुसैनाबाद प्रखण्ड कार्यलय में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर की गई समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : हुसैनाबाद प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखण्ड समन्वयक विजय कुमार एवम बीपीओ विष्णुकांत मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लम्बित आवास की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई। आवास समन्वयक ने बैठक में प्रत्येक लाभूक की स्थिती की समीक्षा की एवम आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद प्रखण्ड में कुल 469 आवास लम्बित हैं जिसके कारण वरीय पदाधिकारियों के द्वारा नाराजगी जाहिर की जा रही है। लम्बित आवास को हर हाल में जल्द से जल्द पूर्ण करवाना है। इसे लेकर 11 मई से प्रत्येक वृहस्पतिवार को झारखंड के सभी पंचायतों में आवास दिवस मनाया जायेगा। बैठक में आवास समन्वयक विजय कुमार, बीपीओ विष्णुकांत मिश्रा, पंचायत सचिव सूर्यदेव राम, वशिष्ठ तिवारी, संतु राम, समीम अंसारी, अभियंता पंकज यादव, पी एस एस कृष्णा यादव, हरमेन्द्र सिंह, प्रेमशिला कुमारी, जहेंद्र कुमार, मसूद आलम, जितेन्द्र कुमार, राहुल प्रजापति, सुधीर शर्मा, ममता कुमारी, सुधीर कुमार यादव,रोजगार सेवक राजेंद्र राम, मनीष चौधरी सहित कई स्वयं सेवक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

शहर के छः मुहान पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार गुरुवार को छहमुहान पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व कर रहे जगमोहन बांद्रा ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान में करीब 70 से 80 को पकड़ा गया जिसमें एक दर्जन से अधिक दोपहिया और तीन पहिया वाहनों का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट नहीं रहने की वजह से गाड़ियों को चालान कर दिया गया। उन्होंने अपील किया कि हेलमेट हाथ में रखकर नहीं चले उन्होंने गाड़ी चलाते समय हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी के कागजात अवश्य रखने की सलाह दी है। चेकिंग अभियान में संतोष कुमार समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना लाभुक दिवस का हुआ आयोजन

पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): ग्रामीण विकास झारखंड के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना जो अभी तक अपूर्ण है को प्रधानमंत्री आवास योजना अभियान के तहत पूर्ण कराए जाने को ले प्रखंड के हर एक पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना लाभुक दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रखंड के आठो पंचायत में अलग-अलग तिथि वार लाभुक दिवस मनाया जाएगा। गुरुवार 11 मई को छेछौरी पंचायत, 12 मई को पतरा पंचायत में, 13 मई को लोहड़ा पंचायत में, 15 मई को मुरमा पंचायत में, 17 मई को पंडवा पंचायत में, 18 मई को मझिगांव में, 19 को कजरी तथा 20 को गाड़ी खास पंचायत में मनाया जाएगा। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रखंड के छेछौरी पंचायत सचिवालय में लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर स्लोगन आपकी समस्याओं का होगा समाधान अब नहीं होगा कोई परेशान स्लोगन का बैनर पंचायत सचिवालय में लगाया गया। मौके पर पंचायत सचिव कमला प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को कहा कि आपकी सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन इस कैंप में किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया राजीव रंजन, आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, स्वयंसेवक दिलीप कुमार सहित दर्जनों उपस्थित थे।

पंचायत सचिवालय में जन वितरण प्रणाली की दुकान खुली

गांव में दुकान खुलने से तीन हजार की आबादी को होगा लाभ : प्रमुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : हैदरनगर प्रखंड के पश्चिमी पंचायत की मुखिया शाहनाज परवीन, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी के प्रयास से एक किलो मीटर दूर में संचालित जन वितरण प्रणाली की दुकान गुरुवार से हैदरनगर पश्चिमी के पंचायत सचिवालय में सिफ्ट हो गया है। इसका विधिवत उद्घाटन गुरुवार को फीता काट व नारियल फोड़ कर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, मुखिया शाहनाज प्रवीन, उप प्रमुख पप्पू पासवान व पंचायत समिति सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मुखिया शाहनाज प्रवीन ने कहा कि जन वितरण प्रणाली की दुकान एक किलो मीटर दूर रहने से भाई बिगहा, इस्लामगंज, शेखपुरा आदि मुहल्ले के लोगों खास कर महिलाओं को काफी परेशानी होती

थी। इसे देखते हुए अधिकारियों के सहयोग से पंचायत सचिवालय में स्थानांतरित कर दिया गया। जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिली है।उन्होंने अधिकारियों का आभार जताया है।बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर ने कहा कि ग्रामीणों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना जन प्रतिनिधि व प्रशासन का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि वो अपनी समस्या को लेकर किसी भी कार्य दिवस में उनसे सीधे मिलकर समाधान करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग संपन्न हैं, इनकम टैक्स देते हैं, उनका राशन कार्ड है, तो वह अपना राशन कार्ड बंद करा लें। पता लगने पर उन्हे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने कहा कि जन वितरण प्रणाली की दुकान पश्चिमी पंचायत सचिवालय में लाना उनके लिए बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से जिस काम को किया जाता है उसे पूरा कराने में ईश्वर भी मदद करते हैं। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए सभी अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने राशन दुकानदार से ईमानदारी के साथ काम करने की हिदायत दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि गांव में जन वितरण प्रणाली की दुकान खुलने से गांव की तीन हजार की आबादी, खास कर महिलाओं को काफी लाभ होगा। कार्यक्रम में उप प्रमुख पप्पू पासवान, अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह, पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता, राजीव शर्मा, फरजाना खातून, गुलशन आरा, अशरफ हसन, राजू खान, दुकानदार शंकर मेहता, आनंदी पासवान, परवेज अहमद के अलावा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

तरहसी का युवक लातेहार से गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : तरहसी प्रखंड मुख्यालय तरहसी से एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोप में आरोपी युवक 22 वर्षीय बिरबल कुमार पिता महेशा साव को लातेहार जिले के पोचरा से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही वहीं से लड़की को भी बरामद किया गया है। लड़की को बरामद करने के बाद पुलिस उसकी मेडिकल जांच और 164 के तहत बयान दर्ज करने के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। तरहसी के थाना प्रभारी जय प्रकाश पासवान ने गुरुवार को बताया कि 8 मई को तरहसी पंचायत क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के पिता ने थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इसी पंचायत क्षेत्र के रहने वाले 22 वर्षीय युवक बिरबल ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। 9 मई को मामला दर्ज किया गया और किया गया। अनुसंधान शुरू 10 मई को लातेहार के पोचरा से नाबालिक लड़की और आरोपी युवक को बरामद किया गया। पोचरा में आरोपी युवक का नाना का घर है। गुरुवार को जहां आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वही नाबालिक लड़की की मेडिकल जांच और न्यायालय में 164 के तहत बयान दर्ज करने के लिए मेदिनीनगर भेजा गया। आरोपी युवक फेरी कर इलेक्ट्रिक सामान बेचा करता था।

30 जून 2023 तक प्रधानमंत्री आवास निर्माण पूर्ण कराने का दिया गया निर्देश

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निदेशानुसार जिले के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अवसर पर मनातू प्रखंड के रंगिया और डुमरी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत स्तर के चिन्हित लाभुकों के साथ बैठक कर उनके साथ आवास निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर 30 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बता दें कि यह कार्यक्रम 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित की जाएगी।ज्ञातव्य है कि बीते दिनों राज्य सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा की गई थी जिसमे पाया गया कि इस योजना अंतर्गत अभी भी राज्य में 1,11,859 इकाई आवास लंबित है, जिसे 30 जून 2023 तक पूर्ण कराया जाना है। निर्धारित तिथि तक आवास पूर्ण कराने के क्रम में निर्माण कार्य में हो रही सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हेतु ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि 30 जून 2023 तक अभियान के तहत 11 मई से लेकर प्रत्येक गुरुवार को संपूर्ण झारखंड में एक साथ प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जाएगा।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 128

शुक्रवार
12.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

जब तक हम किसी भी काम को करने की कोशिश नही करते हैं, जब तक हमे वो काम नामुमकिन ही लगता है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 18°

क्विक न्यूज

पश्चिमी सिंहभूमः आईईडी विस्फोट में जवान घायल

पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के ईचाहातू जंगल में गुरुवार को आईईडी विस्फोट होने से सीआरपीएफ 60 वीं बटालियन का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार गोइलकेरा थाना क्षेत्र के ईचाहातू जंगल में सीआरपीएफ और जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान जवान जमीन में प्लांट आईईडी की चपेट में आ गया। आईईडी विस्फोट होने से सीआरपीएफ के जवान शेषमणि गंभीर रूप से घायल हो गया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल की भूमिका व महाराष्ट्र में साल भर पहले हुए सियासी उठापटक पर दिया बड़ा फैसला, कहा

प्रशासन पर रहेगा सरकार का नियंत्रण

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने अपना फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह सर्वसम्मति का फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने यह व्यवस्था दी कि जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर राष्ट्रीय राजधानी की बाकी प्रशासनिक सेवाओं पर दिल्ली सरकार का ही नियंत्रण है। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने इस मामले में सर्वसम्मति से फैसला सुनाया और 2019 के जस्टिस अशोक भूषण के फैसले से असहमति जताई। 2019 के फैसले में कहा गया था कि तमाम सेवाएं दिल्ली सरकार के दायरे से पूरी तरह बाहर है। सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के मुताबिक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों पर भी दिल्ली सरकार का नियंत्रण रहेगा, भले ही वे उसकी तरफ से नियुक्त न किए गए हों। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को अधिकारियों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं दिया गया तो जवाबदेही तय करने के सिद्धांत का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर अधिकारियों ने मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर दिया या उन्होंने मंत्रियों के निर्देश नहीं माने तो सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत पर असर पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केजरीवाल गदगद

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसफर पोस्टिंग के अधिकारों को दिल्ली सरकार के अधीन करने का जो फैसला सुनाया है उसके बाद आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार को नई संजीवनी मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद केजरीवाल सरकार और मजबूत हो गई है। इस फैसले के आते ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सचिवालय में मंत्रियों की बैठक बुलाई है। वहीं आप नेताओं की प्रतिक्रिया भी लगातार आ रही है।सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केजरीवाल काफी खुश हैं। उन्होंने ट्वीट कर जनता को बधाई दी है और कहा दिल्ली के लोगों के साथ न्याय करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट का तहे दिल से शुक्रिया। इस निर्णय से दिल्ली के विकास की गति कई गुना बढ़ेगी। जनतंत्र की जीत हुई।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से घटा दिल्ली के उपराज्यपाल का कद

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट का वे आयह फैसला दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण और अधिकार से जुड़ा है. इसे लेकर केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. इसी पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए साफ कर दिया कि दिल्ली की पुलिस, जमीन और पब्लिक ऑर्डर पर केंद्र का अधिकार है, लेकिन बाकी सभी मामलों पर चुनी हुई सरकार का ही अधिकार होगा. इतना ही नहीं,सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से एक तरह से उपराज्यपाल का कद भी घट गया है. सुप्रीम कोर्ट ने ये भी साफ कर दिया है कि पुलिस, जमीन और पब्लिक ऑर्डर को छोड़कर बाकी सभी दूसरे मसलों पर उपराज्यपाल को दिल्ली सरकार की सलाह माननी होगी.

गवर्नर को उद्धव से फ्लोर टेस्ट के लिए कहना गलत फैसला था

एजेंसी

नई दिल्ली : महाराष्ट्र में करीब सालभर पहले हुए सियासी उठापटक पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया। फैसले की सबसे बड़ी बात ये है कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे। लेकिन उनकी ये जीत उद्धव ठाकरे के इस्तीफे की वजह से हुई। कोर्ट ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट का सामना ही नहीं किया। खुद ही इस्तीफा दे दिया। ऐसे में अदालत इस्तीफा रद्द नहीं कर सकती है। हम पुरानी सरकार बहाल नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र गवर्नर का उद्धव सरकार से फ्लोर टेस्ट के लिए कहना गलत फैसला था। गवर्नर के पास बहुमत पर शक करने का ठोस आधार नहीं था।फैसले के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा- 'मैं गद्दार लोगों के साथ सरकार कैसे चलाता। शिंदे सरकार में नैतिकता नहीं है, नहीं तो वो आज इस्तीफा दे देती।' इस पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उद्धव ने नैतिकता नहीं बल्कि हार की डर के चलते इस्तीफा दिया। मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस और एनसीपी के साथ गए। जून- 2022 में एकनाथ शिंदे गुट की बगावत के बाद महाराष्ट्र विकास अघाड़ी गठबंधन सरकार गिर गई थी। 30 जून को शिंदे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस मामले में दोनों गुटों की तरफ से 6 याचिकाएं दायर की गई थीं। उद्धव ठाकरे और सरकार की बहाली पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उद्धव ठाकरे की महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार बहाल नहीं की जा सकती है। क्योंकि उद्धव ठाकर ने विधानसभा में फ्लोर टेस्ट का सामना नहीं किया। उन्होंने उससे पहले ही इस्तीफा दे दिया। ऐसे में तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का फैसला भी न्यायोचित है।

नेक इरादा निभा रहे वादा
नियुक्तियां लगातार...

झारखण्ड अभियोजन सेवा
अंतर्गत नियुक्त सहायक लोक अभियोजकों को
हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

PR NO-297183 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

विधायक ने किया जरिया पंचायत के गांव का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो प्रखंड के मुड़मु, हुलसी व मासु गांवों का गुरुवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की दौरा कर ग्रामीणों की समस्या सुनीं। गाँवो में विधायक के आने पर ग्रामीणों ने परम्परिक विधि विधान से स्वागत व अभिनन्दन किया। तत्पश्चात विधायक ग्रामीणों के साथ अखड़ा मे बैठकर उनका हाल चाल लिया, गाँवो की समस्याओ को सुना, कुछ समस्याओ को तत्काल निदान कराया और कुछ समस्याओ का जल्द निष्पादन करा देने की बात कहीं। बैठक में विधायक ने झारखंड सरकार द्वारा लाये जा रहे नये-नये योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया। उन योजनाओ का लाभ लेने का प्रकार भी ग्रामीणों को बतलाया, साथ मे यह भी ग्रामीणों से विधायक ने कहा कि सप्ताह मे एक दिन ब्लॉक भी जाया करे, और योजनाओं की जानकारी लें। विधायक बैठक मे यह भी कहा कि आप गांव मे किसी भी समस्या के समाधान करने मे दिक्कत हो रहा है तो सुबह मे हमारे आवास मे मिलें। ताकि उन समस्याओ का निचोड़ निकल सकूं। विधायक ने बैठक मे ग्रामीणों से शिक्षा सम्बन्धित विषय पर बात किया, कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्कूल भेजे, ताकि शिक्षित हो कर बड़ा आदमी बन सके, बड़ा आदमी बनकर अपनी परिवारिक स्थिति को एवं समाज को बदल सकें। मौके पर उप प्रमुख मोद्सीर हक,जिला परिषद बेरोनिका उरांव, विधायक प्रतिनिधि पंचू मिंज, समशाद आलम, मो. फहीम आलम, मन्कु कुजूर, सरोज लकड़ा, रवि उराव, पंचायत अध्यक्ष सुलेमान उरांव, आशा मनी मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

इटकी : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत इटकी प्रखंड के कुर्गी से कुच्छी भाया कुंबा टोली तक करीब साढ़े तीन किलोमीटर सड़क मरम्मती निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को मांडर विधान सभा क्षेत्र लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधिवत रूप से शिलापट से फीता काट व पर्दा हटा कर किया। मौके पर आयोजित सभा में विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सुगम आवागमन का होना आवश्यक है। कई विकास योजनाएं सरकारी प्रक्रिया में है। आमजनों को धर्य रखने और विकास योजनाओं में सहयोग करने की बातें कही। कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया रमेश महली, विभाग के जेई अजय मिस्त्री, संवेदक नूर मोहम्मद, समसुदीन खान , राजन किस्पोट्टा ,अबू माज, अबरार इमाम,मंज़र आलम, अब्दुल रहमान, सुंदर दास,राजेश तिर्की, सुनील मिंज, विष्णु महली सहित अन्य शामिल थे।

3 जून को लगने वाला पाड़हा जतरा को लेकर केन्द्रीय पाड़हा समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के बारीडीह पाड़हा मैदान में गुरुवार को केन्द्रीय पाड़हा समिति की बैठक ग्रामीणों के साथ किया गया। बैठक में आगामी 3 जून को लगने वाला पाड़हा जतरा को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम नव निर्वाचित 21 पाड़हा राजा महादेव उराँव और 12 पाड़हा राजा विशाल उराँव को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। केन्द्रिय पाड़हा संचालन समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि दिन में जतरा में खोड़हा, बाजा-गाजा, प्रतीक चिन्ह, झुला और कलाकार रहेंगे। रात में कोई भी कार्यक्रम नहीं करने का आग्रह किया। वहीं शराब की बिक्री जतरा स्थल से एक किलोमीटर तक नहीं करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पाड़हा अध्यक्ष जुगेश उराँव और राकेश भगत के द्वारा पाड़हा जतरा के एकीकरण का प्रस्ताव दिया। बैठक में संरक्षक नीलमनी भगत,धनंजय कुमार राय, भौवा उराँव,विश्वनाथ गोप, सुका उराँव, गोपाल उराँव, दिवान बिरवा उराँव, पाड़हा राजा महादेव उराँव,फगुवा टाना भगत, जगरनाथ भगत, लाल सत्य प्रकाश, धिनु उराँव, महेश टाना भगत, खुशी उरांव, तिला उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

कर्मियों की मांग को निष्पादित किया जाय

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने एनके एरिया महाप्रबंधक को पत्र जारी करते हुए बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार [illegible]-1999 के तहत नियुक्त कर्मियों की मांग को त्वरित गति से निष्पादन किया जाय. यूनियन ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष ससर्तें अपनी बातों को रखा कि [illegible] 1999 के कामगारों का इन्ट्रीट नियमित होने के उपरांत तीन वर्षों के बाद लग गया. जिसके कारण कामगारों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसके लिए संबंधित मामले को लेकर 111 कर्मियों ने माननीय उच्चतम न्यायलय की शरण में पहुँचे थे. माननीय न्यायलय के आदेशानुसार 26.09.2022 को अधिकारी के समक्ष श्रमिकों को अपना बात रखने को आदेश दिया गया है.माननीय उच्चतम न्यायलय के आदेश के आलोक में यूनियन एनके एरिया आग्रह करती है कि [illegible] 1999 के तहत नियुक्त कर्मियों की मांग को त्वरित गति से निष्पादित किया जाय. श्रमिको को मांग व समस्या को एनके एरिया जल्द निष्पादित नही करता है,तो पुनः न्यालाय के सारण ले सकते है. इसकी जानकारी सुनील सिंह सचिव सह क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य राष्ट्रीय कोयला मजदूर युनीयन डकरा ने दिया.

बकरियों में टीकाकरण किया गया

अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): गेतलसूद तथा मेढेटूंगरी गांव के बकरियों में [illegible]नामक महामारी से बचाव के लिए 640 बकरियों में टीकाकरण किया गया । टीकाकरण का कार्यक्रम डा. भरत महतो वैज्ञानिक पशुपालन, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी के मार्गदर्शन में आर्या परियोजना, [illegible]के अंतर्गत चलाया जा रहा है इस योजना के तहत बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए अनगड़ा के - विभिन्न गांवो में कार्यक्रम विगत 4 सालों से चलाया जा रहा हैं अब तक 19000 बकरियों में [illegible] चेचक तथा ई. टी. का टीकाकरण किया जा चुका हैं टीकाकरण शिविर के दौरान डा. भरत महतो के द्वारा बकरी पालन से संबंधित विभिन्न समस्याओ पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया । टीकाकरण अभियान का देख रेख दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डा. अजीत कुमार सिंह, डा. भरत महतो व प्रक्षेत्र सहायक कुलदीप कुमार महतो एवं गांव के समाज सेवी जगदीश महतो, रामजीत नायक, जीतेन्द्र महतो, राजेंद्र महतो, श्याम महतो, राजेश महतो, बीरेन महतो, जितेन्द्र कुमार महतो, बिन्देश बेदिया के द्वारा किया गया।

अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध विशेष जांच अभियान

खूँटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला में वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध कुल 201 निरीक्षण किया गया है। इसमें 74 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जो दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल में दूसरे स्थान पर है एवं 183 वाहनों को जब्त किया गया है। *साथ ही दण्ड स्वरूप 144.53 लाख रूपये की वसूली की गई है, जो दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल में सबसे अधिक है एवं राज्य में दूसरे स्थान पर है। खूँटी जिला में वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्रवाई में पत्थर खनिज 8910.48 टन एवं बालू खनिज 40,220.20 टन जप्त किया गया है। अवैध बालू भण्डारण मामले में कुल 18,720.00 टन बालू की निलामी की गई है, जिससे राज्य सरकार को 72.80 लाख रू0 का राजस्व प्राप्त हुआ है । खूँटी में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2200.00 लाख रू0 के लक्ष्य के विरूद्ध 2409.19 लाख रू0 प्राप्त हुए है। साथ ही पत्थर खनिज के समाहरण में वित्तीय वर्ष 2021-22 के समाहरण 393.86 लाख रू0 के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2022-23 में 964.04 लाख रू0 का समाहरण हुआ है जो 144.76 प्रतिशत की वृद्धि है। उक्त जानकारी जिला खनन पदाधिकारी, खूंटी द्वारा दी गई है।

मांडर में चोरों के हौसले बुलंद

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर थाना अंतर्गत बरगड़ी पंचायत के हुन्डार टोंगरी से अज्ञात चोरों ने चार पोल का बिजली तार चोरी होने की खबर आ रही है। जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह 5 बजे तीन से चार अज्ञात चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे तभी खेत मे सिंचाई कर रहे किसानों ने देख इसका विरोध कर चोर चोर कह चिल्लाने लगे। किसानों को चिल्लाते देख चोरों ने काटे हुए तार को समेटकर फरार हो गए। बताया जाता है कि चोरो ने एक ओमनी वैन और एक सीबीजेड बाइक से आये थे। अचानक किसानों को चिल्लाते देख सिबिजेड बाइक JH01AN0824 को छोड़ तार को ओमनी वैन में समेटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मांडर थाना को ग्रामीणों के द्वारा दे दिया गया है।

पुल पर सड़क की मरम्मत कराई गई

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली बुंडू मार्ग पर सिल्ली में बने रेलवे पुल पर सड़क धसान की मरम्मत करा दी गई है। इससे पुल पर से गुजरने वाले वाहनों की परेशानी कम हो गई है। ज्ञात हो कि पिछले छह महीने से भी ज्यादा समय से पर सड़क में धसान आ गई थी।इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने सिल्ली राजेश साहू के नेतृत्व में रेलवे डीआरएम शीघ्र बरामद करने की मांग की थी। जिससे डीआरएम ने दो दिनों में के अंदर काम करने का आश्वासन दिया था। निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर ग्रामीणों द्वारा बधाई दी है।

बुंडू के ताऊ मैदान में हजारों कॉमरेडों ने शहीद मेला के जरिए शहीदों को याद किया

बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची जिला अंतर्गत बुंडू के ताऊ मैदान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी रांची जिला कमेटी एवं किसान सभा के तत्वाधान में शहीद मेला का आयोजन किया गया। सीपीआईएम के हजारों कार्यकर्ताओं ने बुंडू अनुमंडल कार्यालय के गेट के सामने एकत्रित होकर बुंडू बाजार नवरात्रि टोली काली मंदिर सुभाष चौक महावीर मंदिर बिरसा चौक धुर्वा मोड़ बिचका टोली होते हुए पंच परगना के प्रसिद्ध ताऊ मैदान पहुंचे जहां पर सीपीआई जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड रामधन मछुआ के द्वारा झंडोत्तलन किया गया उसके बाद उन 69 शहीदों के शहीद वेदी पर सीपीआईएम के प्रथम झारखंड राज्य सचिव एवं केंद्र कमेटी सदस्य कॉमरेड ज्ञान शंकर मजूमदार ने माल्यार्पण किया उसके बाद राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश विप्लव अखिल भारतीय किसान सभा के कोषाध्यक्ष कॉमरेड कृष्णा प्रसाद अखिल भारतीय संयुक्त संयुक्त सचिव अवधेश कुमार झारखंड राज किसान सभा अध्यक्ष सुफल महतो झारखंड राज्य किसान सभा सचिव सुरजीत सिन्हा सीपीआईएम रांची जिला सचिव कॉमरेड सुखनाथ लोहरा तमाड़ विधानसभा प्रभारी एवं राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा कॉमरेड दिवाकर मुंडा कामरेड मंगल मुंडा कॉमरेड जोहर लाल मुंडा कपिल महतो अमित मुंडा विकास मुंडा रीता स्वांशी रामधन मछुआ अनूप दत्ता अमन कुमार रंजीत कुमार मोदक भवन सिंह रंगोवती देवी सहित सैकड़ों लोगों ने शहीद वेदी पर माल्यार्पण किया।

झारखंड पब्लिक स्कूल में महाकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती मनाया गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर, डकरा में महाकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 162 वी जयंती सादे समारोह का आयोजन कर मनाया गया. कार्यक्रम का शुरुआत शिक्षकों के द्वारा रवीन्द्रनाथ टैगोर के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया.विद्यालय के उप प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि जयंती का उद्देश्य बच्चों में महापुरुषों के गुणों को उतारना है. विद्यालय के अन्य शिक्षकों और बच्चों ने भी रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला. इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही.

जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में पुरनाडीह परियोजना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक आवश्यक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता जे एम एस अध्यक्ष क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री गोल्डन प्रसाद यादव व संचालन क्षेत्रीय सचिव श्री डीपी सिंह ने किया. बैठक में पुरनाडीह शाखा के सर्वसम्मति से इंसान गंझू को अध्यक्ष के पद पर चुनाव किया गया. एवं मोहम्मद शमीम अख्तर को संयुक्त सचिव बनाया गया. बैठक में मुख्य रूप से तुपा महतो,रविन्द्र उरांव, विपिन कुमार साह, जलेसर उरांव, सर्वजीत उरांव,बबलू राम,केदार कुमार राणा, बिरला उरांव, महेश मुंडा, लंबोदर किशन सहित अन्य लोग मौजूद थे.

आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे नीरज गंझू उर्फ नीरज भोगता के घर में मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी ने इस्तेहार चिपकाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : मैकलुस्कीगंज थाना कांड संख्या 28/20 दिन 20/08/20 धारा 302/120 (3) (34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट लिप्त फरार चल रहे अपराधी नीरज गंझू उर्फ नीरज भोगता पिता पुनीत गंझू ग्राम कुरनाली, थाना-सिमरिया (शीला ओ0पी0) जिला चतरा तथा वर्तमान पता- पीपरटोली, बुद्धवानगर, अरगोड़ा थाना अरगोड़ा जिला राँची के निवासी है. जो मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र से कांड में फरार है. उनके वर्तमान पता पीपरटोली बुद्धवानगर, अरगोडा स्थित आवास पर मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से अथवा ढोल वाजा के साथ एवं स्थानीय लोगों के साझा कर नीरज गंझू के आवास पर इस्तेहार चिपकाया गया. अपराधी के 27आर्म्स एक्ट में लिप्त के अनुसंधान कर्ता पु0 अ0 नि0 राणा जंग बहादुर सिंह स्वय कर रहे है।

खलारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): खलारी प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी का एक बैठक लपरा पंचायत के विकाश नगर स्थित बिहारी ढाबा के सभागार में किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी व संचालन गोपाल सिंह ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से लपरा पंचायत में कॉंग्रेस कमिटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष, विजय मुंडा, उपाध्यक्ष राजन राम, सचिव, बबलु कुमार सिन्हा, महासचिव मनोज उरांव, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता को बनाया गया. बैठक में मुख्य रूप से खलारी प्रखंड कमिटी से सुरेन्द्र चौहान, बाबु खान, संजय राम, अज़मूल अंसारी,आलोक कुमार, राजेश गंझू, विनय कुमार, राजेन्द्र करमाली, आशीष यादव,सुमित कुमार दास ,करमबीर कुमार, गणेश कुमार, चंचल उरांव, कृष्णा भगत, मंटु लोहरा, बुलंद लोहरा, विजय लोहरा,पवन सिंह, धनोखी घटवार, चरका लोहरा,भूनु लोहरा,सहित अन्य नवनिर्वाचित कार्यकर्ता मौजूद थे.

मोनेट कोलवाशरी में हेल्थ सेंटर का उद्घाटन

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मेसर्स मोनेट डेनियल कोल वाशरी लिमिटेड में कर्मचारियों के लिये इंमरजेंसी हेल्थ सेंटर का उद्घाटन किया गया. हेल्थ सेंटर का उद्घाटन मोनेट जी एम के एस राव ने फीता काट कर किया. इस दौरान श्री राव ने कहा कि मोनेट कोल वाशरी में कंपनी वैकलिपक चिकित्सक एमबीबीएस डॉ0 जितेंद्र कुमार का पदस्थापन किया गया है. जो मोनेट के कर्मचारियों के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल गया है. आने वाले समय में सीएसआर के तहत गांव ग्राम गरीबों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर व मोनेट में भी हेल्थ सेंटर उपलब्ध किया जायेगा. मौके पर डी सिंह,मनोज कुमार सवाई,एस आर आचार्य,अरुण सिंह,एमडी आफताब,आर आर चौधरी,निरंजन कुमार,इस्माइल अंसारी,गजाधर तिवारी,ओ पी पांडेय,संतोष सिंह,राकेश कुमार सिंह,गोविंद झा,राकेश महतोसहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे.

तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली पतराहातु हाई स्कूल मैदान में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान दिल्ली की ओर से आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ सम्पन। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। इस अवसर में आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी धनंजयानंद जी ने कहा कि ईश्वर को तर्क बुद्धि और शाब्दिक ज्ञान द्वारा नहीं जाना जा सकता है । उस ईश्वर को मात्र आत्मज्ञान ब्रह्म ज्ञान द्वारा जाना जा सकता है। एक मधुमक्खी तब तक पुष्प के चारों ओर मंडराती है चक्कर लगाती है जब तक वह पुष्प से मधुर रस का आनंद नहीं ले लेती रस पीते ही मधुमक्खी शांत व स्थिर हो जाती है ठीक इसी प्रकार मनुष्य भी विभिन्न तर्कों, मतों, सिद्धांतों में तभी तक उलझा रहता है जब तक की ईश्वर की दिव्य अनुभूतियों का आनंद नहीं प्राप्त कर लेता। अलौकिक अनुभवों का रस चखते ही मानव की बेचैनी उसका भटकाव समाप्त हो जाता है और जीवन में वास्तविक आनंद वो शांति का अनुभव प्राप्त कर पाता है। साध्वी रंजना भारती जी ने कहा कि जिन्ह हरीभक्ति हृदय नहीं आनी जीवित शव समान तेहि प्राणी। अर्थात जिन्होंने भगवान की भक्ति को हृदय में स्थान नहीं दिया वह प्राणी जीते जी शव के समान है। आज भगवान को मानने वाले सभी लोग भक्ति कर रहे हैं और यह भी कहते हैं कि भगवान एक है लेकिन भक्ति के अनेकों तरीके जीवन में अपनाता है विचार करना है की अगर भगवान एक है तो भक्ति का मार्ग अनेकों कैसे हो सकता है।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर ग्राम सभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न स्तरों में SBM-G, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्राम स्तरों पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन का विभिन्न प्रकार के संरचनाओं का निर्माण किया जाना है। ग्राम स्तर पर चलने वाले अभियान में संबंधित विभागों के अलावा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं, पंचायती राज प्रतिनिधि, जलसहिया के साथ चर्चा-परिचर्चा, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर श्रमदान कर अपशिष्ट पदार्थो का संग्रण व पृथकीकरण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर निर्मित संरचनाओं एवं कचरा प्रबंधन को स्थायित्व प्रदान पर विशेष चर्चा-परिचर्चा, आवश्यकतानुसार नए शौचालय निर्माण के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया की गई। आज विभिन्न प्रखंडों में आयोजित ग्राम सभा के दौरान शौचालयों का उपयोग किया जाय तथा जीवन में अच्छी आदतों को अपनाना होगा। इस प्रयास से पर्यावरण और जल को सुरक्षित एवं संरक्षित रख सकेंगे। साथ ही ग्राम सभा का आयोजन करते हुए हर घर में जल से संबंधित सर्टिफिकेशन प्राप्त करना है।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बोकारो

-:: अल्पकालीन निविदा ::-

मनरेगा अन्तर्गत **''बिरसा हरित ग्राम योजना''** के तहत बोकारो जिला में गुणवतापूर्ण Grafted/ Layered आम, अमरूद, नीम्बू, कटहल एवं Drum Stick आदि की खरीदारी के लिए दर निर्धारण हेतु मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N)507(अनु0), दिनांक 12.04.2023 एवं सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रॉंची के पत्रांक (N) 543(अनु0), दिनांक 21.04.2023 द्वारा दिशा–निर्देश एवं समय–सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB (National Horticulture Board) द्वारा निबंधित नर्सरियों से जिनका झारखण्ड राज्य अन्तर्गतत GST No हो, के द्वारा पौधों का क्रय करने हेतु निर्देश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 256/मनरेगा दिनांक 27.04.2023 द्वारा निविदा निर्गत करते हुए ज्ञापांक 258/मनरेगा दिनांक 27.04.2023 से निविदा का प्रकाशन करते हुए दिनांक 13.05.2023 के अपराह्न 01.00 बजे तक निविदा समर्पित करने की तिथि निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा की तिथि को निम्नवत् विस्तारित किया जाता है :–

1. इच्छुक निविदादाता **दिनांक 20.05.2023 के अपराह्न 01.00** बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बोकारो में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
2. प्राप्त मुहरबंद निविदाऐं को **दिनांक 20.05.2023 के अपराह्न 4.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
3. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी बोकारो के वेबसाईट **www.bokaro.nic.in** पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बोकारो से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,बोकारो

PR 297180 (District)23-24*D

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय मंडल कारा, गुमला

ई0–निविदा सूचना

eTender – HJ & DM/DJ – GUMLA/Q-3/2023/letter No. 907

1. **कारा का नाम**– मंडल कारा, गुमला।
2. **विषय**– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण।

वर्ष 2023 के तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.07.2023 से दिनांक–30.09.2023 तक।

3. **निविदा प्रपत्र का मूल्य** (Non-Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार हैः–
   (i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) 10.00 लाख से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।

4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि 25.05.2023 से 01.06.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि 25.05.2023 से 01.06.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक 05.06.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 06.06.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– दिनांक 07.06.2023 को अपराह्न 03:00 बजे, उप विकास आयुक्त, गुमला द्वारा अधिकृत कार्यपालक पदाधिकारी, विकास शाखा–सह अध्यक्ष, कारा क्रय समिति, गुमला की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
काराधीक्षक,
मंडल कारा, गुमला

PR 297171 (Home)23-24*D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

आम सूचना

नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत सभी मकान मालिकों/जमीन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वैश्विक महामारी **Novel Corona Virus Covid-19** के संक्रमण को देखते हुए विभाग द्वारा **Holding Tax, Water User Charges** एवं **Trade License Fee** के भुगतान हेतु ऑनलाईन भुगतान करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2023–2024 के **Holding Tax** का ऑनलाईन भुगतान करने पर **15%** तक की रियायत भी दी जा रही है। ऑनलाईन **Holding Tax** भुगतान करने की प्रक्रिया निम्नवत हैः–

First Step: **Visit Website: - https://suda.jharkhand.gov.in/**
Second Step: 01. Property Tax Payment के लिए Pay Property Tax पर जाए।
02. Water User Charge Payment के लिए Pay Water User Charge पर जाए।
03. Municipal License के लिए Apply for Trade License पर जाए।
Third Step: List में से Chatra Municipal Corporation को चुन कर आगे बढ़े।
Fourth Step: वार्ड सं0 व होल्डिंग नं0 दर्ज कर सर्च करें।
Fifty Step: View Button को दबाए।
Sixth Step : अब Pay Property Tax पर जाए।
Seventh Step: आवासीय भवन के मालिक महिला/वरिष्ठ नागरिक/सशस्त्रबल व्यक्ति/दिब्यांग/ट्रॉन्सजेडर वर्ग में 5% की विशेष छूट पाने के लिए **"Apply for Concession"** Button दबाकर आगे बढ़े एवं उम्र का प्रमाण पत्र अपलोड करें।
Eighth Step: Checkbox को दबाकर Pay Property Tax Online पर जाए।
Ninth Step : अब क्रेडिक कार्ड/डेबिड कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग अथवा NEFT/RTGS के माध्यम से भुगतान करें।
Note :- Water User Charges एवं Trade License Fee के लिए भी इसी प्रकार से भुगतान किया जा सकता है।
अतः आम नागरिकों से अनुरोध है कि वे विभिन्न प्रकार के टैक्स अपने घर से ऑनलाईन वेबसाईट suda.jhakhand.gov के माध्यम से भुगतान करें एव विशेष छूट का लाभ उठावें ।
किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु हेल्प लाईन नं0–9939124269 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

PR297100 (Urban Development)23-24*D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शुक्रवार, 12 मई 2023 | पेज 5

पौधरोपण कर टेनिकोइट समर कैंप का शुभारंभ

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड टेनिकोइट के तत्वधान में बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर में समर कैंप 15 दिनों का आयोजन किया गया है छात्रों और खिलाड़ियों ने पौधरोपण करके कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अली रजा खान उपस्थित थे। कोच साहबउद्दीन ने कहा कि कैंप शुरुआत पौधा लगाकर करने का मुख्य उद्देश्य है के बच्चों के बीच खेल के साथ-साथ पर्यावरण का महत्व भी बताया जाए। अली रजा खान ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक है । अगर पढ़ाई के बाद बच्चों को समय मिले तो कुछ घंटे खेल के मैदान में समय बिताए। इस अवसर पर सौरो दास, सिंगो टूडू ,अंजलि, फरासत, श्रीकांत, हर्ष तिवारी, प्रत्यूष, प्रमाणिक, रंजीत आरिज ,अंकिता भारती, सहदेव आदित्य, अन्य उपस्थित थे।

गुलमोहर हाई स्कूल में समर कैंप आयोजित

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): गुलमोहर हाई स्कूल द्वारा 8 मई 2023 से 10 मई तक कक्षा चार से आठवीं तक के छात्रों के लिए आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ। शिविर में छात्र रचनात्मकता, संचार, महत्त्वपूर्ण चिंतन, समस्या समाधान, समय प्रबंधन और उत्तरदायित्व, करुणा, आध्यात्मिकता, क्षमता संवर्द्धन जैसे कौशल सीखें। कुछ मुख्य कार्यक्रम थे - एक्वायर एन एस्थेटिक, ट्रेजर हंट, कोयल इन माय नेस्ट (कहानी-लेखन), स्टेज सुपरस्टार, यम्मी यम विद मम, फ्यूचर डिजाइनर और वॉक ऑफ ग्लोरी। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या प्रीति सिन्हा और उप प्राचार्या अर्चना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यक्रम के प्रोसेस ओनर गार्गी मुखर्जी, शशिकला मुनका और ऋचा कुमार थे, जिनकी बुद्धिमत्ता और प्रबंधन से यह कार्यक्रम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हो सका। प्राथमिक और उच्च विद्यालय के कई संकाय सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्ण समर्थन दिया गया।

अपर उपायुक्त से केपीएस सड़क का सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा जिले के अपर उपायुक्त सुबोध कुमार को ज्ञापन सौंपकर केपीएस सड़क का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि केरला पब्लिक स्कूल के समीप सड़क की चौड़ाई करीब 30 से 40 फीट है। इस सड़क पर अतिक्रमण होने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे खासकर विद्यालय के बच्चों एवं अभिभावकों को स्कूल जाने-आने में काफी परेशानियां हो रही है। साथ ही, वहां घंटों सड़क जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। शीघ्र उक्त मार्ग से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो भविष्य में यह समस्या काफी जटिल हो सकती है। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह, विकास कुमार शर्मा, मुखिया निरोला सरदार, उप मुखिया रेणु महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह आदि मौजूद थे।

छात्रा तन्नू साहू को खगेन महतो ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता): एनसीईआरटी द्वारा आयोजित गुरु तेगबहादूर के ऑनलाइन और ऑफलाइन जीवनी लेखन में पूरे झारखंड में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाली सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के जाहेरडीह के रहने वाली 10 वी कक्षा की छात्रा तन्नू साहू को निवास स्थान पर जाकर समाजसेवी खगेन महतो ने सम्मानित किया। समाजसेवी खगेन महतो ने कहा पुरे भारतवर्ष से 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमे हमारे ईचागढ़ विधानसभा से एक ही छात्रा अव्वल हुए जो गौरव की बात है।

बारातियों लेकर आई बस ने एक बाराती को कुचला

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़चिड़का गांव से बारातियों को लेकर बुधवार की देर रात पटमदा के महुलबना गांव पहुंची एक बस ने एक बाराती को कुचल दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़चिड़का निवासी दूल्हा उमेश महतो की बारात महुलबना गांव पहुंचने के बाद बस से यात्रियों को उतारा जाने लगा। इसके बाद बिना देखे ही बस चालक ने बस को सुरक्षित जगह पर रखने के लिए बैक करने लगा और पीछे खड़े बड़चिड़का निवासी करीब 62 वर्षीय किष्टे महतो उसकी चपेट में आ गए। पिछले चक्के में दब जाने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए और आनन-फानन में उन्हें माचा स्थित पटमदा सीएचसी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना को शादी होने तक दबाये रखा और शादी के बाद घोषित किया गया कि दूल्हे के पिता का मामा किष्टे महतो की मौत हो चुकी है। किसी तरह से शादी की रस्म को पूरी करके दूल्हा-दुल्हन को विदाई दी गई। पटमदा थाना में मृतक के पुत्र कार्तिक महतो की लिखित शिकायत पर बस चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

टाटा स्टील माइनिंग को जैव विविधता प्रबंधन में उत्कृष्टता से किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

नई दिल्ली/जमशेदपुर : टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (**TSML**) को **CII ITC** सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स 2022 में इसके संचालन क्षेत्रों के आसपास जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में की गई अनुकरणीय पहल के लिए जैव विविधता प्रबंधन में उत्कृष्टता से सम्मानित किया गया है। नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित एक शानदार समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड के सीनियर जनरल मैनेजर राजर्षि पालित ने कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। टीएसएमएल द्वारा प्रजातीय खाद्योत्सव, ग्रीन थेरेपी, जैबकला विविधता, स्थानीय रेशमकीट प्रजाति सुकिंदा इकोरेस, बटर फ्लाई गार्डन, औषधीय पार्क के लिए संरक्षण उपायों जैसे सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों ने पुरस्कार के मूल्यांकनकर्ताओं से प्रशंसा अर्जित की। पंकज सतीजा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड ने कहा कि, ÷हमें यह पुरस्कार प्राप्त करने पर काफी खुशी हो रही हैं जो टीएसएमएल में जैव विविधता के संरक्षण और सस्टेनेबल संचालन अभ्यासों की दिशा में हमारी टीम के प्रयासों की पहचान है। यह सम्मान टीम को इस कार्य के लिए लंबा सफर तय करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने हेतु प्रेरित करेगा। इस पुरस्कार के लिए हमें मौका प्रदान करने के लिए हम जूरी को धन्यवाद देते हैं।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई लकड़ी लदे दो वैन जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : ईचागढ़ थाना की पुलिस ने बुधवार रात को रात्रि गश्ती के दौरान नागासेरेंग मोड़ के पास से बोटा लकड़ी लदे दो 407 वैन को जब्त किया है। इस संबंध में दूरभाष पर जानकारी देते हुए ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने बताया कि रात्रि में पुलिस गश्ती किया जा रहा था, इसी दौरान दो 407 वैन आते दिखाई दिया, जिसे पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया। 407 वैन के चालकों एवं उक्त दोनों वैन को जब्त किया गया। इधर जांच के बाद दोनों 407 वैन को जब्त कर पुलिस सुरक्षार्थ ईचागढ़ थाना ले गयी। ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने बताया कि ईचागढ़ थाना में कांड दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है। हालांकि लकड़ी किस का है, ओर कहाँ ले जाया जा रहा रहा था, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। ईचागढ़ पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि मौके से दोनों वैन का चालकों को भी गिरफ्तार किया गया है। इधर ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने कहा कि ईचागढ़ थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कारोबार को फलने-फूलने नही दिया जाएगा।

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने बिना शर्त मांगी माफी

अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने 2007 में दर्ज कराई था मुकदमा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : उत्तर भारतीयों बिहारियों समेत हिंदी भाषियों के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी कर क्षेत्रवाद फैलाने विष वमन और धमकी देने के कारण महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को अंततः माफी मांगनी पड़ी। मालूम हो कि दिनांक 9 मार्च 2007 को मुंबई सायन षणमुखानंद सभागार में मनसे का स्थापना दिवस मनाने के वक्त सभा में राज ठाकरे ने कहा था कि महाराष्ट्र में मराठीयों का सम्मान करो वरना थप्पड़ के लिए तैयार रहो, नहीं तो कान पकड़कर खदेड़ा जाएगे। उत्तर भारतीयों बिहारियों और हिंदी भाषियों के प्रति गैर संवैधानिक भाषा एवं आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर स्थाई निवासी छपरा तरैया एवं जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने सोनारी थाना में 11 मार्च 2007 को मनसे प्रमुख राज ठाकरे के विरुद्ध उत्तर भारतीयों के सम्मान को ठेस पहुंचाने को लेकर लिखित शिकायत की, मगर जिला पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर 13 मार्च 2007 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जमशेदपुर के न्यायालय में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर राज ठाकरे के विरुद्ध शिकायतवाद दायर की। इस बाबत 13 मार्च 2023 को दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस जसमीत सिंह के न्यायालय ने उपरोक्त मुकदमा में मनसे प्रमुख राज ठाकरे के द्वारा माफीनामा स्वीकृत करते हुए अपना निर्णय सुनाते हुए उपरोक्त मुकदमा को समाप्त कर दिया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश आने पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि उत्तर भारतीयों बिहारियों हिंदी भाषियों के लिए सम्मान की जीत है एवं न्यायालयों, सहयोगी, जमशेदपुर निवासी, पत्रकार एवं उत्तर भारतीय बिहारियों द्वारा दिए गए हौसले एवं समर्थन के प्रति आभार जताया।

बायोमेट्रिक हाजिरी को ले प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीईईओ को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पटमदा प्रखंड इकाई के द्वारा बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने एवं निजी मोबाईल द्वारा बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने की बाध्यता पर रोक लगाने की मांग करते हुए बुधवार को पटमदा बीईईओ प्रभाकर कुमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा है कि विद्यालयों में बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने हेतु विभाग द्वारा कई वर्ष पूर्व उपलब्ध कराये गये टैब के ख़राब हो जाने गई है। विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा विभाग को जानकारी देने के बावजूद अब तक विद्यालयों को टैब एव अन्य आधारभूत संरचना उपलब्ध नहीं कराया गया है ढ्ढ संघ के सचिव प्रबोध कुमार महतो ने बताया कि बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं बनाने पर शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाता है। जिसके कारण शिक्षक निजी मोबाइल से बायोमेट्रिक हाजिरी तथा अन्य विभागीय कार्य करने हेतु बाध्य हो जाते है। जबकि सरकारी कार्य में शिक्षकों के निजी सम्पति (मोबाईल) के प्रयोग हेतु बाध्य करना कानूनन अवैध है । उन्होंने बताया कि कई विद्यालयों में चार-पांच या इससे अधिक शिक्षक पदस्थापित हैं। वहां केवल एक टैब उपलब्ध कराया गया है। जिससे विद्यालय आगमन हेतु निर्धारित समय में बायोमेट्रिक हाजिरी करने कि शिक्षकों में आपाधापी रहती है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मीकांत महतो, सचिव प्रबोध कुमार महतो, राजेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

विधायक व रेंजर विमद ने हाथियों को मानव से बचाव को ले किया जागरुकता रथ रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : पोटका विधायक संजीव सरदार और जादूगोड़ा रेंजर विमद कुमार ने हाथियों को मानव से बचाव को लेकर आज पोटका प्रखंड क्षेत्र के हरिना से जागरूकता रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ पोटका व राखा माइंस वन प्रक्षेत्र में घूम- घूम कर जीव जंतु की रक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। इस दौरान जंगल को अग्नि से बचाव, जगली जानवरो से अपने को सुरक्षित रखने, गर्मी में जानवरों की पानी को व्यवस्था, सांप काटने के बाद उपचार के तरीके के बाबत ग्रामीणों को जागरूक करेगा। इस रथ को पोटका विधायक संजीव सरदार ,जादूगोड़ा के रेंजर विमद कुमार, सौरभ बांसुरी, राकेश कुमार घटवारी व मंगल महतो ने प्रचार रथ को हरा झंडी दिखाकर रवाना किया।

हजरत चुनाशाह बाबा के चादरपोशी में शामिल हुए सैकड़ों अकीदतमंद लोग, मांगी दुआएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बिष्टुपुर स्थित हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 54 वाँ सालाना उर्स शरीफ के तीसरे दिन आज सुबह 10 बजे दरगाह में कव्वाली का आयोजन हुआ और दोपहर 12 बजे गद्दी नशी ताज अहमद के नेतृत्व में चादर व संदल गस्त दरगाह से बड़े धूमधाम से निकला, जिसमे काफी संख्या में दूर दराज से आए जायरीन शामिल हुए। चादर बिष्टुपुर टिस्को गेट से बिष्टुपुर मेन रोड होते हुए वापस दरगाह पहुंचा। ठीक दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर गद्दी नशी ताज अहमद के देखरेख में दरगाह कमिटी की चादर पोशी हुई, जिसमे सैकड़ों की संख्या में जायरीन उपस्थित होकर दुआएं मांगी। दोपहर 2 बजे से लंगर वितरण हुआ। रात 9 बजे से कव्वाली का आयोजन हुआ जिसमें बिहार नवादा से जानी वारिश कव्वाल और कोलकाता से शाह वारसी कव्वाल ने बाबा के खिदमत में बेहतरीन कलाम पेश किया। कल उर्स का अंतिम दिन 2 बजे दिन से लंगर वितरण होगा और रात 9 बजे से देश के महशूर कव्वाल महबूब ताज, कानपुर और शाबीर सैफ अली चिश्ती कव्वाल, बनारस महफिले शमा में सूफिया कलाम पेश करेंगे। इस अवसर पर दरगाह दरगाह कमेटी के सचिव एस एम कुतुबुद्दीन, गद्दी नशी ताज अहमद, अब्दुल वहाब, अजीबुल अंसारी, फारूक अहसन, हाजी वसीम, डॉक्टर जिया अहमद, रामावतार जांगिड़, जेपी सिंह, नाज अहमद, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद अफजल, मौलाना हफीजुद्दीन खतीब, बिष्टुपुर मस्जिद, मौलाना मोहम्मद इजहार अहमद खतीब व इमाम, बिष्टुपुर जामा मस्जिद, हाफीज व कारी मौलाना मोहम्मद कलीम कैंसर जुगसलाई आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

नव नियुक्त बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : प्रखंड सभागार में आदित्यपुर नगर निगम के नव नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को द्वितीय स्तर का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बीएलओ के मोबाइल में बीएलओ ऐप पंजीकृत किया गया। राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर सह जेएसएस दयानंद प्रसाद ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने शिक्षकों के स्थान पर बीएलओ बने सेविका, सहिया एवं अन्य विभागीय कर्मियों से प्रशिक्षण से लाभ उठाने की अपील की। बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार सहायक शिक्षक एवं पारा शिक्षकों को बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के रुप में प्रतिनियुक्ति से मुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर आदित्यपुर नगर निगम एवं पंचायत क्षेत्र के नए प्रतिनियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, अप्रवासी भारतीय का नाम चढ़ाने एवं हटाने, आधार से मतदाता सूची को लिंक करने, सूची से नाम हटाने एवं अन्यत्र स्थानांतरित करने, मतदाता सूची शुद्धिकरण में संशोधन स्थानांतरण एवं प्रविष्टि आदि के लिए प्रपत्र 6, प्रपत्र 6ए, प्रपत्र 6बी, 7 एवं 8 के संदर्भ में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर शंकर कुमार सतपथी, रंजित कुमार आदि की ओर से प्रशिक्षण दिया गया।

तीन योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में विधायक सविता महतो ने गुरुवार को लघु सिंचाई विभाग से करीब 51 लाख की लागत से निर्माण होने वाले तीन तालाब जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने जाहीरडीह तालाब का करीब 17.50 लाख,कुटाम में करीब 14.50 लाख तथा चिमटीया में करीब 19.22 लाख के लागत से तीन तालाब का जीर्णोद्धार किया। तालाबों का जीर्णोद्धार हो जाने से सैकड़ों एकड़ जमीन पर पटवन होगा। पटवन के अलावे ग्रामीणों का नहाने व गांवों का जल स्त्रोत भी ठीक रहेगा। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि योजनाओं का निर्माण होने से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। लोगों के मांग को देखते हुए सभी जरुरत कार्यों को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दिनो दिन भुगर्भ जल का लेयर नीचे जा रहा है, यह एक चिंता का विषय है। कहा कि ऐसे में पारम्परिक ग्रामीण तालाबों का जीर्णोद्धार हो जाने से वाटर लेवल हद तक मेंटेन हो सकता है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, किसुन किस्कु, शशांक शेखर महतो, पंचानन पातर आदि झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

देश भ्रमण पर निकला कर्नाटक का कृष्णा लोगों को कर रहे हैं योग व पर्यावरण के प्रति जागरुक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जवागल श्रीनाथ के पड़ोसी कर्नाटक के मैसूर निवासी युवा कृष्णा नायक तिरंगा झंडा लिए करीब 7 माह पहले घर से भारत भ्रमण पर निकला है। अभी तक 9 राज्यों कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओड़िसा, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल का भ्रमण कर चुके हैं। वे खासकर स्कूल व कॉलेजों में जाकर छात्रों को योग एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन 9 राज्यों में पैदल यात्रा के दौरान हर जगह लोगों का समर्थन व सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि 2 सालों के दौरान 28 राज्यों का पैदल दौरा करने का लक्ष्य है। बुधवार को ही झारखंड में प्रवेश किया है और रात को पटमदा के लावा में रात्रि विश्राम कर चुके हैं। वे बताते हैं कि कोरोना काल में जब लोगों को असमय मौत का शिकार होते देखा तो मन में यह विचार आया कि लोगों को योग क्रिया एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाय। गुरुवार की सुबह बेलटांड़ चौक पहुंचने पर लावा के ग्राम प्रधान सह पंसस बृंदावन दास के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और जलपान कराया। मौके पर राजशेखर महतो, विनय कुमार दत्त व महेश्वर दास आदि लोग मौजूद थे। इस संबंध में बृंदावन दास ने कहा कि देश का एक युवा जो देशवासियों को जागरूक करने के लिए जो दौरा कर रहे हैं उनका सम्मान करना व हौंसला बढ़ाना हमारा दायित्व है।

मयूरभंज में पीएन बोस ने खोजा लौह अयस्क भंडार, जमशेदपुर में जेएन टाटा ने लगाया आयरन एंड स्टील कंपनी

पीएन बोस की जयंती आज

वकील उद्दीन@प्रभात मंत्र

जमशेदपुर : भारतीय भूवैज्ञानिक प्रमथ नाथ बोस (जिन्हें पी एन बोस के नाम से भी जाना जाता है) का जन्म 12 मई, 1855 को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के एक गाँव गाईपुर में हुआ था। 1874 में, पी एन बोस ने एक प्रतियोगी परीक्षा दी और गिलक्रिस्ट छात्रवृत्ति प्राप्त की। वह छह साल तक लंदन में रहे और रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जूलॉजी, भूविज्ञान, भौतिक भूगोल और तर्कशास्त्र का अध्ययन किया। पीएन बोस 13 मई, 1880 को एक ग्रेडेड अधिकारी के रूप में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में शामिल हुए और 24 जून, 1882 को कमला दत्त से शादी की। 1886 में, पी एन बोस ने सुझाव दिया कि एक सोसाइटी फॉर द डेवलपमेंट ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज का गठन किया जाना चाहिए और यह उनका प्रयास था, जिसके कारण 1891 में पहली बार एक औद्योगिक सम्मेलन आयोजित किया गया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में अपने कार्यकाल के दौरान, पी एन बोस ने जबलपुर जिले में मैंगनीज भंडार, दार्जिलिंग में कोयला, सिक्किम में तांबा और असम में पेट्रोलियम का पता लगाया। वह भारत के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में पेट्रोलॉजिकल कार्य के लिए सहायता के रूप में माइक्रो-सेक्शन के अध्ययन और प्रगति रिपोर्ट में माइक्रो-सेक्शन का लेखा-जोखा देने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के प्रकाशनों में एक संस्मरण और तेरह शोधपत्र का योगदान दिया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण छोड़ने के बाद, पीएन बोस मयूरभंज राज्य की सेवा में शामिल हो गए। 1904 में, उन्होंने जे एन टाटा को एक पत्र के माध्यम से सूचित किया कि उन्होंने मयूरभंज जिले के गोरुमाहिसानी पहाड़ियों में लौह अयस्क के बड़े भंडार की खोज की थी। इस पत्र ने टाटा की कच्चे माल की खोज को समाप्त कर दिया जिसके कारण 1907 में टाटा आयरन एंड स्टील लिमिटेड (टिस्को) की स्थापना हुई। टाटा ने 13 मार्च, 1938 को जमशेदपुर में स्थापित पी एन बोस की प्रतिमा बनवाकर पी एन बोस को सम्मानित किया। पी एन बोस मेमोरियल आर्मरी ग्राउंड के पास स्थित है।

संपादकीय

‘दंगल’ बनेगा सियासी!

बीते 16 दिनों से, राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर, जो ‘दंगल’ लड़ा जा रहा है, अब उसका स्वरूप और विस्तार बदलता जा रहा है। अब भी हमारे पदकवीर पहलवान यौन-शोषण, उत्पीडन और भद्दी गालियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक के मकसद और मंसूबों पर कोई सवाल नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये भारत का सम्मान हैं, धरोहर हैं, आन-बान-शान हैं। देश भी चाहता है कि उन्हें यथाशीघ्र इंसाफ मिले और कुश्ती के भीतर जो शैतान मौजूद हैं, उन्हें सजा दी जाए और खेल संघों को खिलाड़ियों तक ही सीमित रखा जाए। खेल में बाहुबलियों, हैवानों और हवस के प्रतिनिधियों का क्या काम है? उनकी क्या भूमिका हो सकती है? संविधान और लोकतंत्र खेल की आड़ में यौन-हिंसा की जरा-सी भी अनुमति नहीं देते। यदि यह मामला खिंचता जा रहा है और एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेता जा रहा है, तो यह हमारी व्यवस्था का ही दोष है। किसान संगठन, खाप पंचायतों के चौधरी, अखिल भारतीय स्तर के चार महिला संगठन, पंजाब से भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) की महिलाएं, कर्मचारी और छात्र संगठन, अभिनेता और कई वर्गों के अनाम चेहरे जंतर-मंतर पर पहुंच चुके हैं। सभी आंदोलित हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और शिक्षा मंत्री आतिशी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और नवजोत सिंह सिद्धू, किसान नेता राकेश टिकैत, अभिनेता-राजनेता राज बब्बर आदि ने भी पहुंच कर पहलवानों के मकसद और संघर्ष का समर्थन किया है। इस भीड़ में ऐसे भी चेहरे आ घुसे, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ‘सियासी नफरत’ का हवा देने की कोशिश की। यहीं आंदोलन के सियासी होने की आशंका होती है। बेशक पहलवानों के धरना-प्रदर्शन को व्यापकता मिली है, लेकिन हरराज खाप के 11 सदस्य पहलवानों के साथ मौजूद रहेंगे। सरकार और पुलिस को 20 मई तक का अल्टीमेटम दिया गया है। फिर उसके बाद हरियाणा के महम चौबीसी में महापंचायत होगी और खाप यह निर्णय लेंगी कि आंदोलन को राष्ट्रव्यापी रूप कैसे दिया जाए! आखिर इस लड़ाई में खाप जैसों की जरूरत क्या है? यह खेल से जुड़ा आंदोलन है, कोई राजनीतिक, सामाजिक या वैचारिक आंदोलन नहीं है। पहलवानों के लिए खलनायक है-बृजभूषण शरण सिंह। वह भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष रहा है और अब उसका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कुश्ती की महिला खिलाडियों के साथ हवस का घिनौना खेल खेलने के आरोप भी उसी के खिलाफ हैं। प्राथमिकी दर्ज किए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक बृजभूषण से सवाल-जवाब नहीं किए गए हैं। सवाल तो यह बेहद गंभीर है कि दिल्ली पुलिस ने अभी तक धारा 164 के तहत न्यायाधीश के सामने पीड़ित महिला पहलवानों के बयान दर्ज क्यों नहीं कराए हैं? पॉक्सो कानून में तो आरोपित की तुरंत गिरफ्तारी का प्रावधान है। तो फिर पुलिस सोच क्या रही है? क्या जांच की जा रही है? ओलंपिक चार्टर में खेल संघ के ऐसे अधिकारी के खिलाफ उसे हमेशा के लिए खेल की किसी भी संस्था के लिए ‘अयोग्य’ करार देने तक के प्रावधान हैं। बृजभूषण अभी बिल्कुल मुक्त है और अनाप-शनाप वीडियो बयान और इंटरव्यू देने में मस्त है। बेशक देश अंतरराष्ट्रीय पदकवीरों के धरना-प्रदर्शन पर विश्वास कर रहा है कि कुछ तो हुआ है, जो ऐसे पहलवान सडक़ पर बैठने को विवश हुए हैं। बुनियादी चिंता यह है कि आंदोलन भटकना नहीं चाहिए।

देश भी चाहता है कि उन्हें यथाशीघ्र इंसाफ मिले और कुश्ती के भीतर जो शैतान मौजूद हैं, उन्हें सजा दी जाए और खेल संघों को खिलाड़ियों तक ही सीमित रखा जाए। खेल में बाहुबलियों, हैवानों और हवस के प्रतिनिधियों का क्या काम है? उनकी क्या भूमिका हो सकती है? संविधान और लोकतंत्र खेल की आड़ में यौन-हिंसा की जरा-सी भी अनुमति नहीं देते। यदि यह मामला खिंचता जा रहा है और एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेता जा रहा है, तो यह हमारी व्यवस्था का ही दोष है। किसान संगठन, खाप पंचायतों के चौधरी, अखिल भारतीय स्तर के चार महिला संगठन, पंजाब से भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) की महिलाएं, कर्मचारी और छात्र संगठन, अभिनेता और कई वर्गों के अनाम चेहरे जंतर-मंतर पर पहुंच चुके हैं। सभी आंदोलित हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और शिक्षा मंत्री आतिशी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और नवजोत सिंह सिद्धू, किसान नेता राकेश टिकैत, अभिनेता-राजनेता राज बब्बर आदि ने भी पहुंच कर पहलवानों के मकसद और संघर्ष को समर्थन दिया है।

कुछ अलग

बदलता ई-परिदृश्य

हिमाचल की वर्तमान सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं का गुलदस्ता पेश करते हुए कई रंग ढूंढे हैं, लेकिन ई-वाहनों के जरिए नई मंजिलों का पता भी बताया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में ग्रीन कोरिडोर चिन्हित करने के उपरांत अब 500 ई बस रूट जोड़े जा रहे हैं। ई-वाहनों की एक खेप सरकारी बसों के माध्यम से आएगी, जबकि युवा बेरोजगारों के लिए भी यह सौगात बन कर स्वरोजगार का ई-परिदृश्य पेश कर रही है। हिमाचल में परिवहन का सरकारी पक्ष हमेशा सरकारों के लिए कठिन चुनौती रहा है, लेकिन अबकी बार एक ऐसी सरकार आई है, जो पहाड़ पर चलता हुआ दिखना चाहती है। इसी संदर्भ में चार्जिंग स्टेशन और इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की जरूरत की व्याख्या हो रही है। छोटी और बड़ी बसों के रूट निर्धारित करने की प्रक्रिया से परिवहन के कुनबे में एक नई परिभाषा, प्रतिस्पर्धा तथा रोजगार की संभावना परिलक्षित हुई है, लेकिन ई वाहन पॉलिसी के तहत समग्रता से सारे ट्रांसपोर्ट सेक्टर की धमनियों की जांच परख भी आवश्यक हो जाती है। पहले तो यही कि ई-बसों के साथ-साथ स्वरोजगार क्षेत्र को व्यापक दृष्टि देते हुए इसके साथ टैक्सी आपरेशन को भी जोडऩा होगा। कम से कम प्रमुख पर्यटक स्थलों तथा धार्मिक नगरियों के इर्द-गिर्द ई टैक्सी आपरेशन की एक सशक्त भूमिका अभिलषित है। यह इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि हिमाचल में टैक्सी संचालन गैर जिम्मेदाराना ढंग, जवाबदेही के बिना, निरंकुश दरों के तहत तथा व्यावहारिक तौर पर असहज तरीके से हो रहा है। ऐसे में राज्य सरकार किसी एक ई-वाहन कंपनी से करार करते हुए उसे टैक्सी आपरेशन का पार्टनर बना कर, इसका सीधा लाभ युवा बेरोजगार को राज्य की गारंटी से वाहन खरीद में मदद कर सकती है। दूसरे इलेक्ट्रिक टैक्सियों को दिल्ली की तर्ज पर प्वाइंट टू प्वाइंट आपरेशन की दरें निर्धारित करके पर्यटन उद्योग व दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत दे सकती है। उदाहरण के लिए शिमला, कांगड़ा व कुल्लू एयरपोर्ट से इलेक्ट्रिक टैक्सियां अगर प्वाइंट टू प्वाइंट दौड़ती हैं, तो कम दरों पर ऐसी सुविधा से सारा परिदृश्य बदल सकता है। शिमला और धर्मशाला में आरंभिक तौर पर स्थानीय परिवहन में अगर ई बसें स्मार्ट सिटी के तहत आ चुकी हैं, तो यहां टैक्सियों को स्मार्ट रूपरेखा में पेश करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ दिया जाए। इलेक्ट्रिक वाहन अपने साथ ऐसी तकनीक ला रहे हैं जिससे नया रोजगार व सस्ती परिवहन सेवा संभव हो सकती है, लेकिन इसका परोक्ष लाभ प्रदेश की परिवहन नीति को सरल, साहसी व उपयोगी बनाने को भी मिलेगा। सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों का शामिल होना राज्य की पर्यटन छवि और संभावना को भी आगे बढ़ाने में काम आ सकता है। इलेक्ट्रिक बसों के मार्फत सबसे पहले धार्मिक पर्यटकों की आवाजाही सुनिश्चित की जाए, तो ग्रीन कोरिडोर ऐसे वाहनों के आगमन को प्रतिबंधित कर सकते हैं, जो अब तक कई शहरों का प्रदूषण स्तर से खिलवाड़ कर रहे हैं। तमाम धार्मिक व पर्यटक स्थलों से बीस-पच्चीस किलोमीटर पहले ही बाहरी राज्यों के वाहन रोक कर अगर आगे पर्यटकों को इलेक्ट्रिक वाहनों से ले जाया जाए, तो पर्यटन सीजन के ट्रैफिक जाम बीते कल की बात हो जाएंगे। दरअसल परिवहन पर सोच विकसित करें, तो प्रदेश में रोजगार के अवसर, आर्थिक विकास और भविष्य के विकास का नक्शा कुछ इस तरह बनेगा कि सामान्य परिवहन से ऊपर उठकर रज्जु मार्गों का अधिकतम इस्तेमाल तथा भविष्य के बस स्टैंड अपने भीतर पर्यटक सुविधाओं के स्तंभ बन सकते हैं। प्रदेश के शिमला, मंडी, ऊना व कांगड़ा में बस स्टैंड का एक मॉडल बनता हुआ नजर आया है और अगर इसी तर्ज पर निजी निवेश से कम से कम सौ और बस स्टैंड कम शापिंग-पार्किंग कांप्लेक्स विकसित होते हैं, तो परिवहन के रास्ते पर्यटन परिसर हर जगह स्वागत करेंगे। कुछ मंदिर परिसर ऐसे बस स्टैंड के मार्फत यात्री सुविधाओं के केंद्र व दर्शन को आरामदायक बना सकते हैं। उदाहरण के लिए ज्वालामुखी व चिंतपूर्णी में बस स्टैंड की परिकल्पना को यात्री सुविधा, शापिंग व मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित करते हुए आगे मंदिर परिसर तक रज्जु मार्गों तक जुड़ जाएं, तो परिवहन व पर्यटन एक ही सिक्के के दो पहलू हो जाएंगे।

सुप्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ. मृदुला सिन्हा ने महिलाओं की असुरक्षा एवं अवांछित बर्ताव के संदर्भ में एक कटु सत्य को रेखांकित किया

पत्रकार भावना किशोर के साथ जो कुछ हुआ उसने समाज को झकझोर कर रख दिया है

ललित गर्ग

नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करते हुए समाज में ऐसी नारी अपमान एवं अत्याचार की घटनाओं का कायम रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। दिल्ली के जिस नर्सिंग कॉलेज में चोरी करने का आरोप लगाते हुए दो छात्राओं के साथ अवांछित व्यवहार की क्रूर एवं आपत्तिजनक घटना सामने आई है, वह बेहद चिन्ताजनक है। इससे पता चलता है कि किसी संस्थान में जिम्मेदारी वाले पद पर होने के बावजूद कोई व्यक्ति कैसे अपनी मर्यादाओं एवं जिम्मेदारियों को भूल जाता है और इस क्रम में वह किसी महिला के सम्मान को गहरी चोट पहुंचाता है। हालांकि दोनों के पास से कोई पैसा नहीं मिला।

दिल्ली के एक नर्सिंग कॉलेज में दो छात्राओं के साथ हो या पंजाब पुलिस द्वारा टाइम्स नाऊ- नवभारत टाइम्स की पत्रकार भावना किशोर को बदले की भावना से हिरासत में लेने की अवांछित घटनाएं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की शर्मसार करने वाली घटनाएं हैं। ये दोनों घटनाएं ऊंचे ओहदों पर बैठे अधिकारियों द्वारा न सिर्फ नाहक आपा खोकर की गई अमानवीय हरकत है, बल्कि यह कानूनन अपराध के दायरे में भी आता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के द्वारा नारी से अभद्र एवं अपमान करने एवं अमानवीय घटनाओं का होना प्रशासनिक ढांचे एवं उसकी संरचना पर अनेक सवाल खड़े करता है। प्रश्न है कि क्यों भूल रहे हैं ऐसे लोग अपनी मर्यादाएं। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करते हुए समाज में ऐसी नारी अपमान एवं अत्याचार की घटनाओं का कायम रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। दिल्ली के जिस नर्सिंग कॉलेज में चोरी करने का आरोप लगाते हुए दो छात्राओं के साथ अवांछित व्यवहार की क्रूर एवं आपत्तिजनक घटना सामने आई है, वह बेहद चिन्ताजनक है। इससे पता चलता है कि किसी संस्थान में जिम्मेदारी वाले पद पर होने के बावजूद कोई व्यक्ति कैसे अपनी मर्यादाओं एवं जिम्मेदारियों को भूल जाता है और इस क्रम में वह किसी महिला के सम्मान को गहरी चोट पहुंचाता है। हालांकि दोनों के पास से कोई पैसा नहीं मिला। सवाल है कि पैसा चोरी होने के बाद अगर वार्डन को कोई शक था भी, तो उसे खुद कानून हाथ में लेने का क्या अधिकार था? फिर, जैसा बर्ताव छात्राओं के साथ किया गया, क्या वह किसी भी रूप में शक को दूर करने की कोशिश लगती है? निश्चित रूप से यह न केवल स्त्री की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि ऐसे व्यक्ति के उस सामंती ढांचे को भी दर्शाता है, जो पद की अकड़ में किसी के खिलाफ अवांछित व्यवहार कर बैठता है। जो हमारे समूचे परिवेश एवं सांस्कृतिक सोच पर एक बदनुमा दाग है। सच यह है कि हड़बड़ी या फिर पद के नाहक अहं में आकर लड़कियों के कपड़े उतरवाए गए और इस तरह उन्हें अपमानित किया गया। अगर चोरी हुई भी, तो इसकी शिकायत पुलिस के पास की जा सकती थी। लेकिन वार्डन ने स्वयं को सर्वेसर्वा मानकर जो बर्ताव किया, वह कानून को तो ताक पर रखता ही है, हमारी मर्यादा, शालीनता, संस्कार एवं महिलाओं के प्रति सम्मानजनक नजरिये की धज्जियां भी उड़ाता है। इस

तरह की घटनाओं की रह-रह की पुनरावृत्ति होना गंभीर चिन्ता का विषय है। भले ही घटना हो जाने के बाद पीड़ति छात्राएं और उनके अभिभावकों की शिकायत के बाद इस मसले पर वार्डन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और अब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी, लेकिन एक बड़ा प्रश्न है कि ऐसी घटनाएं कब तक समाज की गरिमा को क्षत-विक्षत करती रहेंगी। हैरानी की बात है कि समाज के जिस तबके के बारे में शिक्षित होने और किसी संस्थान के सभ्य आचार संहिता से संचालित होने की उम्मीद की जाती है, अक्सर उसी की ओर से ऐसी हरकतें सामने आती हैं, जिसमें आज भी सामंती मूल्य एवं पुरुषवादी संकीर्ण सोच बनी हुई हैं और उसे कानून की परवाह नहीं है। सुप्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ. मृदुला सिन्हा ने महिलाओं की असुरक्षा एवं अवांछित बर्ताव के संदर्भ में एक कटु सत्य को रेखांकित किया है- ‘अनपढ़ या कम पढ़ी-लिखी महिलाएं ऐसे हादसों का प्रतिकार करती हैं, किन्तु पढ़ी-लिखी लड़कियां मौन रह जाती हैं।’ सचमुच यह एक चौंका देने वाला सत्य है। पढ़ी-लिखी महिला इस प्रकार के किसी हादसे का शिकार होने के बाद यह चिंतन करती है कि प्रतिकार करने से उसकी बदनामी होगी, उसके पारिवारिक रिश्तों पर असर पड़ेगा, उसका कैरियर चौपट हो जाएगा, आगे जाकर उसको कोई विशेष अवसर नहीं मिल सकेगा, उसके लिए विकास का द्वार बंद हो जाएगा। वस्तुतः एक महिला प्रकृति से तो कमजोर है ही, शक्ति से भी इतनी कमजोर है कि वह अपनी मानसिक सोच को भी उसी के अनुरूप ढाल लेती है। भले ही नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने शिकायत दर्ज कर साहस का परिचय दिया है। महिलाओं के जागने से ज्यादा जरूरी है इस तरह की विकृत सोच एवं अवांछितों व्यवहार पर स्वतः नियंत्रित होने की। दिल्ली की यह घटना इस तरह का कोई अकेला उदाहरण नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिसमें कहीं चोरी के आरोप में तो कभी परीक्षा में नकल रोकने के नाम पर कपड़े उतरवा कर लड़कियों की तलाशी ली जाती है। आम आदमी पार्टी के राजनेता एवं राजनीतिक दल तो इतने अहंकारी हो गये हैं कि उनके भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली टाइम्स नाऊ की महिला पत्रकार को ही झूठा मामला बनाकर बिना महिला पुलिसकर्मी के सात घंटे तक हिरासत में रखा और अवांछित तरीके से परेशान किया। ऑपरेशन शीशमहल में केजरीवाल के 45 करोड़ खर्च के मामले को उठाने वाली महिला पत्रकारों से बदसलूकी की गयी है। पहले उन्हें पीटा गया, उनके रास्ते रोके गए और अब एक पत्रकार को बीच रास्ते में हिरासत में ले लिया गया। ऐसी हरकतें करने वाले लोगों या संस्थानों को क्या इस बात का अंदाजा भी होता है कि ऐसे व्यवहार की शिकार लड़कियों के मन-मस्तिष्क पर क्या असर पड़ता है? करीब सात महीने पहले झारखण्ड से एक खबर आई थी, जिसमें नकल के शक में कपड़े उतरवा कर एक छात्रा की तलाशी लेने का आरोप था। इससे बेहद आहत और अपमानित महसूस करने के बाद छात्रा ने घर जाकर खुद को आग लगा ली थी। यह समझना मुश्किल है कि ऐसा करके किसी गड़बड़ी को रोकने की कोशिश की जाती है या एक नई गड़बड़ी को अंजाम दिया जाता है। अगर किसी संस्थान या व्यक्ति को चोरी या नकल का शक है तो क्या इससे निपटने का यही तरीका बचा है कि किसी लड़की को इस तरह अपमानित किया जाए? आजीवन शोषण, दमन, अत्याचार, अवांछित बर्ताव और अपमान की शिकार रही भारतीय नारी को अब और नये-नये तरीकों से कब तक जहर के घूंट पीने को विवश होना होगा? अत्यंत विवशता और निरीहता से देख रही है वह यह क्रूर अपमान, यह वीभत्स अनादर, यह दूषित व्यवहार। कब टूटेगी हमारी यह मूर्च्छा? कब बदलेगी हमारी सोच। यह सब हमारे बदलने पर निर्भर करता है। हमें एक बात बहुत ईमानदारी से स्वीकारनी है कि गलत रास्तों पर चलकर कभी सही नहीं हुआ जा सकता। यदि हम सच में नारी के अस्तित्व एवं अस्मिता को सम्मान देना चाहते हैं तो! ईमानदार स्वीकारोक्ति और पड़ताल के बिना हमारी दुनिया में न कोई क्रांति संभव है, न प्रतिक्रांति।

बिजनेस का ‘कैश बर्निंग मॉडल’ विफल

निवेशकों ने बड़े चाव से इन शेयरों को खरीदा था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि जल्दी ही इन शेयरों में निवेशकों को भारी नुकसान सहना पड़ा। नवंबर 2022 तक पॉलिसीबाजार के निवेशकों की 69 प्रतिशत राशि डूब चुकी है, पेटीएम में 65.4 प्रतिशत की राशि डूबी, नाइका में 49.34 प्रतिशत, जोमैटो में 41.39 प्रतिशत और देहलीवरी में 31.33 प्रतिशत का नुकसान निवेशकों को सहना पड़ा है। इस प्रकार जोमैटो के निवेशकों के लगभग 40911 करोड़ रुपए, पॉलिसीबाजार के निवेशकों के लगभग 37277 करोड़ रुपए, नाइका के निवेशकों के लगभग 51469 करोड़ रुपए, देहलीवरी के निवेशकों के लगभग 12175 करोड़ रुपए, पेटीएम के निवेशकों के सबसे अधिक लगभग 66169 करोड़ रुपए नवंबर 2022 तक डूब चुके हैं। सरसरी तौर पर देखें तो पता चलता है कि ये सभी कंपनियां शेयर जारी होते समय भी नुकसान में थी और अभी भी नुकसान में हैं। वास्तव में इन कंपनियों का बिजनेस मॉडल ही ‘कैश बर्निंग मॉडल’ है। बिजनेस का परंपरागत और सदाबहार तरीका तो लाभ अधिकतर करने का है, जिसके अंतर्गत कंपनियां अपनी प्राप्तियों को अधिकतम और खर्चों को न्यूनतम कर अधिकाधिक लाभ कमाने का प्रयास करती हैं।

पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में नए जमाने की कई ऐसी कंपनियों, जिनमें अधिकांश नुकसान में फंसी ई-कॉमर्स कंपनियां थी, जिन्होंने अपना बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया था, ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी के कुछ प्रावधानों के अंतर्गत आईपीओ यानी इनिशियल पब्लिक ऑफर जारी किया और आम निवेशकों ने इन कंपनियों के पूर्व में बढ़ते जा रहे बाजार मूल्यांकन से प्रभावित होकर बड़ी मात्रा में इनके शेयर खरीदकर निवेश किया। जुलाई 2021 में जोमैटो, नवंबर 2021 में नाइका, पेटीएम और पॉलिसीबाजार, मई 2022 में देहलीवरी ने जनता को शेयर जारी किए। निवेशकों ने बड़े चाव से इन शेयरों को खरीदा था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि जल्दी ही इन शेयरों में निवेशकों को भारी नुकसान सहना पड़ा। नवंबर 2022 तक पॉलिसीबाजार के निवेशकों की 69 प्रतिशत राशि डूब चुकी है, पेटीएम में 65.4 प्रतिशत की राशि डूबी, नाइका में 49.34 प्रतिशत, जोमैटो में 41.39 प्रतिशत और देहलीवरी में 31.33 प्रतिशत का नुकसान निवेशकों को सहना पड़ा है। इस प्रकार जोमैटो के निवेशकों के लगभग 40911 करोड़ रुपए, पॉलिसीबाजार के निवेशकों के लगभग 37277 करोड़ रुपए, नाइका के निवेशकों के लगभग 51469 करोड़ रुपए, देहलीवरी के निवेशकों के लगभग 12175 करोड़ रुपए, पेटीएम के निवेशकों के सबसे अधिक लगभग 66169 करोड़ रुपए नवंबर 2022 तक डूब चुके हैं। सरसरी तौर पर देखें तो पता चलता है कि ये सभी कंपनियां शेयर जारी होते समय भी नुकसान में थी और अभी भी नुकसान में हैं। वास्तव में इन कंपनियों का बिजनेस मॉडल ही ‘कैश बर्निंग मॉडल’ है। बिजनेस का परंपरागत और सदाबहार तरीका तो लाभ अधिकतर करने का है, जिसके अंतर्गत कंपनियां अपनी प्राप्तियों को अधिकतम और खर्चों को न्यूनतम कर अधिकाधिक लाभ कमाने का प्रयास करती हैं। आर्थिक सिद्धांतों में हालांकि अधिकतम लाभ के अतिरिक्त अधिकतम बिक्री का उद्देश्य भी बताया जाता है, यानी उद्यमी तात्कालिक रूप से अधिकतम लाभ का त्याग कर अधिकतम बिक्री के भी प्रयास करते रहे, हालांकि उसमें भी तात्कालिक रूप से भी नुकसान नहीं लेते हुए, दीर्घकाल में लाभों को अधिकतम करने की उनकी रणनीति भी रही। लेकिन पिछले दो दशकों से बिजनेस का एक नया मॉडल उभर कर आया, जो प्रारंभ में तो सफल भी होता दिखाई दिया और यह मॉडल था ‘कैश बर्निंग मॉडल’। इसकी शुरुआत ई-कॉमर्स व्यवसाय में हुई। प्रारंभ में तो ऐसा लगा कि ई-कॉमर्स कंपनियां लोगों को शुरू में लुभाने के लिए उन्हें सस्ते में माल देती हैं, लेकिन बाद में वो उसकी भरपाई कर ही लेंगी। लेकिन जब कंपनियों ने परंपरागत व्यवसासियों यानी छोटे दुकानदारों, थोक व्यापारियों आदि को बाजार से बाहर करने की रणनीति के तहत दशकों तक नुकसान करते हुए अपने व्यवसाय को जारी रखा तो उनकी इस कार्यनीति को आर्थिक विश्लेषकों ने समझने का प्रयास किया। ऐसा ध्यान में आया कि कैश बर्निंग कोई अल्पकालिक नीति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति है, जो प्रमोटरों को मालामाल कर रही है और व्यवसाय में भी भारी वृद्धि कर रही है। सामान्य तौर पर जब किसी व्यवसाय में रणनीतिक तौर पर नुकसान करते हुए एकाधिकार करने की कोशिश होती है, तो उसके साथ ही साथ पूंजी भी घटती है और अंततोगत्वा व्यवसायी की परिसंपत्तियां कम होती हैं। लेकिन पिछले दो दशकों से चल रहे ‘कैश बर्निंग मॉडल’ ने गणना का तरीका ही बदल दिया है। एक उदाहरण से इस बात को समझने की कोशिश करते हैं। दो युवाओं ने एक कंपनी बनाई, जिसका नाम था फिल्पकार्ट। अपने निजी संबंधों से कुछ राशि उन युवाओं ने उस कंपनी में लगाई और ई-कॉमर्स का व्यवसाय शुरू किया। बाजार कीमत से 20 से 30 प्रतिशत कम कीमत पर उन्होंने सामान बेचना शुरू किया। स्वाभाविक तौर पर माल सस्ता बेचने के कारण जो प्रारंभिक राशि उन्होंने लगाई थी वो समाप्त हो गई थी। उन्होंने बाजार में निवेशकों के साथ संपर्क साधा और उस व्यवसाय में राशि लगाने के लिए कहा। उस कंपनी की खासियत यह थी कि बड़ी संख्या में ग्राहकों की जानकारियां उनके पास थी और ग्राहकों का विश्वास भी उन्होंने अर्जित किया था। उस आधार पर कंपनी का मूल्यांकन किया गया और हिस्सेदारी के रूप में कुछ प्रतिशत शेयर निवेशकों को देकर एक बड़ी राशि प्राप्त की गई थी। बाद में वो राशि भी डिस्काउंट और हिंसक कीमतों में उड़ा दी गई, तब तक उस कंपनी का मूल्यांकन और अधिक बढ़ गया था और नए निवेशकों ने हिस्सेदारी के रूप में कुछ और प्रतिशत लिया और बड़ी राशि कंपनी को दे दी। यह प्रक्रिया चलती रही और अंत में वर्ष 2018 के अप्रैल माह के दौरान वालमार्ट नाम की विश्व की सबसे बड़ी खुदरा व्यापार कंपनी, जो ई-कॉमर्स के व्यवसाय में आने की इच्छुक थी, ने कंपनी का मूल्यांकन 20 अरब डालर का किया और विभिन्न निवेशकों से समझौता कर फिल्पकार्ट कंपनी के 77 प्रतिशत शेयर 15.4 अरब डालर में खरीद लिए, जिसमें एक बड़ा हिस्सा उन दो प्रमोटर युवाओं को भी मिला। यहां एक बात बताना लाभकारी रहेगा कि अगस्त 2017 में सॉफ्टबैंक नाम की एक निवेशक कंपनी ने फिल्पकार्ट कंपनी के 22 प्रतिशत शेयर फिल्पकार्ट के मूल्यांकन, 10 अरब डालर, के हिसाब से 2.2 अरब डालर में खरीदे थे। जब वालमार्ट ने इस कंपनी के 77 प्रतिशत शेयर 20 अरब डालर के मूल्यांकन के आधार पर खरीदे तो सॉफ्टबैंक को 2.2 अरब डालर के निवेश के बदले अब 4.4 अरब डालर मिल गए। समझा जा सकता है कि इस ‘कैश बर्निंग मॉडल’ में अभी तक किसी को नुकसान नहीं हुआ था। उपभोक्ताओं को सस्ता सामान मिल रहा था, प्रमोटरों को ज्यादा वैल्युएशन मिल रही थी और निवेशकों के निवेश पर भी भारी लाभ उन्हें मिल रहा था। आर्थिक एवं बिजनेस विश्लेषक इस मॉडल के गुणगान कर रहे थे। लेकिन कहानी इसके बाद भी है। पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में ऐसी कई कंपनियों, जिन्होंने कैश बर्निंग मॉडल के बलबूते अपना व्यवसाय बढ़ाया, और वैल्यूएशन के प्रच्छन्न और अनोखे तरीके से उनका मूल्यांकन जरूरत से अधिक होता रहा और इन्हें बड़ी मात्रा में निवेश भी मिलता रहा।

देश दुनीया से

पुरस्कारों की गरिमा एवं विश्वसनीयता

कौन अपने अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसा, सम्मान या शाबाशी नहीं पाना चाहता? यह सभी की आन्तरिक इच्छा तथा दबी हुई चाहत होती है कि उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक, राजनैतिक तथा मानवीय कार्यों के लिए मान-सम्मान, प्रतिष्ठा तथा पहचान मिले। यह समाज में व्यक्तियों को उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक भी है। वैसे श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए केवल कर्म करने तथा फल की इच्छा न करने का संदेश दिया है। मनुष्य की इच्छाएं, आकांक्षाएं और मनोकामनाएं उसे कर्म के पश्चात फल के लिए आकर्षित तथा प्रभावित करती हैं जो स्वाभाविक भी है। आज विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्रों में श्रेष्ठ एवं कर्मठ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न सम्मान, अलंकरण एवं अवार्ड निर्धारित किए गए हैं। विभिन्न मानकों के आधार पर कर्मचारियों का सम्मान के लिए चयन किया जाता है, लेकिन हर बार मानकों, चयन प्रक्रिया तथा चयनकर्ताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। इसका कारण या तो श्रेष्ठता की स्वीकार्यता नहीं है या फिर चयन प्रक्रिया दोषी होती है। अनेकों बार तो विरोध के स्वर न्यायालय तक पहुंच चुके हैं। इसके अतिरिक्त समाज में अनेकों गैर सरकारी संस्थाएं भी विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करती हैं। आजकल बहुत सी संस्थाएं सम्मानित होने के लिए आनलाइन तथा ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित करती हैं। कभी-कभी ये संस्थाएं ज्यूरी द्वारा चयनित व्यक्तियों को अग्रिम फीस, आने-जाने के माध्यम तथा होटल आदि में ठहरने आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करती हैं। कभी-कभी यह भी एक व्यवसाय के रूप में प्रतीत होता है। सम्मान चाहने वालों में भी प्रतिस्पर्धा तथा तीव्र महत्त्वाकांक्षा सी दिखाई देती है। इसी कारण योग्य व्यक्तियों की उपेक्षा भी होती है। अनेकों बार महत्त्वाकांक्षी व्यक्ति अपना कार्य छोड़ कर केवल पुरस्कारों के आवेदन, प्रबन्धन तथा जुगाड़ पर केन्द्रित रहते हैं। इससे कार्यव्यवस्था प्रभावित होती है। पुरस्कारों की इस तीव्र महत्त्वाकांक्षा तथा प्रतिस्पर्धा के कारण अनेकों कर्मठ व्यक्तियों की उपेक्षा होती है जिससे ईमानदारी से कार्य करने वालों का मनोबल भी कम होता है। अनेकों बार अंगूर खट्टे होने के कारण भी इस प्रकार की चर्चाएं जन्म लेती हैं परन्तु यह भी आवश्यक है कि जहां समाज में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए मान-सम्मान तथा अलंकरण आवश्यक है, वहीं पर पुरस्कारों की गरिमा भी बहुत आवश्यक है। कुछ पुरस्कार महत्त्वाकांक्षी लोग किसी भी कीमत पर पुरस्कार प्राप्त करना चाहते हैं तथा वे ‘पुरस्कार प्रबन्धन कला कौशल’ में बहुत ही दक्ष होते हैं। ऐसे लोग जहां अपनी तीव्र इच्छा एवं महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने में पूरा श्रम करते हैं तथा पूरा दिमाग एवं शक्ति लगा कर एड़ी-चोटी का जोर लगा देते हैं, वहीं पर ये लोग योग्य एवं पात्र व्यक्तियों को नीचा दिखाकर उनका मनोबल गिराने में कोई कसर नहीं छोड़ते। पिछले माह सम्पन्न हुए हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सत्र में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों के स्थानांतरण तथा प्रतिवर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किए जाने वाले शिक्षक पुरस्कारों में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों ने चिंता जाहिर की। कुछ विधानसभा सदस्यों ने शिक्षक पुरस्कारों पर अध्यापकों के चयन पर उंगली उठाते हुए बहुत ही गम्भीर सवाल उठाए हैं। विधानसभा चर्चा में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों ने ऐसे लोगों को भी व्यवस्था द्वारा पुरस्कृत किए जाने की बात स्वीकार की जिनका पाठशाला, बच्चों तथा कक्षा शिक्षण से दूर-दूर तक संबंध नहीं था।

मनुष्य की इच्छाएं, आकांक्षाएं और मनोकामनाएं उसे कर्म के पश्चात फल के लिए आकर्षित तथा प्रभावित करती हैं जो स्वाभाविक भी है। आज विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्रों में श्रेष्ठ एवं कर्मठ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न सम्मान, अलंकरण एवं अवार्ड निर्धारित किए गए हैं। विभिन्न मानकों के आधार पर कर्मचारियों का सम्मान के लिए चयन किया जाता है, लेकिन हर बार मानकों, चयन प्रक्रिया तथा चयनकर्ताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। इसका कारण या तो श्रेष्ठता की स्वीकार्यता नहीं है या फिर चयन प्रक्रिया दोषी होती है।

नागरिक बोध

राजस्थान में अशोक गहलोत ने वसुंधरा राजे की तारीफ कर निशाना साधा

राजस्थान में अशोक गहलोत ने भाजपा की नेता वसुंधरा राजे की तारीफ में कसीदे पढ़कर भाजपा को नुकसान पहुंचाने की बजाए कांग्रेस को ही कठघरे में ले लिया है। राजस्थान में छह महीने के भीतर विधानसभा चुनाव होने है। सियासी घमासान में राजनीतिक पार्टियांमन की भड़ास निकालते नजर आ रहे है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पक्ष मेंतारीफ के कसीदे पढ़कर राजनैतिक गर्माहट ला दी है। राजस्थान में तथ्यहीन बयानबाजी का सहारा लिया जा रहा है। अशोक गहलोत ने एक सभा मे कहा कि सियासत संकट के वक्त सरकार गिराने में सहयोग नही देने के लिए वसुंधरा की तारीफ की। वसुंधरा ने अशोक गहलोत का राजनैतिक संकट करार दिया। अशोक गहलोत मेरे खिलाफ बहुत बड़ा संकट खड़ा करने और सियासी षड्यंत्र है। अशोक गहलोत ने गृहमंत्री अमित शाह ने विधायको को सरकार गिराने का पैसा देने का आरोप लगाकर राजस्थान सहित कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में पत्थर बनकर विघ्न डालने की कांग्रेस की मंशा है। अमित शाह ने पैसे दिए है तो अशोक गहलोत को चाहिए कि उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। सच्चाई से दूर भाग रहे अशोक गहलोत को कांग्रेस की प्रतिष्ठा की कोई परवाह नही है। देश जानता है कि कांग्रेस की ऐसी कोई विचारधारा ही नही है कि अच्छे काम के लिए विपक्ष को सराहा जाए। मोदी को हर समय गाली देने वाली कांग्रेस वसुंधरा की तारीफ कर रही है। जबकि मोदी देश के ही नही दुनिया के नम्बर वन नेता का तमगा संयुक्त राष्ट्र दे चुका है। वसुंधरा ने कहा कि 2023 के चुनाव में कांग्रेस की हार निश्चित है। इसलिए षड्यंत्र का सहारा ले रही है।सियासी घमासान में दिल की भड़ास निकालने और मतदाताओ को रिझाने राजनीतिक दल आरोपो की झड़ी लगा रहे है। वसुंधरा ने अशोक गहलोत को सलाह दी कि विधायको ने पैसे लिए है तो एफआईआर करना चाहिए। क्योंकि अशोक गहलोत तो विधायको की खरीद फरोख्त में माहिर है।शोभारानी के साथ कैलाश मेघवाल और वसुंधरा की तारीफ करना सियासी मायने क्या है? सियासी चर्चा को हवा देने में अशोक गहलोत का कोई सानी नही है। इसलिए मोदी ने अशोक गहलोत की दो बार राजस्थान में ही तारीफ की थी। जिसका मतलब कई दिनों के बाद अशोक गहलोत को समझ आने पर कहा कि मोदी ने मेरी तारीफ नही कर मुझ पर निशाना साधा है। सचिन पायलट की सियासी जमीन खींचने वाली राजस्थान कांग्रेस में अंदरूनी लड़ाई,पंजाब की याद ताजा कर रही है। कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक गहलोत नेवसुंधरा के नाम का उल्लेख कर भाजपा में उनकी स्थिति असहज कर दी और उस बयान के लिए राजे को मीडिया के समक्ष आना पड़ा है। मिलीभगत के आरोप और सचिन ने वसुंधरा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर भाजपा में राजे विरोधी खेमा बयान को भुनाने की कोशिश करेगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, शुक्रवार, 12 मई 2023 | पेज 7

हंटरगंज में मंत्री ने किया यज्ञ का विधिवत उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हंटरगंज : सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता ने साबित कर दिया की असल जम्हूरियत में राज नेता नही बल्कि जनता का सच्चा सेवक होना चाहिए।यह उक्ति महान स्वतंत्रता सेनानी सह संसद सदस्य छोटा नागपुर केशरी बाबु राम नारायण सिंह ने संसद यह बातें कही थी। मंत्री महोदय पर यह सटीक बैठता है। नेताओं के करनी और कथनी में जमीन व आसमान का फर्क होता है। लेकिन सेवक तो जनता के बीच में रह कर अपना दुख दर्द भुल कर जनता के दुख दर्द,शादी व्याह,सभी धर्मो के धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हो कर पुरे राज्य में एक अलग पहचान बनाया है। दुर्गा पूजा हो या रामनवमी, होली हो या दीपा वली,

ईस्टर हो या गुरु गोविंद सिंह जयंती,रमजान हो या ईद,शबे बारात हो या मुहर्रम, इटखोरी महोत्सव हो या कौलेश्वरी महोत्सव,कोई गरीब हो या अमीर, हिंदू हो या मुसलमान, शिख हो या ईसाई सभी लोग और सभी धर्म इनके लिए समान है। उन्होंने ने कहा की जनता के बीच में रह कर दुख दर्द में शामिल हो कर दुख बांटना ही मानवता है।धार्मिक बंधनों से ऊपर उठ कर कार्य करने का अलग आनंद है। मैं नेता नही बल्कि जनता का सच्चा सेवक हुं।सेवा करना मेरा कर्तव्य भी है।मैं अपने कर्तव्यों को भूलता नहीं हुं। व्यस्तम कार्यक्रम होने के बावजूद मंत्री ने हंटरगंज प्रखंड के बलूरी के ग्राम डुंडू में आयोजित यज्ञ में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो कर विधि विधान के साथ यज्ञ का उद्घाटन किया और राज्य एवं क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना करते हुए ईश्वर से दुआ किया। जोरी काली मंदिर में एक बड़े शादी समारोह में शामिल हो कर वर वधू को सुखी जीवन जीने की सलाह दिया और लम्बी उम्र की दुआ करते हुए खुशहाली भरी जीवन गुजारने की कामना किया है। सच कहा गया है की कोई ऐसे ही समाज में महान और लोगों के दिलों पर राज नही करता बल्कि जनता को ऐसे ही सेवकों की समाज में जरूरत है।आज के इस कार्यक्रम में स्थानीय बीडीओ अभिषेक पांडे, सीओ मिथलेश कुमार,बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव राजद के वरिष्ठ नेता चंद्रिका यादव देव लाल यादव अतिरिक्त दर्जनों राजद कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता और धार्मिक प्रेमी उपस्थित थे।

राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा व भ्रमण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : नगर पंचायत के चंनडीह मोहल्ला में श्री वैष्णव राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठान समारोह में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ब्राह्मणों के सानिध्य में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना आयोजित किया गया।पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान को नगर भ्रमण करवाया। जिसके बाद वैदिक रीति रिवाज से भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई।एवं नौ दिवसीय महायज्ञ में कृष्ण लीला का आयोजन किया गया।सुबह से महायज्ञ पूजा अर्चना महामंत्र का श्लोक कर शास्त्री विधि से पूजन हवन करके महायज्ञ किया जा रहा है। एवं प्रतिदिन रात्रि में भक्ति कथा जागरण प्रवचन के साथ भजन भगवान की लीला एवं समस्त देवी-देवताओं कि झांकी प्रस्तुत वृंदावन से पधारे कलाकारों के द्वारा किया जाता है। एवं 14मई को भंडारा का आयोजन तथा प्रसाद वितरण कर महायज्ञ संपन्न की जाएगी। आयोजन में वृंदावन के मोनू व्यास जी राधे जीवा स्थानीय कलाकार सुनेना सहित कई लोग शामिल हैं। वहीं मौके पर नगर पंचायत सितामनी तिर्की, बरीय अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता, विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, सहित कई गणमान्य लोग प्रवचन कार्यक्रम में सैकड़ों कि संख्या लोग भाग लेकर जागरण प्रवचन का लाभ उठा रहे हैं।

खाद कारोबारियों को लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन करवाने को लेकर प्रखंड परिसर में शिविर लगेगा आज

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को खाद्य कारोबारियों के लिए एफ एस एस ए आई लाइसेंस रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार के उपस्थिति मे कैंप लगाया जा रहा है। जिसमे खाद्य कारोबारी अपने दुकान का लाइसेंस ले सकेंगे। जो वैधानिक अनिवार्यता है। बिना लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन खाद्य कारोबार करता दुकान नहीं चला सकते हैं। जिसको लेकर के 12 मई दिन शुक्रवार को 11:00 बजे से 5:00 बजे तक प्रखंड कार्यालय परिसर में एक कैंप का आयोजन किया गया है। जहां बिजनेस कर रहे सभी खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस बनाए जाएंगे। जिसके लिए मुख्य रूप से 2000 से 3000 रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। एवं आवेद क अपना संपूर्ण विवरण मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइवरी लाइसेंस, बिजली बिल, राजस्व रसीद, जैसे अन्य दस्तावेजों के साथ जो लाभुक लाइसेंस बनाना चाहते हैं एवं रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते हैं उन्हें जमा करना है आगे बताते चलें कि लाइसेंस बनवाना अति आवश्यक है कारोबार करता यदि बिना लाइसेंस दुकान चलाते हैं। तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 63 के अंतर्गत 6 माह तक की कारावास की सजा तथा 500000 तक के जुर्माना का प्रावधान है। इस संदर्भ में सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए एफ एस एस ए आई लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें सभी कारोबारी अपना लाइसेंस करवा लें। सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी का दिशा निर्देश बताया गया है।

बीडीओ ने 19 पेंडिंग आवास का किया सत्यापन जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत भवन में पेंडिंग पड़े 19 पीएम आवास के कागजातों का सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने बृहस्पतवार 11 मई को किया। एवं लाभुकों को हिदायत दीए हैं। कि 15 दिन के अंदर आवास को जल्द से जल्द पूरा करें। अन्यथा सभी लाभुकों के प्रति कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसका जिम्मेदार खुद लाभुक होंगे। मौके पर उपस्थित मुखिया पति मुकेश साव स्वयंसेवक सद्दाम आलम कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग के जेई पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप

महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता): महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर के पास के लोगों और बिजली विभाग महुआडांड़ के जेई, बिजली मिस्त्रीओ के बीच झड़प हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग जेई पर आरोप लगाते हुए बताया कि अपने पद का दुरुपयोग करते हुए जेई और बिजली मिस्त्रीओ के द्वारा हमेशा जांच के नाम पर भोली भाली जनता को धमका कर अच्छी मोटी रिश्वत कमाई जा रही है। क्योंकि बिजली आज के समय में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सुविधा है जिसके बिना लोगों का जीना आसान नहीं है इसलिए लोग इनकी धमकियों और बिजली विभाग की मनमानी को बर्दाश्त कर रहे थे। लेकिन लोगों का गुस्सा उस समय फूट पड़ा जब बिजली विभाग के जेई दुर्गा सिंह अपने तीन मिस्त्रियों को लेकर महावीर मंदिर स्थित संदीप कुमार के निवास भवन में बिना अनुमति बिजली जांच के नाम पर भवन पर प्रवेश कर गए। जिसके बाद ग्रामीणों और बिजली विभाग कर्मियों के बीच झड़प हो गई जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाने को दी गई। जहां पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार ने पहुंच कर मामले को शांत कराया, और अपने नेतृत्व में जांच कराया। इस संबंध में संदीप कुमार ने बताया की घर में जब कोई भी पुरुष उपस्थित नहीं थे बिजली विभाग के लोग जांच के नाम पर घर में घुस गए और अभद्र व्यवहार करते हुए रिश्वत लेने की इच्छा से धमकी भी देने लगे। पूर्व में भी बिजली जेई दुर्गा सिंह के द्वारा जांच के नाम पर धमकाकर 50000 ली जा चुकी है जिसके बाद लालच में पड़कर लगातार ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है की लोकल मिस्त्रीयों को बिजली विभाग में शामिल कर लिया गया है और इनके द्वारा भोले भाले और झंझट में ना पड़ने वाले लोगों को चिन्हित कर धमकाने का कार्य किया जाता है। जिसके बाद ग्रामीणों ने एक शिकायत पत्र लिखकर इसकी शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी से करते हुए बिजली विभाग जेई समेत सभी लोकल में स्त्रियों को हटाने की मांग की।

शिक्षा विभाग की खुली पोल, मुर्दे को भी की जा रही है गैरहाजिर

मृतक, सेवानिवृत्त एवं इस्तीफा दिए शिक्षक की बनाई जाती है हाजिरी

➲आला अधिकारी बेखबर, यह है शिक्षा विभाग का बड़ी लापरवाही

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा/ सिमरिया : इन दिनों मृतक शिक्षक और सेवा निर्वित शिक्षक को भी शिक्षा विभाग में की जाती है गैरहाजर। जी चौकिए नहीं सही कहा मैंने। यह कारनामा नित्य प्रतिदिन शिक्षा विभाग के द्वारा बनाई जा रही ऑनलाइन उपस्थिति पंजी में हो रहा है। और तो और मृतक शिक्षक एवं रिटायर शिक्षक को चुनाव में ड्यूटी तक लगा दी जाती है। ऐसे में शिक्षा विभाग का वास्तविक कारनामा का सच्चाई दिखाई दे रहा है। जब शिक्षा विभाग हीं इस तरह का जोड़ हिसाब नहीं रख पाता है तो उनके शिक्षक को मैथोमैटिक्स में क्या हाल होगा। मृतक शिक्षकों में 1. जगलाल राम टीचर आईडी 571503, उडाइज

46	461204	MUNDRIKA KUMARI
47	296780	SANJAY KUMAR TIWARI
48	185216	OM PRAKASH RAM
49	612456	KEDAR MAHTO
50	719502	KRISHNA SAHU
51	223815	TARKESHWAR DANGI
52	630462	NANDKISHOR SAO
53	493932	RAJU RAM
54	731406	RAM MUNDA
55	680462	JUSTIN BAKHALA
56	683634	SUCHITA BAKHALA
57	518649	SHOBHA KHALKHO
58	179523	GITA DEVI
59	319052	SABA LAKRA
60	634157	SAMUEL TIRKI
61	171729	DANIEL KHAKHA

कोड 20030503504, विद्यालय यूपीजी पीएस पुरनाडीह, क्लस्टर एमएस डाड़ी, कोरोना काल में मौत हो गयी थी। 2. जस्टिन बाखला टीचर, आईडी 680462, उडाइज कोड 20030520001, विद्यालय यूपीजी पीएस स्लाइगरहा, क्लस्टर एमएस शिला इचाक की मृत्यु 26.4.21 कोरोना काल में हुई है। 3. राम मुंडा, टीचर आईडी 731406, उडाइज कोड 20030520001, विद्यालय यूपीजी पीएस स्लाइगरहा, क्लस्टर एमएस शिला इचाक की मौत 11.2.21 कोरोना काल में हो चुकी है। 4. मुलायम सिंह यादव, टीचर आईडी 267802, उडाइज कोड 20030510903, विद्यालय यूपीजी एमएस सिन्दरीबार, क्लस्टर यूएमएस केंदू हिंदी, कोरोना काल में मौत हो चुकी है। 5. संगीता कुमारी, टीचर आईडी 477302, उडाइज कोड 20030510302, विद्यालय यूपीजी पीएस डोकिया, क्लस्टर एमएस बगरा को भी कोरोना काल में मौत हो चुकी है। जब सभी मृत या सेवानिर्वित हो चुके है तो उनका गैरहाजरी बनाना कितना जरूरी हो सकता है। यह शिक्षा, शिक्षा विभाग से सिख लेने की जरूरत है।

बारीयातु प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायतों में आवास दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : उप विकास आयुक्त लातेहार व झारखंड सचिव ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश के आलोक में बीडीओ प्रतिमा कुमारी के आदेशानुसार सभी पंचायतों मे आवास दिवस मनाया गया। आवास दिवस के मौके पर उपस्थित पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया. आवास बनाने मे किसी तरह के परेशानी नहीं हो इसके लिए लाभुकों के साथ सीधा संवाद किए गए। बारीयातु प्रखण्ड अंतर्गत बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातू, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया, बारियातू पंचायत सचिवालय भवन परिसर में आवास दिवस मनाया गया। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में आवास दिवस के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ-साथ बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी भी मौजूद रही। वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-

18, 2018-19, 2019-20, 2021-22, 2022-23 में आवास निर्माण के लिए के लिए लाभुकों के बैंक खाते मे प्रथम किस्त व द्वितीय किस्त की राशि भुगतान प्राप्त लाभुकों का लंबित आवास कार्य को हर हाल में पूर्ण कराने को लेकर गहन विचार - विमर्श किया गया। बीडीओ कुमारी ने आवास सहायक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हाल में कार्य मे कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं स्थानीय मुखिया और वार्ड सदस्यों, स्वयंसेवकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्र मे लंबित आवास कार्य को पूर्ण कराने मे सहभागिता निभाने की अपील की । कार्य मे तेजी लाने के लिए बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक गुरूवार को सभी पंचायतों में 30 जून तक आवास दिवस मनाया जायेगा।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने प्रधान सचिव को लिखा पत्र

➲मामला का सिंजो मध्य विद्यालय में 70 क्विंटल चावल के घोटाला का

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के लातेहार जिला अध्यक्ष संदीप राम ने प्रधान सचिव स्कुली शिक्षा व साक्षरता रांची को पत्र लिखकर मनिका के सिंजो मध्य विद्यालय मे मध्याह्न भोजन के लिए लाई गई 70 क्विंटल चावल घोटाला के मामले को शिक्षा विभाग के द्वारा दबाने को लेकर निष्पक्ष जांच के लिए कमिटी गठित कर दोषियो पर कारवाई की मांग किया है। संदीप राम ने कहा है की बच्चो के निवाले को निगलने के मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की टीम ने विधालय मे जाकर मामले की जांच की थी। जहां पर 70 क्विंटल चावल के साथ साथ 87531 रूपया 90 पैसे का घोटाला सामने आया था।

इसकी विभागीय जांच के लिए कमिटी गठित की गई थी ।परंतु शिक्षा विभाग मे अधिकारियो की मिलीभगत से मामले की लीपापोती कर दी गई। उक्त मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ने प्रधान सचिव शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियो पर कारवाई करने की मांग किया है ।उसकी पत्रलिपी राम ने जिले के उपायुक्त सहित विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा को भी दिया है।

कब्रिस्तान गार्डवाल निर्माण में बरती जा रही है घोर अनियमितता

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड क्षेत्र के केंदू गांव में स्थित कब्रिस्तान का बाउंड्रीवाल के साथ गार्डवाल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन गार्डवाल में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। निर्माणाधीन योजना में बालू के अनुपात में सीमेंट का मात्रा बहुत कम है। जिसका विरोध ग्रामीणों ने जोर शोर से जताया तो संवेदक ने उन्हें उल्टा चश्मा पहना गलत को सही पाठ पढ़ा दिया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर जब पत्रकारों ने निर्माणाधीन योजना स्थल पर पहुंच जायजा लिया जंहा देखा गया कि योजना निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। गार्डवाल का जोड़ाई पत्थर से किया जा रहा है, जिसमें निम्न स्तर का मसाला लगाया जा रहा है। यूं कहें तो पत्थर का जोड़ाई नहीं बल्कि पत्थर पर पत्थरों को सजा दिया गया है। जिसे बहुत ही आसानी से हांथ

से निकाला जा सकता है। संवेदक द्वारा किये जा रहे निम्न स्तर का घटिया कार्य के कारण मानसून की पहली बारिश में ही गार्डवाल धराशाई हो जाएगा और साथ ही उसका नामो निशान तक मिट जाएगा। इस प्रकार सरकारी रुपयों का दुरुपयोग उचित नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि विभागिए अधिकारी निर्माणाधीन योजना का बारीकी से जांच कर दोसी संवेदक पर सख्त कार्रवाई करते हुए जनकल्याणकारी योजना को गुणवत्ता पूर्वक धरातल पर उतारा जाय ताकि लोगों को योजना का गुणवता पूर्ण लाभ मिल सके।

पत्थलगड़ा प्रखंड किसान सिंचाई के लिए नदी पर आश्रित

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखंड क्षेत्र नदी में पानी सुख रहे। सभी कूप हुए चट 80 प्रतिशत किसान नदी पर आश्रित नदी में आहोर खुदवा कर रहे सिंचाई पत्थलगड़ा मिर्च की खेती से जाना जाने वाला अपना स्तित्व खोते नजर या रहा है। इस भीसन धूप से पटवन एक दिन में सुख जाता है।ऊपर से सिंचाई का कोई सुविधा नहीं अंत में नदी भी बीच में ही धोखा दे जाति है। जबकि यही नदी में 2-3 दसक पहले भिसान गर्मी पड़ने पर भी नदी में पानी का धार चलता रहता था और हमारे कूपों का लेयर हर समय बना रहता था। भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है।लेकिन इसका मुख्य कारण है नदी से अधिक मात्रा में बालू उठाव हो जाना जो हमारे प्रकृति से लेकर इसका असर किसानों तक अभी पड रहा है। सरकार अगर चाहे तो अवैध उत्खनन रोक इस विक्राल पानी संकट को रोक सकती है। व जिस तरह जल नल योजना के जैसा हर किसानों को बोरवेल कर सोलर पंप लगवा सब्सिडी देकर किसानों को राहत दिलवा सकती है।

अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने जिला स्थापना दिवस को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला के 40वें स्थापना दिवस (17.05.2023) पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु आज बुधवार को अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में एक बैठक पदाधिकारियों के साथ अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा में हुई। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए राज्य के दो कलाकारों पद्मश्री मुकुंद लाल नायक और मधु मंसूरी हंसमुख को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर उरांव,माननीय मंत्र,वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही,सांसद धीरज प्रसाद साहू,सांसद सुदर्शन भगत, बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भी अतिथियों में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

कर्नाटक से लौटे भाजपा नेता विनोद बिहारी हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : कर्नाटक से लौटे बिनोद बिहारी पासवान का सिमरिया में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाई, अंगवस्त्र प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा कार्यकर्ता उनके अगवानी के लिए सिमरिया चौक पर ढोल बाजे के साथ खड़े थे और उनका इंतजार कर रहे थे। उनके आते हीं सिमरिया चौक जयकारे से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने पटाखे छोड़े मिठाईयां बांटी और जमकर जिंदाबाद के नारे लगाए।भाजपा नेता ने सिमरिया चौक के संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में चुनाव लड़ने की लालसा लेकर नहीं आया बल्कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय

श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रभावित होकर आया हूं। देश दुनिया के जो हालात है उसमें भाजपा हैं एक ऐसी पार्टी है जो देश को सशक्त रख सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मंदिर के समान है जहां में सेवक बनकर रहना चाहता हूं। स्वागत समारोह में मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमार शुभम भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित कुमार साहू, मंडल महामंत्री कृष्णा पांडे उमाशंकर सिंह बॉबी सिंह अक्षवट सिंह, लीलाधर महतो, बजरंग सिंह, रामदेव राणा, नानकु यादव, भोला सिंह, अर्जुन साहू, सेवा साव, प्रकाश राम, विजेंदर भारती, सुनील कुमार साहू सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजेद थे।

उपायुक्त अबु इमरान ने जिले में संचालित विकास योजनाओं का किया समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, विशेष केन्द्रीय सहायता मद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी से संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रतापपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हिंदियाकला में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता मद से बिरहोर परिवारों के बीच पेयजलापूर्ति हेतु लगाये गए चापानल के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। इस संदर्भ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के कार्यपालक अभियंता अविक अंबाला के द्वारा बताया गया कि चापानल सुचारू रूप से संचालित है। माँ कॉलेश्वरी मंदिर स्थित पेयजल की आपूर्ति हेतु

विद्युत की आवश्यकता को देखते हुए कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल चतरा को निर्देशित किया गया कि मंदिर स्थित पेयजलापूर्ति हेतु विद्युत की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता पेजयल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। ताकि वहां पेयजल की आपूर्ति की जा सके। भेड़ी फार्म में चल रहे सौदर्यीकरण कार्य एवं कैंटीन निर्माण कार्य, सड़क निर्माण कार्य समेत अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इस संदर्भ में संबंधित एजेंसी के कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि कार्य प्रगति पर है शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। जिला अनुमण्डलीय पुस्तकालय में चल रहे सोलर पैनल का अधिष्ठापन कार्य, पुस्तकालय का नवीकरण कार्य, पुस्तकालय भवन मरम्मति कार्य समेत अन्य अतिआवश्यक कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र को निर्देशित किया गया कि कार्यों का समय समय पर अपने स्तर से निगरानी कर शीघ्र कार्य को पूर्ण करायें। जिससे जिले के छात्र-छात्राओं को जल्द से जल्द इसका लाभ प्राप्त हो। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, विशेष केन्द्रीय सहायता मद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि वैसे योजनाएं जो पूर्ण हो चुका है उन योजनाओं का उद्घाटन कार्य एवं संबंधित को हस्तगत कराएं। साथ ही उन्होने कहा कि वैसे योजनाएं जो अभी पूर्ण नहीं हुए है उसे दिए गए समय सीमा के अंदर निगरानी रखते हुए पूर्ण कराएं। वहीं उन्होने कहा जिन योजनाओं का कार्य प्रारंभ करना है उन योजनाओं की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाय ताकि शिलान्यास का कार्य किया जा सके। उक्त बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा अविक अंबाला समेत सभी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, शुक्रवार, 12 मई 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

भव्य महाआरती व भजन संध्या के साथ स्थापना दिवस महोत्सव हुआ संपन्न

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में बुधवार की देर शाम भव्य महाआरती एवं भजन संध्या के साथ तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई। बुधवार की देर शाम मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई गई। जिसके पश्चात महा आरती प्रारंभ हुई। भव्य महाआरती में तेरह सुहागन महिलाएं शामिल हुई ।महाआरती की समाप्ति के पश्चात तेरा सुहागन महिलाओं ने दादी की भजनों पर जमकर नृत्य किया। जिसके पश्चात दादी की अनेकों भजन म्हारी कुल की देवी माँ भगत थारा लाड करे,सदा सुहागन रखना मां,चालौ चालौ रे बुलावे राणी सती दादी जैसे अनेकों भजनों पर जमकर झूमे दादी भक्त।मौके पर दादी भक्तों ने कहा कि दादी की असीम कृपा से तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन मंदिर परिसर में मेहंदी उत्सव आयोजित हुई, वही दूसरे दिन अग्रसेन भवन में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया और तीसरे दिन भव्य महाआरती के साथ तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव संपन्न हुआ। सफल कार्यक्रम के लिए समस्त दादी भक्त बधाई के पात्र है।

यज्ञ समिति के लोगों ने सदर विधायक से मुलाकात कर दिया निमंत्रण

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिले के डाड़ी प्रखंड स्थित ग्राम हेसालौंग, रामगढ़ जिले के ग्राम सिरका-चैनपुर और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जबरा में जल्द महायज्ञ का आयोजन होगा। तीनों यज्ञ समिति के लोगों ने गुरुवार की हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके हजारीबाग के विशेश्वर दयाल पथ स्थित विधायक सेवा कार्यालय सभागार में मुलाकात किया और निमंत्रण पत्र सौंपकर महायज्ञ में शामिल होने का न्यौता दिया ।रामगढ़ जिले के सिरका- चैनपुर में आगामी 26 मई से 1 जून तक श्री श्री 1008 शिव प्राण- प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ का आयोजन होना है। हजारीबाग जिले के डाड़ी प्रखंड के ग्राम हेसालौंग में 10 जून से यज्ञ का आयोजन होना है। इसे लेकर यज्ञ समिति के लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल से मुलाकात की और राम- जानकी सहित भगवान शिव की प्रतिमा भेंट करने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने जल्द ही प्रतिमा यज्ञ समिति को भेंट करने का आश्वासन दिया। इधर हजारीबाग सदर प्रखंड स्थित ग्राम जबरा में जल्द ही महायज्ञ का आयोजन होना है इसे लेकर आयोजन समिति के लोगों ने भी उनसे मिलकर निमंत्रण दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने सभी यज्ञ आयोजन समिति को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपका निमंत्रण सहर्ष स्वीकार है और धर्म के जागरण के कार्यक्रमों में मैं बढ़-चढ़कर भागीदार रहा हूं और आगे भी सक्रियता से तन, मन और धन से भागीदार बनूंगा ।

कोयलांचल अरगड्डा-सिरका में तापमान 38 डिग्री के पार

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कोयलांचल अरगड्डा- सिरका समेत गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय समेत आस-पास के क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप बीते तीन दिनों के अंतराल में बढ़ता ही जा रहा हैं। क्षेत्र का तापमान 38 डिग्री के पार चला गया हैं। कड़कती धूप सभी लोगों के पसीने छुड़ा रही हैं। सुबह से शाम तक गला सूख रहा हैं। लोगों के पानी की प्यास और जरुरत बढ़ती जा रही हैं। गर्मी से बचने के लिए बच्चे, बुजुर्ग, रोगी बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग ठंडे पेय शर्बत, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, दही का सहारा ले रहे हैं। इधर मौसम विभाग की माने तो 3 से 4 दिनों में कड़कती धूप में और इजाफा होगा। साथ ही तापमान का टेंपरेचर और आगे बढ़ेगा। जिससे पूरा क्षेत्र सूर्य की तपिश से झूलस उठेगा। वहीं लोग बताते हैं कि गर्मी लगातार बढ़ रही हैं। इसका मुख्य कारण अरगड्डा के आस-पास के क्षेत्रों में बीते मार्च और अप्रैल माह के अंतराल में जंगली क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से आगजनी हुई थी। जिससे कई छोटे पेड़ पौधे झुलस कर समाप्त हो गए।

दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने बीएसएफ मेरू कैम्प,हजारीबाग में उपनिरीक्षक बैच संख्या 67 को लेकर आयोजित दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का गौरवशाली इतिहास रहा है, इस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर जवान राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने के साथ आतंकवाद, तस्करी एवं आपराधिक गतिविधियों आदि पर नियंत्रण हेतु सदैव सचेष्ट रहते हैं व अथक परिश्रम करते हैं। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण व कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने 1971 के युद्ध में अपनी दक्षता व साहस का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया है। देश के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिये बीएसएफ को सलाम है। राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षु उप-निरीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों को मातृभूमि की सुरक्षा व सेवा करने का अहम अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने इन उप निरीक्षकों द्वारा प्रदर्शित परेड की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रशिक्षण के दौरान आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आपने जिस करियर का चयन किया है, वह चुनौतीपूर्ण व सम्मानजनक है। राष्ट्र की सुरक्षा का अहम दायित्व आप पर है।

उन्होंने बीएसएफ के परिजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग प्रंशसनीय है। उक्त अवसर पर बीएसएफ के जवानों द्वारा बैंड डिस्प्ले एवं योगा का भी प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने सीमा सुरक्षा बल द्वारा लगाये गये शस्त्र प्रर्दशनी का अवलोकन किया। उक्त अवसर पर विधानसभा सदस्य मनीष जयसवाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक हजारीबाग जोन, उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, हजारीबाग समेत बीएसएफ मेरू कैम्प के अधिकारीगण व जवान उपस्थित थे।दीक्षांत परेड समारोह में भाग लेने के उपरांत हुटपा, हजारीबाग स्थित पंचायत भवन जाकर वहाँ ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने सखी मंडल की महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिये होते हैं, दोनों को एक-दूसरे का साथ देना चाहिये। उन्होंने उक्त अवसर पर कहा कि सभी लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिये तथा आय का सदुपयोग करना चाहिये, आमदनी को प्राथमिकता के आधार पर खर्च करना चाहिये तथा नशापान जैसी बूरी आदतों से दूर रहना चाहिये।

5 लोहे के खंभे की हुई चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल अरगड्डा डाक बंगला के सामने व बगल गैरज परिसर से करीब 5 लोहे के रेलवे लोहे खंभे चोरी होने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया हैं। इस संबंध में सुरक्षा विभाग सिरका ने बताया कि होमगार्ड द्वारा मिली सूचना पर चोरी का पता चला। बीते रात्रि बुधवार को अज्ञात चोरों द्वारा रेलवे लोहे के 20-20 फीट के पांच पोल, गैस कटर से काटे गए हैं। जिसकी सूचना प्रबंधन को दी गई है। इसकी कीमत हजारों में आंकी जा रही हैं। बतलादे कि डाक बंगला में कोलयरी सिरका के मैनेजर रहा करते थे. जिनका ट्रांसफर बोकारो क्षेत्र हो गया है. जिसके कारण डाक बंगला 15 से 20 दिनों से खाली पड़ा था। चोरी की सूचना रामगढ़ थाने को आवेदन द्वारा सुरक्षा विभाग देने की प्रक्रिया कर रहा था।

मदरसा मजहरे हसनात जामा मस्जिद गोलपर रामगढ़ में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखण्ड राज्य हज कमेटी, रांची के आदेशानुसार 11 मई बरोज जुमेरात को मदरसा मजहरे हसनात जामा मस्जिद गोलपर रामगढ़ में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना हाजी कलीमुद्दीन रिजवी ने किया। 2023 ई. में हज में जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान हज यात्रियों को मौलाना हाजी अबुल कलाम औरंगाबाद ने घर से लेकर एयरपोर्ट जेद्दा, मक्का मदीना, सफा, मरवा कार्यों को पुरा करने को लेकर जानकारी दी गई।

रांची से आए सरफराज साहब ने भी विस्तार पूर्वक हज के अरकान को बताया इसके अलावा मौलाना हाजी कलीमुद्दीन रिजवी मुफ्ती इजहार अहमद अमजदी हाजी मो रईस खान रजवी ने भी हाजियों की तरबियत की। इस वर्ष 109 हज यात्री हज पे जाएंगे। वही प्रशिक्षण का संचालन कारी मुस्ताक अहमद रजवी ने किया।

उन्होंने बताया की इस बार सऊदी रियाल भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ से ही लेना होगा इसकी सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण के बाद हाजीयो का टिकाकरण किया गया। टीकाकरण के लिए डॉक्टर की टीम मौजूद रही जिसमे डॉक्टर सरवर आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण शिविर में मौलाना अनवर, मौलाना सद्दाम , कारी इम्तियाज, कारी नसीम अख्तर, कारी लुकमान, मोलाना अबू हुरैरा ने शिरकत किया।

जन सेवकों की आंदोलन को अनदेखी कर रही हैं राज्य सरकार : सुनिता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिले के जनसेवको के द्वारा हड़ताल पर बैठने की मामले को गंभीरता पूर्वक लेती हुई विधायक सुनिता चौधरी रामगढ़ विधानसभा ने प्रेस विगप्ती जारी कहा की जनसेवको की आंदोलन को राज्य सरकार के द्वारा नजर अंदाज किय जा रही है और ग्रेड पे को घटाने के मामले में झारखंड सरकार द्वारा दोहरी नीति अपनाई जा रही हैं द्य और साथ ही कहा कि जनसेवकों की अपनी पुरानी 11सूत्री लंबित मांगों को राज्य सरकार जल्द पूरा करें इनकी आंदोलन जायज है द्य राज्य सरकार को जल्द इस पर पहल कर समस्या के समाधान करनी चाहिए इनकी धरना पर जाने से रामगढ़ जिले के विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है लेकिन राज्य सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही इससे राज्य सरकार की लापरवाही ओर जनसेवको के मांगों के प्रति उदासीन रवैया को दर्शाती है द्य जनसेवको की योगदान से ही हम जनता की समस्याओं की समाधान करते हैं इनके सहयोग के बिना हम विकाश की परिकल्पना भी नहीं कर सकते हैं द्य इनकी आंदोलन को समर्थन करती हूं, इनकी समस्याओं के समाधान के लिए इनके साथ खड़ी हूं ।

अरगड्डा- सिरका मुख्य सड़क पर उड़ते प्रदूषण से लोग हैं परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा-सिरका मुख्य सड़क पर इन दिनों वाहनों के चलने से धूल भरी हवाओं का गुब्बारा उठता हैं। इससे वाहन चालकों, राहगीरों और सड़क किनारे से गुजरने वाले स्कूली बच्चों को खासा परेशानी उठानी पड़ती हैं। अरगड्डा- सिरका के सड़कों पर दर्जनों जगह गड्ढे हो गए हैं। जिसमें लोगों ने मिट्टी- छाई भरी हैं। जो तेज रफ्तार में चलने वाले वाहनों से उड़ते हैं। साथ ही इससे सड़क पर प्रदूषण फैलता हैं। वायु प्रदूषण से अरगड्डा- सिरका के सड़क के किनारे कॉलोनी क्षेत्रों में भी इसका असर देखा जा रहा हैं। घर के दरवाजे और आंगन धूल गर्द से ढ़क जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि काफी समय से अरगड्डा- सिरका सड़क नहीं बना हैं। केवल छोटे गड्ढों पर कभी कभार चिप्पी साटने का काम किया जाता हैं। लेकिन भारी वाहनों, बालू लदे ट्रैक्टरों के चलने से मुख्य सड़क की दुर्गति बढ़ती जा रही हैं। सड़क को ठीक करने और रोकथाम करने की आवश्यकता हैं। जिससे प्रदूषण रोक और सड़क पर चलने वाले लोग सुरक्षित महसूस कर सकें।

एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : चितरपुर प्रखण्ड पूर्वी पंचायत भवन में झारखण्ड किसान महासभा के द्वारा श्री अन्न पर एक कार्यशाला आयोजन किया । इस कार्यशाला मे चितरपुर समृद्धि किसान प्रोड्यूसर कम्पन्नी लिमिटेड किसान भाई तथा क्षेत्र के अन्य महिला समूह से जुड़े सभी किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया झारखंड किसान महासभा के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंकज राय ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र काउंसिल के द्वारा 2023 को अन्तरराष्ट्रीय मिलेट बर्ष घोषित किया गया । जिसमे मोटे अनाज यानी मडुवा , गुंदली, कोदो, सावॉ, ज्वार, बाजारा इत्यादि। विभिन्न अलग-अलग वर्गो मैं विभाजित कर खेती को करने से किसानो बहुत ही अत्यधिक लाभ होगा जहाँ तरफ अत्यधिक पोषक तत्व से युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगी वहीं दूसरी तरफ कम लागत और बहुत परेशानी से मोटे अनाज की खेती की जा सकेगी ग्रामीण किसान प्रति एकड 1.5 से 2 टन तक उत्पादन किया जा सकता है जो आर्थिक रूप से काफी लाभदायक साबित होगा । इस दौरान राय ने बताया कि झारखण्ड मे रागी जिसे क्षेत्रीय भाषा मे मडुवा कहा जाता है तथा गुंदली यहाँ के किसानो के द्वारा पहले भी उगाया जाता था लेकिन कृषि विभाग एवं सरकार के स्तर पर मोटे अनाज की खेती को लेकर उदासीन नीति के कारण झारखण्ड के कुछ एक जिला के कुछेक प्रखण्ड तक ही सीमित रह गयी है झारखंड प्रदेश में रागी एवं गुन्दली की खेती को काफी सुगतमा से किया जा सकता है । जिसके लिए झारखण्ड किसान महासभा प्रखण्ड स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को चिन्हित कर रही है और निःशुल्क रागी का बीज उपलब्ध कराया जाएगा भविष्य के दिनों में मडुवा का प्रसंस्करण और उत्पाद तैयार करनी योजना है।झारखण्ड किसान महासभा प्रथम चरण मे 10 जिलो के 100 प्रखण्ड में 100 कार्यशाला का आयोजन 10,000 किसानों को बीज उपलब्ध करायेगी जायेगी । जिसमें करीब 1000 एकड में मोटे अनाज की खेती की जायगी, इस कार्यशाला की अध्यक्षता श्कपिल महतो और साथ ही इस उत्पादक संगठन के सदस्य रीता भारती, अनिता देवी, हेमन्त जी, सरिता देवी, रेखा कुमारी बबीता देवी पानो कुमारी संगीता देवी एवं अन्य सभी महिला ग्रुप के सदस्यगण मौजूद थे ।

आरएसएस के आवाह्न पर छात्राओं ने देखी द केरल स्टोरी मूवी

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उनके अनुषांगिक संगठन बजरंग दल के आवाह्न पर हजारीबाग जिले के प्लस टू स्कूल और विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत करीब 15 सौ से अधिक युवतियों ने एक साथ गुरुवार को सच्ची घटना पर आधारित फिल्म ÷द केरल स्टोरी÷ देखी। हजारीबाग के लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार में लक्ष्मी चित्र मंदिर में दिन का पहला शो सभी ने सामूहिक रूप से देखा। फिल्म देखने पंहुची युवतियों में एक प्रकार का ललक देखा गया जो अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागृत होने का सकारात्मक परिचायक है। कड़ी धूप और प्रचण्ड गर्मी के बावजूद इस सच्ची घटना पर आधारित सिनेमा ने सिनेमा हॉल पहुंचने को विवस भी किया। सिनेमा देखने पहुंची सभी युवतियों और माताओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर मुख्य द्वार पर अगवानी किया। बड़े ही अनुशासित ढंग से सभी दर्शकों ने 3 घंटे के इस ज्ञानवर्धक फिल्म का आनंद उठाया। इस दौरान सभी दर्शकों के लिए अल्पाहार का भी उचित व्यवस्था संघ द्वारा किया गया। पहले शो में करीब 1200 और दूसरे शो में करीब 300 युवतियों ने यहां द केरल स्टोरी मूवी देखी। मूवी के रिव्यू में सभी ने सामूहिक रूप से एक बात बताई की फिल्म का लास्ट डायलॉग मन को बहुत तकलीफ दे गया की ÷बाबा आपने हमें धर्म की शिक्षा क्यों नहीं दी÷।

सनस्ट्रोक लू से बचाव के लिए धूप से बचें व ज्यादा पानी पिये

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गर्मियों में सनस्ट्रोक-लू लगना आम बीमारी है! मई से जुलाई माह तक तापमान के बढ़ने एवं गर्म हवा के झोका चलने पर लु लग सकता है इसमें हमारे शरीर के द्रव पानी नमक सोडियम पोटैशियम की कमी हो जाती है और लू का खतरा बढ़ जाता है लू लगने पर शरीर में गर्मी थकावट बार-बार करक के पेशाब होना जैसे लक्षण मिलता है चिकित्सीय भाषा में शरीर का तापमान 105 डिग्री फारेनहाइट से अधिक रहने पर सेंट्रल नर्वस सिस्टम में जटिलता के कारण लु लगता है जनहित के लिए यह बाते डॉ आरसी प्रसाद मेहता प्रमंडलीय अध्यक्ष स्वस्थ विभाग कांग्रेस कमेटी झारखंड ने कहा । डॉ मेहता ने बचाव लक्षण एवं उपचार संबंधित सुझाव देकर लोगों को लू से बचने का सलाह दिए। लक्षण 1- मुंह सूखना बुखार उल्टी पैखाना चक्कर लगना सर दर्द रुक रुक कर जलन युक्त पेशाब होना शरीर का तापमान बढना इत्यादि लक्षण हो सकते हैं। 2- लू लगने से आंखों में जलन चक्कर लगना प्यास लगना बेहोशी जैसा लक्षण हो सकता है । 3- ब्लड प्रेशर घटना लिवर किडनी में सोडियम पोटैशियम का संतुलन बिगड़ना इसके अलावा ब्रेन हेमरेज हार्ट अटैक भी हो सकता है। 4- लू लग जाने पर शरीर का तापमान 105 सेल्सियस तक बढ़ सकता है जिस कारण हाथ पैर एवं शरीर में कन्वलसन मिर्गी फरका जैसा लक्षण मिल सकता है। बचाव हेतु गर्मी के दिनों में तरल पदार्थ जैसे नींबू पानी आमरस छाछ लस्सी नारियल पानी बेल शरबत नींबू का शरबत खासकर तरल पदार्थ का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करते रहे। ढीले और सूती कपड़े पहने अचानक ठंडी ऐसी से धूप में न जाए ज्यादा हरी सब्जी खीरा ककड़ी खरबूजा लौकी इत्यादि का प्रयोग करें उल्टी दस्त लूज मोशन या सीरियस होने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाएं एवं चिकित्सक के परामर्श अनुसार सिंप्टोमेटिक इलाज करावे यदि नजदीक में चिकित्सा सुविधा नहीं है उस स्थिति स्थानीय दवाखाना से उल्टी होने पर TAB-ONDEM एक टेबलेट सुबह शाम खाए। पैखाना होने पर Tab ofal oz सुबह-शाम खाए बुखार आने पर पेरासिटामोल 500 उम्र और लक्षण के अनुसार सुबह शाम लें। ह्रस्र या नमक चीनी का घोल ज्यादा से ज्यादा पिए। तदोपरांत अपने परिवारिक चिकित्सक से सलाह लें कर स्वस्थ एवं सुखी रहे ।

विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और मान-सम्मान खतरे में : चंदन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय में लूट बदस्तूर जारी है और इस पर राजभवन के जाँच के निर्देश के बाद भी कारवाई न होना बहुत ही चिंता का विषय है।इस पूरे मामले को ले कर चंदन सिंह ने कुलाधिपति सह राज्यपाल को पत्र लिखा है पत्र में उन्होंने बताया है की विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक विफलता और वित्तीय अनियमितता पर राजभवन की चुप्पी कहीं से जायज़ प्रतीत नहीं हो रही है।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मुकुल नारायण देव के पूरे कार्यकाल में इन पर दर्जनों केस दर्ज किए गए यहाँ तक की पी.आई.ऐल भी दायर किया गया लेकिन राजभवन पूरे मामले में मौन है।वित्तीय अनियमितता को ले कर जहां पूर्व के कुलाधिपति महोदयों ने जाँच के आदेश दिये और जाँच टीम भी गई पर फिर वही ढाँक के तीन पात।पत्र में चंदन सिंह ने लिखा है की आपके कुलाधिपति बन कर आने और आपके निर्णयों को देख न्याय और विश्वविद्यालय को ले कर उम्मीद जगी परंतु आपके द्वारा दिये गए आदेश पर भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है।आपके दिये आदेश जिसमें कुलपति के वित्तीय अधिकार और नीतिगत फ़ैसले पर रोक लगाने के बाद भी लगातार इनके द्वारा फ़ैसले लिए जा रहे हैं।जहां पूर्व में इन्होंने कई महाविद्यालयों के पद सृजन को ले कर निर्णय लिए वहीं इनके द्वारा मॉडल कॉलेज चतरा के प्राचार्य को विभागाध्यक्ष बनाने हेतु उनके असहमति के बाद भी उन्हें विभागाध्यक्ष बनाने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है क्योंकि उनके द्वारा रूसा के मद से बिना डिमांड के ही दो करोड़ पैंशठ लाख रुपए(26500000) के स्मार्ट बोर्ड भेज दिया गया है।वहीं प्राचार्य पर इसके बिल पर दस्तख़त करने का दबाव बनाया जा रहा है और दस्तख़त नहीं करने पर इनका स्थानांतरण कर दिया गया है।कुलपति के द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के कृत्यों पर राजभवन की चुप्पी कुछ अलग कहानी बयान करती है।

पूरे मामले पर चंदन सिंह ने आग्रह किया है की राजभवन की गरिमा और विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए तत्काल कारवाई सुनिश्चित की जाए।

विष्णुगढ़ प्रखण्ड के पंचायत सचिवालयों में स्वच्छता पखवाड़े का सफल आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत तमाम पंचायत सचिवालयों में झारखंड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देशानुसार,विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी की देखरेख में विशेष ग्राम स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन करवाया गया।जिसमे विष्णुगढ़, चेडरा, सारूकुदर एवं खरना के चुने जनप्रतिनिधियों(मुखिया) ने स्वच्छता पखवाड़े में बढ़चढ़ कर अपना योगदान दिया । स्वच्छता पखवाड़े में सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है,जिसमे ठोस,तरल एवं प्लास्टिक के कचरों के प्रबंधन हेतु सभी पंचायतो से कचरा निपटान के लिए जरूरत के अनुसार योजना चयन कर जनप्रतिनिधियों से उसकी व्यवस्था की बात पर बल दिया गया है ।इस अवसर पर विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष सह सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो ने कहा कि मैं अपने मुखिया संघ के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़े पर विशेष चर्चा करूँगा और कचरों के निपटान हेतु प्रबंधन को अपने पंचायत से एक मिसाल के रूप में पेश करूँगा । शरीर की स्वच्छता से तन निरोग होता है,और गाँव की स्वच्छता से समाज ,सभ्य और सुंदर दिखता है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

भारतपे के पूर्व एमडी व उनके परिवार पर एफ आई आर दर्ज

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): हम ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी जैन और परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा आपराधिक कृत्यों के संबंध में कंपनी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने का स्वागत करते हैं। कंपनी पिछले 15 सालों से ग्रोवर द्वारा कंपनी, बोर्ड और इसके कर्मचारियों के खिलाफ फैलाए जा रहे दुर्भावनापूर्ण एवं कुत्सित दुष्प्रचार का सामना कर रही है। एफआईआर का दर्ज किया जाना सही दिशा में उठाया गया एक कदम है, जो इस परिवार द्वारा अपने व्यक्तिगत आर्थिक लाभ के लिए किए गए अनेक संदिग्ध विनिमयों का खुलासा करता है। यह एफआईआर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस अपराध की गहराई से छानबीन करने और अपराधियों को दंड दिलाने में मदद करेगी। हमें देश की न्याय व्यवस्था और कानून प्रवर्तन प्रणाली में पूरा विश्वास है और आशा करते हैं कि इस मामले में भी उचित न्याय मिलेगा। हम अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग देते रहेंगे। इस अपराधिक मामले में हमें (भारतपे) को परामर्श एमजैडएम लीगल दे रहे हैं।

बिड़ला कॉर्पोरेशन का मार्च तिमाही में रहा रिकॉर्ड बिक्री व मजबूत प्रदर्शन

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक चुनौतीपूर्ण वित्त वर्ष 2022 का समापन 23 मार्च तिमाही में रिकॉर्ड बिक्री और चौतरफा मजबूत प्रदर्शन के साथ किया, जिसने दिसंबर के अंत तक संचयी घाटे को मिटा दिया। सुस्त मांग के बावजूद अधिकांश प्रमुख बाजारों में कंपनी की समेकित सीमेंट बिक्री द्वारा मार्च तिमाही के लिए वॉल्यूम साल-दर-साल 4.5त्न बढ़कर 4.44 मिलियन टन हो गयी। जो रिकॉर्ड उच्चतम है और कीमत के कमजोर रहने के बावजूद, प्राप्ति 4.3त्न अधिक थी जो पिछले साल इसी अवधि में 5,261 रुपये प्रति टन था। पूरे वर्ष के लिए, समेकित बिक्री मात्रा के हिसाब से 10.6त्न बढ़कर 15.73 मिलियन टन हो गयी। लागत बाधाओं के बावजूद, सीमेंट डिवीजन ने मार्च तिमाही में प्रति टन ईबीआईटीडीए 615 रुपये हासिल किया और जो पिछले साल 650 रुपये और इसी तरह 689 रुपये-समान आधार के लिए–अर्थात् नई कमीशन की गई मुकुटबन इकाई को छोड़कर–जो तुलनीय आधार पर 6त्न की वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। तिमाही के लिए शुद्ध लाभ 85 करोड़ रुपये था जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 85 करोड़ 23.4त्न कम था, जो मुकुटबन इकाई के प्रदर्शन में सुधार को दर्शाता है। पूर्वी महाराष्ट्र में एक वर्ष पुरानी इकाई को बढ़ाने की लागत आंतरिक बजट के भीतर से थी। उत्तरी और मध्य भारत के पारंपरिक बाजारों में कंपनी की इकाइयां उच्च क्षमता उपयोग को बनाए रखते हुए पूरे दमखम के साथ संचालित, और प्रीमियम और मिश्रित सीमेंट में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। उनके मजबूत प्रदर्शन ने लाभप्रदता में सुधार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बेंच मार्क पब्लिक स्कूल में माताओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाएगा : अश्विनी चौबे

पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): बच्चों के अस्तित्व में अपनी सबसे बड़ी भागीदारी निभाने वाली या दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि बच्चों के भविष्य की निर्माता उनकी मां होती है। यह बात बिल्कुल सच है कि मां के चरणों में स्वर्ग होता है और उनके सम्मान में कुछ भी कह पाना या कर पाना सूर्य को दीपक दिखाने के बराबर है। परंतु फिर भी चुकी मां तो इस प्रकृति की सबसे अनमोल धरोहर हैं और उनके सम्मान में पतरातू प्रखंड के हुरूम गड्डा स्थित बेंच मार्क पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्कूल के बच्चों की माताओं के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं तथा उन्हें सम्मानित भी किया जाना है।

नप क्षेत्र सिरका में वाहन से कूड़े उठाए गए

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा सिरका वार्ड क्षेत्र एसबीआई बैंक के समीप समेत विभिन्न कूड़ेदान स्थलों से जेसीबी से उठाकर ट्रैक्टरों में लादकर कचड़े हटाये गए। सफाई कर्मीयो ने बताया कि अभियान पूरे सिरका वार्ड क्षेत्रों के जमा कुड़ा स्थलों पर चलाया गया।

बड़कागांव में रजा ए मुस्तफा काफ्रेंस का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम डाडी कला में रजा ए मुस्तफा कॉन्फ्रेंस नाम से जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में देश भर से आए नामवर आलिमों ने जलसे में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। जलसे का शुभारंभ पवित्र कुरान ए पाक के तिलावत से किया गया।इस जलसे में मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खान बरेली शरीफ उत्तर प्रदेश, मुफ्ती मोहम्मद आशिक कश्मीर, मुफ्ती मोहम्मद बिलाल अनवर, मुफ्ती मोहम्मद यूनुस रजा, शायर ताहिर रजा रामपुरी, शायर मुबारक हुसैन मुबारक गिरीडीह, शायर अब्दुल समद महाराष्ट्र, मुफ्ती मोहम्मद महबूब हजारीबाग गुलाम वारिस हशमति, अजहर अल्ताफ सहित अन्य आलिम ए दिन उपस्थित हुए। जलसे को संबोधित करते हुए मुफ्ती मोहम्मद आशिक ने कहा के इंसान को हर तरह के बुरे कामों से तौबा करना चाहिए। कोई भी इंसान अपने बुरे कामों से तौबा करता है तो अल्लाह पाक खुश होते हैं और उन्हें माफ कर देते है। तौबा करने वालों को अल्लाह पाक पसंद करते हैं। आगे कहा के देश में सांप्रदायिक सौहार्द बने रहने से ही देश का विकास हो सकता है। इस दौरान देश के अमन चैन और तरक्की की दुआ मांगी गई।कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद भी उपस्थित हुई। उन्होंने कहा जिनके अंदर से इंसानियत खत्म हो जाती है अल्लाह भी उससे नाराज हो जाता है। इसलिए सबसे पहले नेक इंसान बनो तो ईश्वर भी आपके साथ रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकनाथ महतो, मोहम्मद इब्राहिम, सोनू इराकी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर मुजफ्फर अली, सेक्रेटरी हसमत अली, खजांची कयूम अंसारी, सरपरस्त एजाज आलम, रियासत हसन, सद्दाम हुसैन, मोइन अंसारी, मोहम्मद रिजवान, लियाकत, गुलाम रब्बानी सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

विभावि के पास इंटरनल एग्जाम की उत्तरपुस्तिका खत्म, अब वैकल्पिक उपाय

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पास आंतरिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका नहीं है। इस वजह से कई कॉलेजों में अब तक आंतरिक परीक्षाओं की शुरुआत नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक अभी सेमेस्टर चार का परीक्षा होना था। अन्नदा महाविद्यालय में परीक्षा चल भी रहा है परंतु अन्य कई कॉलेजों के परिक्षार्ति परीक्षा से वंचित हैं। इस छोटे कारण की वजह से सेमेस्टर लेट होने का खतरा बढ़ गया है। मई में परीक्षा फॉर्म भरा जाना तय है। मगर इसके लिए पहले इंटरनल एग्जाम देना अनिवार्य है। कुछ दिनों बाद गर्मी की छुट्टी भी होनी है। ऐसे में सब कुछ ससमय होना नामुमकिन दिख रहा है। संबंधित कार्यालय के अधिकारी नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि वीसी के फाइनेंशियल पावर छिन जाने के कारण इंटरनल एग्जाम की उत्तरपुस्तिका नहीं छप पा रही है। वहीं परीक्षा नियंत्रक गौरीशंकर का कहना है कि उत्तरपुस्तिका की कमी नहीं है। कहा कि, वो नहीं है तो क्या हुआ, वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए जिस उत्तरपुस्तिका को सेमेस्टर एग्जाम के लिए प्रयोग में लाया जाता था उसी में हम परीक्षा करवाएंगे। 16 पन्नों के कॉपी को 8 पन्नों का बना कर स्टेपल करने का कार्य करेंगे। प्रक्रिया शुरू है, कॉलेज आ कर उत्तरपुस्तिका ले सकते हैं।

पतरातू पर्यटन विहार का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : 20 करोड़ की लागत से निर्मित जी प्लस 3 वीवीआइपी गेस्ट हाउस व 25 करोड़ के अन्य योजनाओं का शिलान्यास पतरातू की धरती पर सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विशिष्ट अतिथि हफीजुल हुसैन मंत्री पर्यटन कला,संस्कृति खेल एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के साथ गणमान्य अतिथि में हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा,तथा स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद,भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार,प्रधान सचिव मुख्यमंत्री मित्तल चौबे,पर्यटन निदेशक अंजली यादव,राज्यमंत्री फागु बेसरा,केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया भी शामिल हुए। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड में पर्यटण स्थलों को विकसित करने का काम किया जा रहा है, आने वाले समय में यह और भी विकसित होगा। पलानी झरना का भी जल्द कायाकल्प होगा। मंच से झारखंड सरकार के मंत्री का फिजूल हसन ने कहा झारखंड को पर्यटण स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन नीति बनाई गई है। साथ ही सरकार ने किसानों को ऋण माफ करने का काम भी किया है यह पहली सरकार है जो किसानों के हित में सोचती है। हमारी सरकार ने क्षेत्र में काम किया है। 25 करोड़ की योजनाएं प्रखंड में दी जा रही है जो जल्द से जल्द धरातल में उतरेगा। स्थानीय नीति के तहत 75त्न स्थानीय को रोजगार दिया जा रहा है। पतरातू अस्पताल जो जर्जर स्थिति में है उसका भी पुनर्निर्माण किया जाएगा। नवनिर्मित जी प्लस 3 वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब होकर कई प्रश्नों का जवाब दिया।तथा झारखंड पर्यटन फोटोग्राफी वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में 322 प्रतिभागियों पुरस्कृत किया गया।

बरही में आजीविका सखी मंडल को दिया गया रोटा विटर सहित 3 मिनी ट्रेक्टर

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जेएसपीएलएस के माध्यम से आजीविका सखी महिला मंडल समूहों के बीच तीन मिनी ट्रेक्टर रोटा विटर के साथ वितरण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला ने विधिवत फीता काटकर एवं तीन लाभुक सखी महिला समूहों को हाथ में ट्रेक्टर की चाभी देकर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। ट्रैक्टर की चाबी मिलते ही महिला समूह अति उत्साहित हुई और ट्रैक्टर को संचालित कर दिखाया। मौके पर विधायक ने कहा राज्य सरकार ने आजीविका सखी मंडल समूहों को 6 लाख 25 हजार रूपये का मिनी ट्रैक्टर 80 फीसद अनुदान पर मात्र 1लाख 25 हजार रूपये का भुगतान पर दिया है। वहीं उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर करने के लिए यह सुनहरा अवसर है।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584/ई–टेंडरिंग/14-DHN-23-24 :: धनबाद, दिनांक: 10.05.2023

शुद्धि पत्र

यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 14-DHN-2023-24 दिनांक 01.05.2023 को प्रशासनिक कारणों से **निरस्त** की जाती है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण) /पूमरे, धनबाद

पीआर/00293/डीएचएन/ईएनजीजी/सी/23–24/12

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– **RCD/HAZARIBAG/622/2023-24** दिनांक :–**10.05.2023**

1.	कार्य का नाम	पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "द्वारी से रोल (MDR-99) (कुल लम्बाई 25.757 कि.मी.) पथ का 2 Lane में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (Job. No. CRF-JHR-2022-23/55)"
2.	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	रू. 84,65,00,000.00 (चौरासी करोड़ पैसठ लाख रूपये मात्र)
3.	कार्य समाप्ति की अवधि	24 (चौबीस) माह
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	18.05.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न
5.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.06.2023 12:00 बजे दिन तक
6.	Pre-Bid बैठक	24.05.2023 12:00 बजे दिन
7.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं०	9431326172
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं०	0651–2446007

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in , Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 297132 Road(23-24).D

कार्यालय: समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

सूचना

कार्यालय आदेश ज्ञापांक– 239/(ITDA), लातेहार दिनांक– 16.02.2023 के आलोक में PR No. 290531 Welfare (22-23)D द्वारा प्रकाशित सूचना जिसके द्वारा Service Procurement के आधार पर लातेहार जिलान्तर्गत विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में रिक्तियों के विरूद्ध घंटी आधारित शिक्षकों की सेवा प्राप्ति हेतु दिनांक– 02.03.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके आलोक में कार्यालय में अनुसूचित जाति के 14, अनुसूचित जनजाति के 160, सामान्य वर्ग के 51, कुल– 225 (दो सौ पच्चीस) आवेदन प्राप्त हुए। दिनांक–19.04.2023 को जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कोटिवार सूची तैयार की गई है, जिसे प्रकाशित करते हुए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता की जारी सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक–17.05.2023 तक अपना लिखित रूप से आपत्ति साक्ष्य सहित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई कर समीक्षोपरांत चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए सूची के आधार पर अंतिम रूप प्रदान किया जायेगा, तद्नुसार रिक्तियों के विरूद्ध घंटी आधारित शिक्षकों के चयन हेतु कार्रवाई की जाएगी। सूची जिले के बेवसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक
आई०टी०डी०ए०, लातेहार

PR 297117 Welfare (23-24)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई–निविदा सं0 :– **RE-RDD/SD/HZB/28/2022-23**

ग्रुप सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	RE-RDD/SD/HZB/28/01/2022-23	बरकट्ठा	बरकट्ठा प्रखण्डान्तर्गत पंचायत बरकनगांगो के ग्राम जतघघरा में आर०ई०ओ० रोड से देवी मण्डप तक पथ निर्माण।	7597600.00	152000.00	10000.00	12 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 22.05.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 23.05.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग, 24.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः– i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 297168 Rural Development(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 16/2023-24/RWD/KHUNTI दिनांक :- 10.05.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	RWD/ KHUNTI/ 01/2023-24	बिनगाँव से पुकुटोली भाया रोन्हे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 6.750 कि0मी0)	3,08,50,400.00	तीन करोड़ आठ लाख पचास हजार चार सौ रू0 मात्र	09 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **23.05.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **02.06.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **खूँटी** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **05.06.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (05.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **06.06.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **खूँटी** के पक्ष में एवं **खूँटी** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 297083 Rural Work Department(23-24).D

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– **RCD/HAZARIBAG/623/2023-24** दिनांक :–**10.05.2023**

1.	कार्य का नाम	पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "द्वारी से रोल (MDR-99) (कुल लम्बाई 25.757 कि.मी.) पथ का 2 Lane में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (Job. No. CRF-JHR-2022-23/56)"
2.	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	रू. 84,65,00,000.00 (चौरासी करोड़ पैसठ लाख रूपये मात्र)
3.	कार्य समाप्ति की अवधि	24 (चौबीस) माह
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	18.05.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न
5.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.06.2023 12:00 बजे दिन तक
6.	Pre-Bid बैठक	24.05.2023 12:00 बजे दिन
7.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं०	9431326172
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं०	0651–2446007

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in , Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 297132 Road(23-24).D

कार्यालय – जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार
बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार
ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com

आम – सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का (विषयवार) दिनांक 13.05.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

क्रमांक	विषय	नाम एवं अनुक्रमांक	प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि
1	नागपुरी	शंकर नायक – 15117159133 एवं सत्यदेश मुण्डा – 11121118140	13.05.2023
2	संस्कृत	अदवाएता नन्द तिवारी – 31116280775, निलिमा कुमारी – 15120160361 एवं समीर कुमार सिंह – 14156155708	13.05.2023

दिनांक 10.05.2023 एवं 11.05.2023 को विभिन्न विषयों में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 13.05.2023 को आयोजित कॉन्सिलिंग में भाग लेने संबंधित सूचना।

क्रमांक	कॉन्सिलिंग पूर्व निर्धारित तिथि	विषय	अनुपस्थित अभ्यर्थियों का नाम एवं अनुक्रमांक	प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि
1	10.05.203	कुड़ुख	सरिता कच्छप – 19138197291	13.05.2023
2		वाणिज्य	सर्वेश्वर सिंह – 22114206173	13.05.2023
3		अंग्रेजी	कुमार गौरव – 11123119718	13.05.2023
4	11.05.2023	हिन्दी	ललित कुमार गुप्ता – 21119203785	13.05.2023

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :–
दिनांक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 297151 Human Resource Developement(23-24)#D

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

आम सूचना

एतद् द्वारा सभी भवन निर्माता/प्रमोटर/विकासकर्ता, Registered Builder एवं Registered LTP को सूचित किया जाता है कि G+3 एवं इससे उच्चे भवन का निर्माण करने के क्रम में नगर निगम द्वारा स्वीकृत नक्शा कार्य स्थल पर उपलब्ध होना चाहिए एवं साथ ही स्वीकृत नक्शा के अनुरूप Rain Water Harvesting एवं अन्य सभी नियमों के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

कार्यस्थल पर स्वीकृत नक्शा उपलब्ध न होने अथवा कार्यस्थल पर Rain Water Harvesting नही पाये जाने पर Jharkhand Building Bye laws 2016 के अनुसार आर्थिक दण्ड/प्रशासनिक कार्यवाही अथवा दानो लगाया जा सकता है।

नगर आयुक्त,
नगर निगम, हजारीबाग

PR 297124 Urban Development and Housing (23-24)_D

उपायुक्त का कार्यालय
(समाज कल्याण शाखा), लातेहार

Expression of Interest
इच्छा की अभिव्यक्ति

परियोजना निदेशक, झारखंड महिला विकास समिति, झारखंड रांची के पत्रांक 229 दिनांक 16.11.2022 के आलोक में जिलान्तर्गत कामकाजी महिलाओं के 06 माह 06 वर्ष के बच्चों को डे केयर की सुविधा प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय में 'पालना योजना' संचालनार्थ योग्य सखी मंडलों / स्वयंसेवी / गैर सरकारी संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने के निमित्त आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

पालना के संचालन हेतु इच्छुक योग्य सखी मंडलों / स्वयंसेवी संस्था / गैर सरकारी संस्था विभागीय अधिसूचना संख्या 343 दिनांक 08.02.2019 एवं ज्ञापांक 2479 दिनांक 27.12.13 अंतर्गत वर्णित विवरणी के आलोक में मुहरबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन, प्रथम तल, लातेहार में दिनांक 05.06.2023 के अपराहन् 03.00 बजे तक अपना आवेदन स्पीड पोस्ट / डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी जिला समाज कल्याण कार्यालय के सूचना पट् अथवा जिले के NIC Website :- latehar.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लातेहार

PR 297153 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 07/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रु0	अग्रधन राशि रु0	परिमाण विपत्र का मूल्य रु0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	Renovation of ST Residential PTG Girls School, Netarhat, Block-Mahuadanr, District-Latehar	2999900 /-	60000 /-	5000/ -	03 (Three) Months
2	Different work for Aadim Janjati Aawasiya Balika Prathmik Vidyalaya, Kutmu, Betla under Barwadih Block in Latehar District.	3020200/ -	61000/ -	5000/ -	03 (Three) Months
3	Different work for Aadim Janjati Aawasiya Boys Prathmik Vidyalaya, Auratanr under Manika Block in Latehar District.	3000400.00	61000	5000/ -	03 (Three) Months

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

नोटः–

1. **Tender Fee 2%** अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण–पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 297111 (Building)23-24*D

तीन महीने तक गिरिडीह जिले में विशेष सांगठनिक सुदृढ़ीकरण अभियान चलाएगी माले

पार्टी महासचिव की मौजूदगी में खुट्टा सामुदायिक भवन में राज्य स्तरीय नेताओं की बैठक में लिया गया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह ज़िले में भाकपा माले आगामी 3 महीने तक गिरिडीह जिले में विशेष सांगठनिक सुदृढ़ीकरण अभियान चलाएगी। इसके तहत जिले भर में व्यापक रूप से जोड़े गए पार्टी सदस्यों को समाहित करते हुए संगठन के सभी ब्रांचों तथा पंचायत स्तरीय लोकल कमिटियों का पुनर्गठन किया जाएगा, साथ ही जन मुद्दों पर बात करते हुए आंदोलन का स्वरूप तैयार किया जाएगा।उक्त आशय का निर्णय सरिया प्रखंड अंतर्गत खुट्टा सामुदायिक भवन में 2 दिनों तक चली, पार्टी के राज्य स्तरीय नेताओं की एक विस्तृत बैठक में लिया गया। बैठक में विशेष रूप से भाकपा माले के महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य, राज्य सचिव कॉमरेड मनोज भक्त तथा पार्टी के पूर्व राज्य सचिव कॉमरेड जनार्दन प्रसाद मौजूद रहे।कहा गया कि, इस विशेष अभियान की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। अभियान क्रम के बीच 11 जून को नवगठित ब्रांच सचिवों, प्रखंड व लोकल कमिटी के सदस्यों को लेकर एक दिन का जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया जाएगा। अभियान पूरा होने के उपरांत भाकपा माले का गिरिडीह जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।बैठक समाप्ति के पूर्व 1857 की क्रांति के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव सहित पूरन महतो, सीताराम सिंह, परमेश्वर महतो, राजेश यादव, अशोक पासवान, उस्मान अंसारी, रामेश्वर चौधरी, पवन महतो, जयंती चौधरी, पूनम महतो, मीना दास, संदीप जायसवाल, भोला मंडल, मुस्तकिम अंसारी, कौशल्या दास, किशोरी अग्रवाल इत्यादि मौजूद थे।

प्रवासी मजदूर का सूरत में निधन परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ : प्रखंड के चोरगोता पंचायत अंतर्गत कुरकुरी पहरी निवासी रामू महतो का पुत्र रामजी प्रसाद वर्मा का सूरत मे काम करने के दौरान निधन हो गया। मृतक रामजी प्रसाद वर्मा कई सालों से सूरत में काम करके अपनी जीविका चला रहे थे। प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी काम करने गया था। काम के दौरान उपस्थित लोगों के अनुसार काम करते व्क्त अचानक गिर गया जिसके बाद आनन फानन मे 108 एम्बुलेंस से उसे समीमेर मेडिकल कॉलेज लाया गया जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही सूचना मिलने पर सलाबत पूरा पुलिस परिजनों से और काम दे दौरान उपस्थित लोगों से पूछताछ कर जांच कर रही है। मृतक रामजी की पत्नी दो बच्चों के साथ गांव में रहती है जो कि खबर मिलने के बाद से रो रो कर बेहाल है मृतक घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था । वही सूचना मिलने पर समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के अधिकारी अस्पताल पहुच परिजनों को ढाढस बंधा रही है। खबर लिखे जाने तक जानकारी है कि पोस्टमार्टम के बाद अश्विनी कुमार श्मशान घाट मे शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पुर्व मे भी कई प्रवासी मजदूर का निधन दूसरे राज्यों मे हुई है।

सड़क हादसे मे एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

मृतक के बहन की है शादी, एकलौते भाई की मौत से पसरा मातम

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : वासेपुर के एसबीआई बैंक के समीप एक दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार पल्सर बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। बाइक पर तीन लोग सवार थे, जिसमें एक की मौत हो गई और अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल तेज गति से चल रही थी और बिजली के खंभे से टकराने से पहले नियंत्रण खो बैठी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल युवकों को इलाज के लिये एसएनएमएमसीएच मे भर्ती किया गया है। घायलों की स्थिति काफी चिंताजनक बताई जा रही है।मृतक की पहचान वासेपुर के मदीना नगर निवासी कैसर खान के पुत्र राजा खान के रूप में हुई है। जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष बताया जा रहा है। पिता के बीमार रहने के कारण राजा ड्राइवर के रूप मे काम कर अपने घर का भरण पोषण किया करता था। दुखद संयोग यह है कि उसकी असामयिक मृत्यु हो गई जबकि आज ही उसकी बहन की शादी है। चार बहनों में वह इकलौता भाई था।

बिजली पानी की ज्वलंत समस्या को लेकर 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : गुरुवार को धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में जिला में व्याप्त बिजली-पानी की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मिश्रित भवन स्थित जिला 20-सूत्री कार्यालय में सभी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिला में व्याप्त बिजली पानी की समस्या गंभीर है,आगे उन्होंने कहा कि जिला में 31 जलमीनार हैं जिसमें केवल 17 जलमीनार से पानी की सप्लाई सुचारु रूप से हो रहा है बाकी बचे 14 जलमीनार से आज तक किसी भी प्रकार की पानी की सप्लाई कभी नहीं हुई है, कुछ जल मीनार 12 साल से बनकर तैयार पड़ा है पर इसमें भी पानी का सप्लाई आज तक नहीं हुआ है,बहुत से जलमीनार काफी जर्जर हो गया है,उक्त सभी जलमीनार भाजपा के पूर्व अर्जुन मुंडा सरकार,रघुवर सरकार के समय का है सिर्फ और सिर्फ जलमीनार के नाम पर खाना पूर्ति की गई थी। आगे श्री सिंह ने कहा कि बंद पड़े जल मीनार से संबंधित विषयों पर रांची में पेयजल विभाग के वरीय पदाधिकारियों से सकारात्मक वार्ता हुई है अधिकारियों ने जर्जर जलमीनार को ठीक करने के साथ-साथ एक महीना के अंदर बंद पडे जल मीनार से सुचारु रुप से पानी का सप्लाई चालू कराने संबंधित सकारात्मक आश्वासन दिया है।आगे सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार करने का काम कर रही है केंद्र सरकार के कारण एवं डीवीसी की लचर व्यवस्था के कारण निर्बाध बिजली लोगों को नहीं मिल पा रही है ।

सड़क परिवहन मंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्या को बताया

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : नई दिल्ली में बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के जिप सदस्य सह जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर एन एच -32 के राजगंज-चास खंड से बाघमारा विस क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया। संबंधित विषय पर लिखित अवगत कराते हुए जिप अध्यक्ष ने अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण द्वारा एनएच-32 का उन्नयन करते हुए इसे फोर लेन में परिवर्तित कर दिया गया गया है आपके विजन के अनुसार यह सड़क विकास की गति को निरंतर बढ़ा रही है। परन्तु स्थानीय अधिकारियों एवं संवेदक की मिलीभगत से लगातार विभिन्न समस्याएं भी उत्पन्न हो रही है। राजगंज - चास खंड के 18 वें कि.मी. पर स्थित मछियारा फलाईऑवर भ्रष्टाचार एवं अभियंत्रन की नाकामी का प्रतीक सा बन गया है। उक्त फलाईऑवर से धनबाद के लिए फोर लेन सड़क का संपर्क है परन्तु ना तो संपर्क मार्ग बनाया गया है और ना ही पहुँच पथ जिससे एक सड़क से दुसरे सड़क को पकड़ने में लगातार दुरघटनाएं होते रहती है। आप इसे इस सड़क का किलिंग प्वाईट भी कह सकते है। यह स्थानीय अधिकारी अभियंता एवं संवेदक के मिलीभगत एवं भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण है।

सिनीडीह में हुआ जामताड़ा विधायक का पुतला दहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मधुबन : मधुबन थाना अंतर्गत सिनीडीह पंचायत में अखिल भारतीय बजरंग सेना समिति सिनीडीह के बैनर तले जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के द्वारा दिए गए विवादित बयान जिसमे बजरंग दल जैसे संगठनों पर बैन लगाने की बात कही गई एवं बजरगदल जैसे हिंदुत्ववादी संगठन की तुलना आतंकवादी संगठन पीएफआई से की गई थी। जिसके खिलाफ शाम सिनीडीह चौक में इरफान अंसारी मुर्दाबाद के नारे के साथ भारी के संख्या में युवाओं ने विरोध जुलूस एवं शाव यात्रा निकालकर इरफान अंसारी का पुतला दहन किया गया। अखिल भारतीय बजरंग सेना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष आदित्य राज गयाली, सचिव नवीन कुमार चौहान, शाखा प्रभारी, ,रितिक गयाली, जगरनाथ गयाली ,अनुराग कुमार, हिमांशु कुमार ,आकाश कुमार , अजीत पासवान ,प्रियांशु कुमार ,संजय गयाली ,अमन कुमार बरनवाल ,सौरव गयाली, विशु कुमार ,ऋषभ गोप ,देव चौहान गौरव चौहान,सचिन गयाली,प्रेम कुमार ,मोनू कुमार,कुणाल गयाली , गोलू चौहान ,विशाल मिश्रा ,आयुष सिंह ,प्रताप गयाली आदि

परासिया कोलियरी का मेन मैकेनिकल वेंटीलेशन हुई खराब

प्रभात मंत्र संवाददाता

जामुड़िया : ईसीएल के कुनुस्तोड़िया क्षेत्र अंतर्गत परासिया कोलियरी का मेन मैकेनिकल वेंटीलेशन (एमएमवी)बीते 8 मार्च से खराब होने के कारण आज सभी कोलियरी श्रमिक संगठनो के नेता एवं समर्थको के द्वारा परासिया कोलियरी में पहली पाली का उत्पादन करीब तीन घंटे तक रोक कर विरोध जताया। जैसे ही कोलियरी का उत्पादन बंद होते ही चानक परिसर में एरिया पर्सनल मैनेजर राजेश त्रिवेदी,परासिया कोलियरी के एजेंट आरआर कांत, मैनेजर बिष्णु कुमार बिष्णु, इंजीनियर अनूप कुमार, पर्सनल मैनेजर आरएन भट्टाचार्य, वेंटिलेशन ऑफिसर कौशिक करण और सेफ्टी ऑफिसर अनिल बहरा पहुंचे, जिसके बाद श्रमिक संगठनो के नेता एवं समर्थको ने कोलियरी अधिकारियों को घेर कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में कोलियरी के अधिकारियों और श्रमिक संगठनो के नेता के बीच बैठ के बाद श्रमिक नेताओ को आश्वासन दिया गया कि 16 तारीख को एमएमवी ठीक कर दिया जायेगा, इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने विरोध बंद किया।इस दौरान मौके पर तृणमूल कांग्रेस से सम्बंधित कोयला संगठन केकेएससी के एरिया सचिव रामेश्वर भगत, परासिया कोलियरी के केकेएससी सचिव सतेंद्र सिंह के अलवा नयन गोप, भैरव अकुरिया, देबू पात्रा, अजय भुइया, जयदेव मंडल, बीएमएस के बिंदादीन लोहार, एचएमएस के अलीमुद्दीन अंसारी सहित और कई अन्य उपस्थित थे।

झारखंड राज्य जनसेवक संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : गुरुवार को झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ जिला शाखा धनबाद के बैनर तले जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हडताल घरना स्थल धनबाद जिला परिषद के प्रागंण में तीसरे दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला अध्यक्ष जनसेवक संघ दिनेश महतो तथा उपाध्यक्ष सुभाष कुमार सौरभ के द्वारा महिला मंडली (आंचल कुमारी, अनिता कुमारी एवं पार्वती मुर्म) को सौंपा गया। गुरुवार को तीसरे दिन हडताल की मुख्य विषय वस्तु राज्य स्तर पर शीर्षस्थ दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के सम्मान की लडाई में परोक्ष रूप से जनसेवक संवर्ग प्रभावित हो रहा है। धरनास्थल पर मौजूद जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी चट्टानी एकता दिन-प्रतिदिन बढती जाएगी। अन्य संघ एवं महासंघ का हमें राज्य स्तर पर लगातार समर्थन प्राप्त हो रहा है। झरिया विधायक सह सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा जनसेवकों का मुद्धा राज्य स्तर पर उठाया गया है तथा उनका साथ जनसेवकों को मिल रहा है जिसके लिए जनसेवक संघ उनका आभारी है। जिला उपाध्यक्ष सुमाव कुमार सौरभ द्वारा 11 सूत्री माँगों को लेकर बताया गया कि जनसेवकों की बहाली इंटर साइंस के आधार पर हुआ है। अतः इसे एक तकनीकि पद मानते हुए इनका ग्रेड पें 4200 किया जाना चाहिए तथा जनसेवक के नाम से ये पता नहीं चलता कि जनसेवक किस विभाग में कार्यरत है। अतः जनसेवकों का नाम परिवर्तित करके इनका नाम कृषि प्रसार पर्यवेक्षक अथवा प्रखण्ड कृषि उप पदाधिकारी किया जाय ताकि पता चल सके कि जनसेवकों का मूल कार्य कृषि है। मौके पर मौजूद जसीम अख्तर ने कहा है कि जनसेवक संवर्ग के खिलाफ कृषि विभाग के द्वारा नियुक्ति नियमावली एवं ग्रेड पे में अवांछनीय छेडछाड़ और षडयंत्र तत्काल स्थाई रूप से बंद किया

पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलने को लेकर धरना-प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिला कांग्रेस अल्पंखयक अध्यक्ष जाहिर अंसारी के नेतृत्व मे पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलने को लेकर जिला अलपंखयक, प्रखंड पदाधिकारी सहित विभाग के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने व्यापक धरना-प्रदर्शन कर अविलंब जिला प्रशासन से कांग्रेस कार्यालय खोलने की मांग किया गया। ज्ञात रहे कि धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार निरंतर 25 दिनों से धरना प्रदर्शन है। जिलाध्यक्ष जाहिर अंसारी ने कहा की जब तक कार्यालय खुलेगा नही तबतक चरणबद्ध अंदोलन जारी रहेगा जरूरत पड़ी तो आपने सरकार के मंत्रीगण का घर का घेराव करने पर भी गुरेज नही करेगे क्यो कि कांग्रेस कार्यालय सील रहने के कारण जिले भर के कार्यकर्ता एवं आमजनो की समस्याओ का निराकरण सुचारू से नही हो पा रहा जिस कारण संगठन पर भी असर पड रहा है आज की धरना-प्रदर्शन मे मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जनाब संतोष सिंह कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी,प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष जनाब करीम अंसारी महासचिव जनाब इरफान खान इम्तियाज अली जिला कांग्रेस के प्रवक्ता दुय सतपाल सिंह ब्रोकर एवं जावेद राजा सुजीत रजक जिला कांग्रेस कमेटी आसिफ रजा अल्पसंख्यक विभाग के मंजूर आलम शकील अहमद इकराम कुरैशी इम्तियाज आलम गुलाम रब्बानी तनत खान जियान महफूज हारुन अंसारी बबलू दास बाबर अली खान रूबी खातुन,सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

नेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग में एमआर टीकाकरण शिविर का आयोजन

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया सह जोरापोखर के द्वारा नेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग में कुल 165 बच्चों का एमआर का टीका दिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सब्बीर अली वकार के द्वारा आजिन वाकर से टीकाकरण का सुभारम्भ किया गया। टीकारण कार्य ए एन एम मंजू कुमारी और सहयोग सहिया शबाना खातून और रुकशाना खातून के द्वारा किया गया। डॉक्टर दिलीप कुमार के द्वारा सुपरविजन किया गया और डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य का देखभाल किया गया। टीकारण के दौरान में क्षेत्र के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और लोगो ने स्वास्थ्य टीम से इस टीकाकरण के बारे में विशेष जानकारी भी ली।जिसमे डॉक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि मिसिल्स और रूबेला वायरस से फैलने वाली बीमारी है जो संक्रमित व्यक्ति के द्वारा दूसरे व्यक्ति को छूने से, उसके सामने छीकने, खांसने, रोने और बात करने से फैलने की पूरी सम्भवना है। मिसिल्स को चेचक के रूप में जानते है। रूबेला के इन्फेक्शन से जन्मजात विकलांगता होने की संभावना होती है। साफ शब्दों में कहे तो दोनो बीमारी बहोत ही खतरनाक है।

एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय ने शिक्षकों को किया सम्मानित

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): एनएसयूआई के पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष राजीव पांडेय ने गुरुवार को आरएसपी महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ निलेश कुमार सिंह को प्रोफ़ेसर इंचार्ज, इतिहास विभागाध्यक्ष के एस एस मुंडा को महाविद्यालय का परीक्षा नियंत्रक, प्रोफ़ेसर रमेश सरदार को महाविद्यालय का अर्थपाल बनाए जाने पर महाविद्यालय में उनसे मिल अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र संघ ने छात्र हित में समस्याओं के निराकरण की बात की गई। मौके पर पूर्व छात्र नेता रुदल पासवान, मुकेश पासवान, रघु, प्रकाश मिश्रा, दीपक पासवानआदि उपस्थित थे।

ठाकुरपोंडा में लाह की चूड़ी बनाने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपन्न

बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता): कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत के ठाकुरपोंडा स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से सहयोगिनी संस्था की ओर से लाह की चूड़ी बनाने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हुआ। इस दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाबार्ड के डीडीएम फिलमोन बिलुंग ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के सूक्ष्म उद्यम विकास के तहत इस प्रशिक्षण में 15 दिनों तक लाह की चूड़ी बनाने का तकनीक सिखाया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी महिलाओं को रोजगार में यह सत्र काफी उपयोगी सिद्ध होगा। इस प्रशिक्षण के बाद महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेंगी। नाबार्ड के द्वारा बोकारो जिले में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक गौतम सागर, सुषमा देवी, सुरजमनी देवी, कुमारी किरण, मंजू देवी, ममता देवी, नीलम देवी, शीला देवी, सुशीला देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, रिंकी देवी व अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जमडीहाबागी पहुंचे, पीड़ित परिवार को दिए सांतवां

देवरी(प्रभात मंत्र संवाददाता): झामुमो के कद्दावर नेता प्रदीप हाजरा का विगत दिन इलाज के दौरान रांची में निधन हो गया था ।आपको बता दें जमुआ विधानसभा के पूर्व विधायक स्व बलदेव हाजरा के पुत्र प्रदीप हाजरा जमुआ विधानसभा एवं गिरिडीह जिला झामुमो के कद्दावर नेता थे उनके निधन होने से पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है वही सभी राजनीतिक दल के लोग भी दुखी हैं । बुधवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा जमडीहाबागी गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांतवां दिया और कहां प्रदीप हाज़ार जैसे आम आवम की नेता के अचानक निधन होने से समाज की अपूरणीय क्षति है स्वर्गीय प्रदीप हाजरा हमेशा गरीब शोषित वंचित की लड़ाई को लेकर तैयार रहते थे।इसके साथ कहा निधन जमुआ विधानसभा के लिए अपूरणीय क्षति है।मौके पर अनिल राय, मुस्लिम अंसारी कुलदीप, मुजाहिद इत्यादि कई लोगों ने सांतवां दिया

वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार की माताजी का निधन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार की माता जी शकुंतला मेहता ने आज अंतिम सांस लिया। धर्मपरायण शकुंतला मेहता अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। धनबाद एसएसपी आवास में शकुंतला मेहता के निधन होने की सूचना मिलते ही उपयुक्त संदीप कुमार सहित पुलिस के वरीय अधिकारी और अन्य लोगों का एसएसपी आवास पर आने जाने का तांता लग गया। स्व शकुंतला मेहता का दाह संस्कार कल यानी शुक्रवार के प्रातः मोहलबनी घाट पर होगा।

हैदराबाद और रक्सौल के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): यात्रियों की सुविधा हेतु दिनांक 13.05.2023 से 30.05.2023 तक दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी के रास्ते हैदराबाद/सिकंदराबाद और रक्सौल के मध्य 03 ट्रिप समर स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल समर स्पेषल दिनांक 13.05.2023, 20.05.2023 और 27.05.2023 (षनिवार) को हैदराबाद से 20.35 बजे खुलकर दूसरे दिन अर्थात सोमवार को 13.30 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद समर स्पेषल 16.05.2023, 23.05.2023 और 30.05.2023 (मंगलवार) को रक्सौल से 08.30 बजे खुलकर दूसरे दिन अर्थात गुरूवार को 04.50 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिषा में यह समर स्पेषल ट्रेन सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-किउल-झाझा-जसीडीह-मधुपुर, चितरंजन-बराकर, धनबाद-बोकारो स्टील सिटी-रांची सहित अन्य स्टेषनों पर रूकेगी ।इस स्पेषल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच लगेंगे ।

आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दानापुर-डॉ. अम्बेडकर नगर समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): यात्रियों की सुविधा हेतु 15.05.2023 से 27.06.2023 तक आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दानापुर और डॉ. अम्बेडकर नगर के मध्य 07 ट्रिप साप्ताहिक समर स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा ।गाड़ी संख्या 09341 डॉ. अम्बेडकर नगर-दानापुर समर स्पेषल 15.05.2023 से 26.06.2023 तक प्रत्येक सोमवार को 14.50 बजे खुलकर अगले दिन मंगलवार को 16.15 बजे दानापुर पहुंचेगी । यहां से वापसी में गाड़ी संख्या 09342 दानापुर-डॉ. अम्बेडकर नगर समर स्पेषल 16.05.2023 से 27.06.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 18.45 बजे खुलेगी तथा विभिन्न स्टेषनों पर रूकते हुए अगले दिन बुधवार को 18.45 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेषन पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिषा में यह ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना आदि स्टेषनों पर रूकेगी । इस स्पेषल ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 15 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच लगेंगे ।

20 से बछवारा स्टेशन पर रूकेगी भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस

हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): यात्रियों की सुविधा हेतु भागलपुर और जयनगर के मध्य संचालित की जा रही गाड़ी संख्या 15553/15554 भागलपुर-जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस का दिनांक 20.05.2023 के प्रभाव से सोनपुर मंडल के बछवारा स्टेषन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है । दिनांक 20.05.2023 से गाड़ी संख्या 15553 भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस 11.30 बजे बछवारा स्टेषन पहुंचेगी तथा 02 मिनट पष्चात् 11.32 बजे प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 15554 जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस 00.10 बजे बछवारा पहुंचकर 00.12 बजे आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी ।

अपर्णा सेन गुप्ता ने पुस्तकालयों सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : झारखण्ड विधानसभा की पुस्तकालय समिति द्वारा आज समापति अपर्णा सेन गुप्ता (विधायक, निरसा) की अध्यक्षता में आज लोहरदगा जिला के पुस्तकालयों सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। इस बैठक में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले 50_ 60 छात्र-छात्राओं की संख्या, उपलब्ध 14000 पुस्तकें आदि की जानकारी दी गई। बीते वित्तीय वर्ष में प्राप्त आवंटन व व्यय के पृच्छा किये जाने पर संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही,वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन से जिला पुस्तकालय में कराये गये काम व उपलब्ध कराये गये संसाधनों की जानकारी दी गई। साथ ही,बताया गया प्रत्येक शनिवार को जिला के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ इंटरैक्टिव सेशन करने की जानकारी दी गई। प्रत्येक प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय की स्थापना एसएसीए मद से कराये जाने की जानकारी अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा दी गई। होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर की भी स्थापना की गई है जहां नीट व जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा नियोजन कार्यालय, स्थित पुस्तकालय में उपलब्ध 5000 पुस्तक व वहां अध्ययन करनेवाले बच्चों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पुस्तकालय में प्रत्येक दिन 15-20 बच्चे आते हैं और बैंकिंग, जेपीएससी,एसएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षा में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जिला में एनएफएसएम योजना, हाहरा राशन कार्ड योजना, पीटीजी डाकिया योजना और सोना-सोबरन धोती साडी योजना अंतर्गत लाभुकों के संख्या की जानकारी दी गई और सोना-सोबरन

धोती-साड़ी वितरण योजना के शेष लाभुकों को लाभान्वित किये जाने की जानकारी दी गई। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार के संबंध में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी द्वारा वर्तमान में जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन संबंधी और 13 मई 2023 को डालसा, लोहरदगा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी माइकिंग व होर्डिंग,प्रिंट मीडियाके माध्यमों से प्रचार-प्रसार की जानकारी दी गई। जिला कौशल विभाग द्वारा जिला में निष्ठा और आइसेक्ट के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने संबंधी और प्लेसमेंट संबंधी जानकारी दी गई। पथ निर्माण विभाग,लोहरदगा द्वारा जिला में तीन पथों और दो उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण संबंधी जानकारी दी गई। भवन प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा जिला में निर्माणाधीन नया समाहरणालय भवन, अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय और न्यायालय भवन निर्माण की अद्यतन जानकारी दी गई। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा की ओर से नल जल योजना, वृहद पेयजलापूर्ति योजना, एक गांव पेयजलापूर्ति योजना की जानकारी दी गई। पर्यटन विभाग की ओर से जिला में चिन्हित राज्यस्तरीय पर्यटन स्थल और स्थानीय स्तरीय पर्यटन स्थल,पर्यटन स्थल में किये जा रहे सौंदर्यीकरण की जानकारी दी गई। खेलकूद अंतर्गत नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय में चल रहे डे-बोर्डिंग कोचिंग की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन की ओर से एक जिला अस्पताल और पांच सीएचसी की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि नया जिला अस्पताल भी बन रहा है। माननीय सभापति ने कहा कि अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत मरीजों को पूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। मानवता को जिंदा रखें। बीमार व्यक्ति को कोई परेशानी ना हो। श्रम अधीक्षक द्वारा निबंधित मजदूरों, श्रमिकों को मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी दी। बाल श्रम से संबंधित कार्रवाई की जानकारी भी श्रम अधीक्षक द्वारा दी गई। परिवहन पदाधिकारी द्वारा वाहनों के निबंधन व लाइसेंस के माध्यम राजस्व संग्रहण संबंधी जानकारी दी गई। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आवास प्लस योजना में कुल 105 नये परिवारों को चिन्हित किया गया है। शहरी क्षेत्र में कोई भी अब आवासविहीन नहीं है। सभी लोगों को आच्छादित कर दिया गया है। पीएम स्वनिधि में 800 वेंडर को चिन्हित किया गया है। सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जिला में लैम्प्स से सभी परिवारों को जोड़े जाने की जानकारी दी गयी। पशुपालन पदाधिकारी द्वारा इस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य 926 लाभुकों के आलोक में सौ फीसदी उपलब्धि की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि सभी को डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित कर दी गयी है। खनन पदाधिकारी को जिला में अवैध रूप से क्रशर संचालन व बालू के उठाव के संबंध में कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को भी ऐसे संचालकों पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

जल सहिया दीदियों ने स्वच्छता अभियान चलाया

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के पाली व पतलो ग्राम में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जल सहिया दीदियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के पाली व पतलो ग्राम में ग्राम सभा कर ग्रामीणों के बीच गाँव घर और आस पड़ोस में साफ सफाई रखने तथा नाडेप टैंक का निर्माण कर गिला कचरा और सूखा कचरा प्रबंधन करने पर चर्चा किया गया। और प्लास्टिक,थर्माकोल से बना वस्तु का उपयोग नही करने का सलाह दिया गया। साथ ही सफाई अभियान के प्रखंड मोबलाइजर मानसा रानी के द्वारा सफाई के प्रति ग्रामीणों को शपथ दिलाया गया। साथ ही बताया गया कि स्वच्छ रहने पर मलेरिया, टाइफाइड, चेचक, हैजा जैसा घातक महामारी से बचाव होता है। बिमारियों से बचाव के लिये सफाई आवश्यक है। जिसे शारिरक एवं मानसिक विकास होता है। प्रत्येक सप्ताह घर के अगले बगल साफ साई करने के लिये बताया गया। मौके पर विभा देवी, सनमैत देवी, पूनम देवी के अलावे पाली व पतलो के महिला मंडल की दीदीयाँ एवं ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए।

उदरंगी कब्रिस्तान घेराबंदी का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाए विभाग : आलोक साहू

भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भंडरा प्रखंड के ग्राम उदरंगी के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू आज उदरंगी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान का घेराबंदी की स्वीकृति समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) से मिला है इसके लिए विधिवत विभाग द्वारा लाभुक समिति का चयन भी कर लिया गया है। इस योजना में जमीन से संबंधित कुछ मामला प्रकाश में आया लेकिन उसका निदान करने में विभाग उदासीन है ।महीना पूर्व लाभुक समिति का चयन होने के बावजूद भी अभी तक कार्य प्रारंभ होने का आदेश विभाग द्वारा नहीं दिया गया है। वर्षा का मौसम प्रारंभ हो जाएगा तो घेराबंदी करने में परेशानी होगा। ग्रामीणों ने श्री साहू से अविलंब घेराबंदी का कार्य प्रारंभ करने की मांग किए। मौके पर श्री साहू ने कहा की आदिवासी एवं मुस्लिमों के धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहे उसके लिए झारखंड की यूपीए कांग्रेसनीत झारखंड सरकार आईटीडीए विभाग से लोहरदगा में व्यापक स्तर पर योजना का चयन किया है। जिसके तहत 40 सरना स्थल घेराव, 27 धूमकुड़िया भवन,22 मुस्लिमों का जनाजा शेड, 22 मुस्लिम कब्रिस्तान में आधारभूत संरचना का निर्माण, 23 मुस्लिम कब्रिस्तान का घेराबंदी की स्वीकृति मिली है, झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है, मौके पर से ही श्री साहू ने जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम से वार्ता कर उदरंगी कब्रिस्तान घेराबंदी के जमीन का मामला को शीघ्र निदान कर घेराबंदी का कार्य प्रारंभ करवाने की बात कहे। इस पर कल्याण पदाधिकारी ने समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर समीम अंसारी, मुमताज अंसारी, गुलाम मुस्तफा अंसारी, मेराज अंसारी, अख्तर अंसारी, तबरेज अंसारी, एजाजुल अंसारी, ओलिक अंसारी, जमील अंसारी, तौफीक अंसारी, परवेज अंसारी, रफीक अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रखंड के सभी पंचायतो में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के सचिवालयों में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण में मेटेरियल की समस्या या मजदूरी भुगतान से सम्बंधित समस्याओं का समाधान के बारे में लाभुकों के साथ चर्चा किया गया। सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव ने लाभुकों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में कोई परेशानी नही होगी जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम 30 जून तक पत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालयों में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में वैसे लाभुकों को बुलाया जा रहा है। जिसका आवास निर्माण

कार्य अधूरा है। या आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किये हैं। साथ ही कहा की प्रखंड क्षेत्र के सभी 11 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक निर्माण कार्य का लक्ष्य के अनुरूप कार्य नही हुआ है। और सैकड़ो आवास निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभुकों की समस्याओं का समाधान करना तथा अधूरा पड़ा हुआ आवास का निर्माण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य है। वही बीडीओ श्री चोपड़ा ने पीएम आवास के सभी लाभुकों से अपील करते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम मे भाग लेकर अपनी सभी छोटी बड़ी समस्याओ का समाधान कराये और आवास को ससमय मे पुरा करने का प्रयास करें। मौके पर कनीय अभियन्ता संजीत कुमार के अलावे सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव तथा जनसेवक मौजूद थे।

गैर आदिवासी पुरुषो के साथ ब्याहि गई आदिवासी महिला को जाति प्रमाण-पत्र देना बन्द करे सरकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : पुर्व नियोजीत कार्य क्रम के अनुसार आज तीन दिवसीय विशु शिकार आज तीसरा दिन खेला गया। शिकार प्रस्थान करने के पुर्व सभी व्यक्तियों ने एक साथ माँ चालाः एवं भगवान को याद किया गया तब सिकार के लिए लोग प्रस्थान किया। बाकि हर गाँव के प्रतिनिधि के तौर पर विचार विमर्श के लिए एक कोर कमिटि का बैठक हुआ।बैढक में निर्णय लिया गया कि गैर आदिवासी पुरुषो के साथ ब्याहि गई आदिवासी महिला को जाति प्रमाण-पत्र देना सरकार अविलम बन्द करे।पड़हा को सरकार द्वारा मान्यता दिलाने के लिए संघर्ष करेगी जैसे कि जाति प्रमाण-पत्र या जमीन का खरीद बिक्री या किसी तरह का आदिवसी प्रमाण पत्र जरूरी पड़े तो पड़हा जाँच कर जाँच प्रतिवेदन सरकार को सौपेगी। CNT ACT अधिनियम आदिवासी जमीन का सुरक्षा कवच माना जाता

है लेकिन झारखाड बनने के बाद CNT ACT निसप्रभावी बनता जा रहा है।आदिवासी जमीन को सादा पटटा में भूगुद बन्धा के नाम पर खरीदा जा रहा है और उस जमीन में खरीदार द्वारा लाखों-कड़ोरों का भवन बना दिया जा रहा है ।एक विशेष समुदाय तो इस घधें में योजना बना कर धड़ले से काम कर रहा है इसकी यह योजना को लव-जिहाद एवं जमीन जिहाद कहा जा सकता है।किसी कारखाना या किसी खनीज सम्पदा का मामला होता है तो उस जमीन cnt से अलग हो जाता है पड़हा उस जमीन को भी can't act में रखने के लिए भी आन्दोलन करेगी। यदि काररवाना जरूरी है तो ष्ठुह्ल को बचाना भी जरूरी है ।वेसे भी समाज में समस्या जो घटना घटती रहती है उसके लिए पड़हा एकदम ठोस निर्णय लिया है।इस मौके पर बालुमात से पड़हा राजा प्रभु उराँव, तेतर उराँव, लालजी भगत एवं पलामु लातेहार के पड़हा प्रतिनिधि एवं झारखण्ड सरकार के पुर्व मंत्री सधनु भगत पड़हा सरक्षक, मंगरा उराँव, राजी पड़हा कुडू के बेल बेंजामीन लकड़ा, पुर्व प्रमुख्य किस्को मुनीलाल उराँव, कार्तिक भगत, पड़हा बेल सुकदेव उरॉव, सोमनाथ उराँव, शंकर पहान, शुनील मुण्डा पहान रामभगत पड़हा कोटवार चीरी पुजार, एवं बहुत गाँव के पहान-पुजार महतों शामील हुए।

आत्महत्या कांड का गुथी को उदभेदन करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): डांडू करंज टोली में आत्महत्या कांड की गुथी को पुलिस उदभेदन करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडु करंज टोली निवासी गंदुर लोहरा की 21 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी ने अपने पिता के घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा यूडी कांड संख्या 26/22 दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा था। उसी दौरान पता चला कि सोनी कुमारी का विवाह कुडू थाना क्षेत्र के चिरी बड़का टोली निवासी राजाराम लोहरा के पुत्र मुकेश लोहरा के साथ सम्पन्न हुआ था। जो वैवाहिक जीवन कुछ ही माह अच्छे से बिता। लेकिन बच्चे को लेकर परिवारिक विवाद होने लगा तभी सोनी कुमारी ने कारण का पता लगाने लगी। और सचाई तक पहुंचते ही पति को पता चला तो गर्भपात कराने के लिए सोनी कुमारी को बिटामिन का दवा बता कर खिलाया गया। जब सोनी का तबियत बिगड़ने लगा तो उसे मायके भेज दिया गया। और ससुराल वाले का संपर्क बन्द हो गया। घटना को लेकर पति मुकेश लोहरा की संलिप्ता होने की संदेह पर वादिनी मृतक लड़की की मां सोनमईत देवी एवं बहन के बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 18/23 दर्ज के आलोक में पुलिस कारवाई करते हुए चिरी निवासी राजाराम लोहरा का पुत्र मुकेश लोहरा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि आत्महत्या कांड की गुथी सुलझाने के दिशा में पुलिस करवाई जारी था। तभी मृतक लड़की के मां एवं बहन ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकेश लोहरा को किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग है। जिसे सोनी कुमारी को गर्भपात कराने के लिए दवा खिलाया गया था। और दवा खाने से उसकी स्थिति बिगडने लगा तो लड़की के ससुराल वाले मायके भेज दिया जहाँ माता पिता के द्वारा इलाज कराया गया। परंतु लड़की सदमा बर्दाश्त नही कर सकी और आत्महत्या कर ली। जिसके आरोप में आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

जतरा, सभ्यता संस्कृति की पहचान, इसे बरकरार रखना हम सबका कर्तब्य : मधुलिका रानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत बुधवार 10 मई को प्रखंड मुख्यालय मे ऐतिहासिक जेठ जतरा का आयोजन किया गया। जेठ जतरा में कैरो, उतका, जामुनटोली, विराजपुर सहित क्षेत्र के खोड़हा शामिल हुए। गांव के पाहन वीरेंद्र उरांव, पुजार विष्णु उरांव व महतो किशुन उरांव के नेतृत्व में विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। विभिन्न गांवों से आए खोड़हा द्वारा पारंपरिक नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। जिन्हें अतिथियों ने सम्मानित किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि जतरा हमारी सभ्यता व संस्कृति की पहचान है। इसे बचाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव ने कहा कि जतरा जैसे आयोजन से आपसी प्रेम और पहचान और मजबूत होता है इसे बचाए रखना हम सभी का कर्तव्य भी है। जतरा में विभिन्न गांवों से आए खोड़हा द्वारा पारंपरिक वेश-भूषा में नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए जतरा में झूला आदि लगाए गए थे। मौके पर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली, थाना के सदल बल के अलावा राजू टाना भगत, मंजन उरांव, धर्मदेव उरांव, लालदेव टाना भगत, दुबराज उरांव, सुमित उरांव, कृष्णा उरांव, बबलू उरांव इत्यादि शामिल थे।

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गजनी व गुड़ि में चलाया गया स्वच्छता अभियान, लिया शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 मई गुरुवार को स्वच्छता पखवाडा 29 अप्रैल से 15 मई तक एक विशेष अभियान के तहत प्रखंड के गजनी व गुड़ि पंचायत में चलाया गया स्वच्छता अभियान एवं आसपास गली मुहल्ले को साफ सफाई रखने हेतु दिलाया भी गया शपथ। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रखंड समन्यवक खालिक अंसारी ने बताया कि ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रवंध्न, जल संरक्षण, कचरे का समुचित निपटान, के उद्देश्य से 15 मई तक ग्राम स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत ग्राम गुड़ि व गजनी में श्रमदान करते हुए साफ सफाई कीया गया एवं कचरे को एकीकृत कीया गया,वही इस अवसर पर उपस्थित सभी लोंगो को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई गई। मौके पर गजनी पंचायत की मुखिया सुमन उराँव, गुड़ि पंचायत की मुखिया चंद्रमुनी उराँव, जल सहिया रुकैया खातून, अनिता उराँव, सीमा उराँव, सावित्री उराँव, होस्यानी लकड़ा, सरस्वती उराँव, विनीता उराँव, मुन्नी देवी, अनिता लकड़ा, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के अलावा अभियान मे ग्राम के ग्रामीण भी उपस्थित थे।

पर्यवेक्षिका ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को वजन सप्ताह मनाने का दिया गया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहतदगा : प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में पर्यवेक्षिका द्वारा बैठक आयोजित कर आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया दिशा निर्देश। बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र सेविकाओं के साथ बैठक कर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी द्वारा 15 मई से 22 मई तक वजन सप्ताह मनाने का निर्देश दिया गया। जिस निमित 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन व लम्बाई माप कर पोषण ट्रेकर एप में डाउनलोड करने की बात कही गई। साथ ही कहा गया कि अपने अपने पोषक क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को पोषण उपचार केंद्र में जाँच कराने का निर्देश दिया गया है। वही बताया गया कि बच्चों में कुपोषण होने से शाररिक मानसिक विकास होना असंभव हो जाता है। जिसके लिये माइक्रोप्लान बना कर गृह भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। एवं आंगनबाड़ी केंद्र को स्वच्छ रखने और जल तथा शौचालय का सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे किरण कुमारी, अनिता देवी, शहनाज बेगम, मन्ती कुमारी, सुमित्रा देवी, निर्मला देवी, सुनिता देवी सहित सभी सेविकाएँ उपस्थित थीं।

मौजा ऑनलाइन गड़बड़ी समस्या निदान नही होने पर अंचल में लगेगा ताला : अजातशत्रु

ऑनलाइन समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया अंचल कार्यालय का घेराव कर निदान का किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : मुर्की तोड़ार पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण तोड़ार मौजा का जमीन ऑनलाइन गड़बड़ी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में अंचल कार्यालय का किया घेराव समस्या निदान का लगया गुहार। सेन्हा अंचल के मुर्की तोड़ार पंचायत मौज सर्वे के लापरवाही के कारण सेरेंगहातू तोड़ार मौजा में अंकित हो गया है। जिसको लेकर मुर्की तोड़ार पंचायत के ग्रामीण वर्ष 2019 से लगतार चक्र काट रहें है। परंतु कोई समाधान नही हुआ। जिसकी सूचना भाजपा युवा प्रदेश मंत्री अजात शत्रु को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणो से प्राप्त हुआ था। जिसपर ग्रामीणों के साथ बैठक करने के पश्चात समस्या निदान हेतु अंचल कार्यालय का घेराव सैकड़ो ग्रामीणों के साथ किया गया। बताया

जाता है कि अंचल घेराव के पूर्व वर्ष 2019 से ग्रामीणों द्वारा जनता दरवार एवं अंचल कार्यालय में कई बार आवेदन के माध्यम से समस्या का निदान हेतु अवगत कराया गया था। परंतु विभाग की ओर से कोई पहल नही किया गया। जिसपर रोष प्रकट करते हुए ग्रामीणों ने प्रदेश युवा मोर्चा मंत्री अजातशत्रु, जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार साहू, सचिन सिंह, पवन प्रजापति के नेतृत्व में अंचल कार्यालय का घेराव करते हुए अंचल उपनिरीक्षक को ज्ञापन सौंप ऑनलाइन समस्या निदान का गुहार लगया। भाजपा क्रयकर्ताओ के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय का घेराव के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए अंचल कर्मियों को सर्वे में गड़बड़ी का जायजा लिया और जांचोपरत निदान करवाने का निर्देश दिया गया। वहीं अंचल उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता ने ग्रामीणों को एक माह का समय देते हुए कहा कि मुर्की तोड़ार पंचायत के ग्रामीणों की जमीन का ऑनलाइन गड़बड़ी हुई समस्या को निदान हेतु आगे भेजा जाएगा। वहीं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि निधारित समय के अनुसार कार्य नही किया जाता है।

संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय एवं सेवा कार्य ही आर्यवीर दल का मुख्य उद्देश्य : नूतन आर्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा प्रांगण में आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन बच्चों को कई विधाओं,क्रियाओं एवं व्यायाम के प्रति रूपों का विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन छत्तीसगढ़,असम एवं झारखंड के विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में अलग-अलग जगहों से 91 प्रशिक्षुओं को व्यायाम के विभिन्न विधाओं का अभ्यास करा कर उन्हें शारीरिक रूप से बल दायक, मजबूत एवं शरीर में लचीलापन लाने के अभ्यास कराए जा रहे हैं। जिससे शरीर मजबूत, बलवान एवं सुंदर दिखे। आज आर्य वीर दल के बारे में बौद्धिक कंक्षा के दौरान आर्यवीर का अर्थ बताया गया। जिसमें आर्य को श्रेष्ठ, निरुक्त में ईश्वर पुत्र कहा गया है। साथ ही साथ आने के 8 गुण, जिनमें ज्ञान, संतोष, मन पर नियंत्रण, दया, दान, विनम्रता,

सत्य बोलना एवं इंद्रियों को वश में करने आदि के बारीकियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराए गए। साथ ही साथ बौद्धिक कक्षा के दौरान वीर का अर्थ समझाते हुए पराक्रमी बनने पर बल दिया गया। जिसे देखकर शत्रु में भी कपकपी छूट जाए। आज कक्षा के दौरान शारीरिक व्यायाम से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है यह बताया गया। व्यायाम से भोजन का पाचन तंत्र ठीक होकर शरीर का विकास सही ढंग से होता है। कक्षा के दौरान विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा बताया गया कि श्रेष्ठ चरित्रवान और वीरों का संगठन आर्य वीर दल है। आर्य वीर दल के उद्देश्यों में संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय एवं सेवा कार्य आदि बताये गए। ज्ञातव्य हो की चरित्र निर्माण शिविर में लोहरदगा के विभिन्न ग्रामों के अलावे रांची, लातेहार, गुमला एवं सिमडेगा आदि स्थानों के प्रशिक्षु आए हुए हैं। जिन्हें मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक के विभिन्न विधाओं एवं अभ्यास के साथ उन्हें दीक्षा दी जा रही है। स्वच्छता, दैनिक हवन के साथ-साथ संस्कार, चरित्रवान बनाने के लिए महापुरुषों के गुणों की चर्चा इन प्रशिक्षुओ के बीच प्रशिक्षकों द्वारा दी जा रही है। शिविर के दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षक गोपी आर्य,देव प्रकाश आर्य, नूतन आर्य के नेतृत्व में सर्वांग सुंदर व्यायाम में 16 प्रकार, संगीत के साथ 12 सूर्य नमस्कार, नियुद्धम के प्रारंभिक स्तर का अभ्यास कराया गया।

परिवहन विभाग ने वाहन जांच के दौरान 25 हजार जुर्माना राशि की हुई वसूली

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला परिवहन विभाग लोहरदगा के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र बक्सीडीपा के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया।परिवहन विभाग के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत वाहन जांच के दौरान दो चक्का, टेम्पू, चार पहिया वाहन का जांच किया गया। जांच के क्रम में मोटरसाइकिल चालक का हेलमेट लाइसेंस सहित वाहन से संबंधित अन्य कागजात का जांच किया गया। वही मोटरसाइकिल चालकों को बिना हेलमेट या लाइसेंस, वाहन के कागजात के बिना पकड़े जाने पर 25 हजार रूपया जुर्माना राशि वसूली की गई। वाहन जांच के दौरान सड़क सुरक्षा से अमृतेश्वरी गिरी, अमरेश कुमार सहित सेन्हा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

चलते चलते एक नजर

आर्मी पब्लिक स्कूल रांची के छात्र श्रीमानजी हुए सम्मानित

रांची। आर्मी पब्लिक स्कूल रांची के छात्र श्रीमानजी कक्षा इलेवन ने कला के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल किया और स्कूल का नाम रोशन किया। यह झारखंड कला श्रेष्ठ जो जनवरी महीने में खेल गांव में हुआ था, इसमें करीब 12000 विद्यार्थियों ने 306 स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया और एक कला की खोज का आयोजन किया गया। आयोजक कर्ता स्पीड कला के द्वारा हुआ , जिसके मार्गदर्शन श्री परम थे, उन्होंने कहा तकरीबन एक स्टूडेंट को प्राइस के लिए चयन किया गया है, कविता वर्मा उप परिचार्य आर्मी पब्लिक स्कूल रांची के हाथों से मॉर्निंग सभागार में छात्र श्रीमानजी को सम्मानित किया गया। अभय कुमार सिंह ने छात्र श्रीमानजी को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की चार अचल संपत्ति जब्त

रांची। पूर्व आइएएस पूजा सिंघल की अब 82.77 करोड़ की चार अचल संपत्तियों की निर्णायक प्राधिकारी की मुहर लगते ही स्थाई रूप से जब्त हो गई। इन संपत्तियों में रांची के बरियातू रोड स्थित पल्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पल्स डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर व दो भूखंड शामिल हैं। ईडी ने पूजा सिंघल की गिरफ्तारी के बाद इन्हें अस्थाई रूप से जब्त किया था। अब एडजुकेडिंग अथारिटी की मुहर लगने के बाद इसपर सरकार का स्थाई कब्जा हो गया है। अब अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन कैसे होगा, इसपर ईडी जल्द ही निर्णय लेगी। अब यह तय हो गया कि अब अगर अस्पताल का संचालन जारी रहता है तो वह सरकार की देखरेख में होगा।

डीएवी हेहल में दो-दिवसीय समर कैम्प का आगाज

रांची। डी ए वी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची की प्राइमरी शाखा एन डी जी में कक्षा एक से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए दो-दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ।प्रथम दिन बच्चों ने योग,म्यूजिक,आर्ट,फायर लेस कुकिंग,रंगोली,जुंबा इत्यादि कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य एस के मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए इसे जरूरी बताया। विंग इंचार्ज अनुराधा सिंह एवं शिक्षकों के सहयोग से प्रथम दिन के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

मुख्यमंत्री ने पतरातू लेक रिसॉर्ट परिसर में पर्यटकों को सुसज्जित और सुविधाओं से परिपूर्ण पर्यटन विहार की दी सौगात

पर्यटन के क्षेत्र में झारखंड को मिलेगा एक अलग पहचान : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड को प्रकृति ने कई खूबसूरत सौगातें दी है। इस राज्य को खनिज -संपदा के लिए तो जाना ही जाता है। इसके अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, मनोरम और मनमोहक वादियां और धार्मिक स्थल भी आकर्षण का केंद्र रहा है।यहां के पर्यटक स्थल और भी खूबसूरत हों। यहां सैलानियों को सभी जरूरी सुविधाएं मिले। देश-दुनिया के सैलानियों का यह आकर्षण का केंद्र बनें। इसे ध्यान में रखकर सरकार द्वारा सभी पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है।उसे चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज पतरातू लेक रिसोर्ट परिसर में नवनिर्मित पर्यटन विहार राज्यवासियों को समर्पित करते हुए यह बाते कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड को एक अलग पहचान मिलेगी।

यहां पिकनिक मनाएं पर डैम को नुकसान ना पहुंचाएं : मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि यह पर्यटक स्थल आपकी संपत्ति है। आप यहां पिकनिक मनाएं। घूमे- फिरे और मनोरंजन करें। लेकिन, इसे किसी भी सूरत में नुकसान ना पहुंचाएं । इसे प्रदूषित नहीं करें। पूरे परिसर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। सरकार किसी भी पर्यटक स्थल के आधारभूत संरचना को मजबूती दे सकती है, लेकिन इसे चलाना और सुरक्षित रखना आपकी जिम्मेदारी है।

आसपास के क्षेत्रों का होगा विकास, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर : मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पर्यटक स्थल के रूप में पतरातू डैम की एक अलग छवि बन रही है । यहां आने वाले सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है । इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। इससे एक तरफ आसपास के क्षेत्रों का विकास होगा, वहीं रोजगार के भी नए अवसर बढ़ेंगे। यह सिर्फ एक डैम नहीं है, बल्कि आपकी आमदनी का एक बड़ा स्रोत भी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आम जनता की सहभागिता के बिना कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती है।

6 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत: मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लगभग 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इसमें 7 करोड़ 10 लाख रुपए की 2 योजनाओं का उद्घाटन और 5 करोड़ 82 लाख रुपए की 4 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति: इस अवसर पर पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन, राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, विधायक अम्बा प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौ जबबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव एवं रामगढ़ के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

हैदरनगर एवं उंटारी रोड स्टेशन पर रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का विधिवत परिचालन 12 से शुरू होगा : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता



मेदिनीनगर : पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मेरे अथक प्रयासों के फलस्वरुप रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 का दिनांक 12.05.2023 से विधिवत परिचालन प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर दिनांक 12:05 23 को उक्त ट्रेन का विधिवत परिचालन का शुभारंभ प्रातः 4:48 बजे हैदरनगर स्टेशन पर एवं रात्रि में 10:20 बजे उंटारी रोड स्टेशन पर मेरे द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। उंटारी रोड स्टेशन पर परिचालन के पूर्व 08:30 बजे रात्रि में उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

ट्रेन के ठहराव की मांग हैदर नगर एवं उंटारी रोड प्रखंड की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी इस ट्रेन के ठहराव हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ही उक्त दोनों स्टेशनों पर ट्रेन स्टॉपेज की सुविधा प्राप्त हुई है। संसदीय क्षेत्र की जनता से आग्रह है कि इस पुनीत अवसर पर आप सभी उपस्थित होकर अपनी चिर परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बने। यशस्वी प्रधानमंत्रीआदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट करता हूं।

विदेशी पांडेय व राहुल कुमार के असामयिक निधन से मर्माहत है इप्टा परिवार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के पलामू जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार पांडे उर्फ विदेशी पांडे और कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार के असामयिक निधन से इप्टा परिवार मर्माहत है। छात्र नेताओं का असमय चला जाना जितना उनके परिवार के लिए दुःखद है, उतना ही यह सांगठनिक क्षति भी है।

गुरुवार की अहले सुबह बनारस से मेदिनीनगर लौटने के क्रम में सासाराम हाईवे पर उनकी कार का एक्सीडेंट हुआ। जिसपर तीन लोग सवार थे। इस भीषण सड़क दुर्घटना में विदेशी पांडेय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि राहुल की मौत से क्ला ले जाने के दौरान रास्ते मे हो गयी। वहीं बिट्टू कुमार का इलाज सासाराम में ही चल रहा है।इस प्रकार दो उभरतेछात्र नेताओं का चले जाना एक अपूरणीय क्षति है। ये दोनों छात्र नेता एआईएसएफ में रीढ की हड्डी थे। छात्र नेताओं के निधन पर इप्टा के शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र मिश्रा, केडी सिंह, सुरेश सिंह, मृतुन्जय शर्मा, राजीव कुमार, प्रेम प्रकाश, राजीव रंजन, संजीव ठाकुर, अजीत कुमार, शशि पांडे, अमित कुमार भोला, संजय तिवारी, लोकेश आनंद, रविशंकर सहित अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

पर्यावरणविद कौशल ने अपनी शादी की सालगिरह पर तीन अनाथ कन्याओं की कराई शादी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पर्यावरणविद कौशल किशोर ने शादी की सालगिरह व पुत्र के जन्मदिन पर क्षेत्र के तीन अनाथ कन्याओं की शादी कराकर स्वयं कन्यादान कर न सिर्फ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया बल्कि समाजसेवा का एक मिसाल कायमकिया। छतरपुर अनुमंडल के चेगौना धाम विवाह मंडप में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, डाली बाजार के मुखिया सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल एवं छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने तीन अनाथ कन्याओं की शादी कराकर उन्हें कन्यादान की एवं सभी बरातियों को पौधा पानी देकर विदाई किया। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि उनके जीवन में 10 मई का दिन काफी

महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि 10 मई 1980 को उनकी शादी हुई थी और इसी दिन वर्ष 1982 में उनके बड़े पुत्र अरुण जायसवाल का जन्म हुआ था। इसी तरह 10 मई 2023 को उन्होंने तीन अनाथ बच्चियों की शादी कराकर उन्हें कन्यादान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि अपने दो बच्चियों की शादी तय करने के बाद ब्रह्मदेव भुइयां की अचानक मौत हो गयी थी। तब उस परिवार के समक्ष एक बड़ी समस्या उतपन्न हो गयी थी। तब श्री कौशल किशोर , मुखिया पूनम जायसवाल एवं जिला पार्षद अमित कुमार ने न सिर्फ उन तीन कन्याओं की शादी कराई बल्कि उनका कन्यादान भी करके मिसाल कायम कर दिया। पर्यावरणविद ने सभी बरातियों को पर्यावरण धर्म के तहत 8 मूलज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। श्री कौशल ने मंडप में शिव समान वृक्षों की पूजा कराकर सभी बरातियों को उपहार स्वरूप पौधा पानी देकर उन्हें विदाई किया। उक्त मौके पर उप मुखिया अफजाल अंसारी, सुभाष गुप्ता, सुदामा गुप्ता,पंकज सिंह, सुचित कुमार जायसवाल, जुबेर अंसारी, गुलाम गौस, यासीन अंसारी, मुस्ताक अंसारी,करीम अंसारी, चंदन यादव, नंदू विश्वकर्मा, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, प्रवेश भुइयां,जदु भुईयां, रमेश भुईयां निरंजन भुइयां, धर्मदेव भुइयां, कामदेव भुईयां, आराध्या, आशिका, आद्रिका, अनुषा सामिल थे।

भारतीय सैनिकों ने ब्रिटेन में लगाया भारत माता की जय व बजरंग बली की जय का नारा

नई दिल्ली। ब्रिटेन के सैलिसबरी मैदान में भारत के साथ संयुक्त-सैन्य अभ्यास अजेय वॉरियर-23 आज सम्पन्न हो गया। 15 दिन तक चले इस संयुक्त सैन्य अभ्यास के समापन समारोह में भारतीय जवानों ने भारत माता की जय-बजरंग बली की जय के जयकारे से समां बांध दिया। इस अभ्यास में यूनाइटेड किंगडम से सेकेंड रॉयल गोरखा राइफल्स और भारतीय सेना की बिहार रेजिमेंट के सैनिकों ने हिस्सा लिया। यह युद्धाभ्यास भारतीय और ब्रिटिश सेना के बीच रक्षा सहयोग में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक बढ़ावा देगा। भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास अजेय वॉरियर-23 का 7वां संस्करण 27 अप्रैल को ब्रिटेन के सैलिसबरी मैदान में शुरू हुआ था।

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनना तय : शरद

एजेंसी

मुंबई : कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को मतदान हो चुका है. राज्य में 13 मई को चुनाव के नतीजे आने हैं. इससे पहले राजनीतिक माहौल पूरी तरह से बना हुआ है. अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने दावा किया है कि इस बार राज्य में कांग्रेस की सरकार बन रही है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को शरद पवार से मिलने पहुंचे थे. इस दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी उनके साथ मौजूद रहे. इस मुलाकात के बाद एनसीपी चीफ ने कहा कि देश के हालात को देखते हुए लोकतंत्र को बचाने के लिए मिलकर काम करना जरूरी है. ऐसा लगता है कि अगर हम मिलकर काम करेंगे तो देश को जिस विकल्प की जरूरत है, उसके लिए समर्थन मिलेगा. शरद पवार ने कहा कि कर्नाटक के लोग बीजेपी को हटा देंगे और एक धर्मनिरपेक्ष सरकार चुनेंगे.

उन्होंने कहा कि देश का आज जो माहौल है वो सब देखने के बाद देश की प्रजातंत्र को बचाने के लिए हमें मिलकर काम करने की आवश्यकता है और हम इसका समर्थन करते हैं. विपक्षी दलों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे नीतीश कुमार ने कहा कि देश में बीजेपी जो कर रही है वो देश के हित में नहीं है इसलिए हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी दल एक साथ हो इसके लिए हमने आज बातचीत की और सभी दलों से भी बातचीत हुई है, सबकी सहमति हो रही है. हम सब एक साथ बैठकर निर्णय लेंगे. आज बहुत अच्छी चर्चा हुई और अब देश के हित में सब कुछ होने जा रहा है.

13 मई को अपने चरम पर पहुंचेगा तूफान मोचा

एजेंसी

नई दिल्ली : बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान मोचा अब खतरनाक रूप ले रहा है. खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में गहरा दबाव पिछले 6 घंटे के दौरान 8 किमी प्रति घंटे की स्पीड के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है. आईएमडी का कहना है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव एक चक्रवाती तूफान 'मोचा' में बदल गया है. यह गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है. इसके कारण बांग्लादेश और म्यांमार में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है.अधिकारियों ने बताया कि मोचा के कारण अंडमान में भारी बारिश होने की संभावना है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, सुबह साढ़े आठ बजे चक्रवाती तूफान पोर्ट ब्लेयर के 510 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में था. इस तूफान के आज रात गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने का अनुमान है. मौसम विभाग ने कहा कि ये 13 मई की शाम को अपने चरम पर पहुंचेगा और फिर14 मई की सुबह से इसके थोड़ा कमजोर होने की संभावना है. विभाग ने बताया कि इस तूफान के कॉक्स बाजार और क्यॉकप्यू के बीच दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश और उत्तरी म्यांमार के तटों को 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पार करने की संभावना है.म्यांमार और बांग्लादेश के निचले इलाकों से लोगों की निकासी की जा रही है. बांग्लादेश ने मछली पकड़ने वाली नौकाओं के गहरे समुद्र में जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है. इससे पहले बांग्लादेश नवंबर 2007 में एक तूफान की चपेट में आया था, तब चक्रवात सिद्र ने देश के दक्षिण-पश्चिम में तबाही मचाई थी, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे. वहीं मई 2008 में चक्रवात नरगिस ने देश की सबसे खराब प्राकृतिक आपदा में म्यांमार में कम से कम 138,000 लोग मारे या लापता हो गए थे.

कश्मीर में बड़ा फिदायीन हमला करने की तैयारी में हैं आतंकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

एजेंसी

श्रीनगर : जम्मू कश्मीर में आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है. खुफिया विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया है, जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन ऑल आउट से घुसपैठ करने वाली पाकिस्तानी आतंकी बौखलाहट में है और इसी बौखलाहट में आतंकी जम्मू कश्मीर में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे हैं. आतंकी फिदायीन हमला और ग्रेनेड से हमले का प्लान कर रहे हैं.

आतंकियों के निशाने पर सिक्योरिटी फोर्सेस और नॉन लोकल लेबर हैं जिन पर आतंकी हमला करने की प्लानिंग कर रहे हैं.वहीं कश्मीर के बारामुला में फिदायीन अटैक की साजिश रची जा रही है. श्रीनगर के परीमपोरा में भी जैश के आतंकी ग्रेनेड से हमले की साजिश को अंजाम देने की फिराक में है. बड़े आतंकी हमले के मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सिक्योरिटी फोर्सेस को अलर्ट पर रख दिया है. जम्मू कश्मीर में आतंकी सुरक्षा एजेंसियों को पहले भी गहरे घाव दे चुके हैं.

यही वजह है कि सुरक्षा विशेषज्ञ घाटी में अपनी रणनीति को बदलने पर जोर देने को कह रहे हैं. सुरक्षा विशेषज्ञों ने जम्मू कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में पिछले 18 महीनों में सैनिकों के अधिक संख्या में हताहत होने का जिक्र करते हुए, आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए इन क्षेत्रों में खुफिया तंत्र को मजबूत करने सहित रणनीति में बदलाव करने की अपील की है.

इन दोनों जिलों में 11 अक्टूबर 2021 से हुए आठ आतंकी हमलों में कुल 26 सैन्यकर्मी शहीद हुए हैं, जिनमें तीन अधिकारी और पांच पैराट्रूपर भी शामिल हैं। रक्षा और सुरक्षा विशेषज्ञों ने कहा है कि यह जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की पाकिस्तान द्वारा की जा रही कोशिश है. जम्मू कश्मीर के पूर्व पुलिस प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी कश्मीर में कार्रवाई का सामना करने के बाद अब पीर पंजाल क्षेत्र में राजौरी-पुंछ इलाके को निशाना बना रहे हैं.

उद्धव ठाकरे से मिले नीतीश कुमार

मुंबई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। माना जा रहा है कि नीतीश की यह मुलाकात विपक्षी दलों को एकता के प्रयास का एक हिस्सा है। इस मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी पार्टियां देश हित को ध्यान में रखते हुए एकसाथ मिलकर लड़ें। देश किस तरह आजाद हुआ था, इस पर विचार होना चाहिए। इस समय देश के लिए कोई काम नहीं हो रहा है। इसके बाद भी विपक्षी पक्षों के साथ बैठक जारी रहने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस देश में प्रजातंत्र की रक्षा करना हमारा काम है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर मैं इस्तीफा नहीं देता तो शायद मैं फिर मुख्यमंत्री बन जाता। मैं मेरे लिए नहीं लड़ रहा, मेरी लड़ाई जनता के लिए, देश के लिए है। राजनीति में मतभेद होते रहते हैं, लेकिन हमारा एक मत यह है कि इस देश को बचाना है।

लोकसभा के आगामी चुनाव में तीसरे मोर्चे की कोई संभावना नहीं : पटनायक

एजेंसी

नई दिल्ली : ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में पटनायक ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए विपक्षी मोर्चे की संभावनाओं को खारिज कर दिया। पटनायक ने एक सवाल पर कहा, जहां तक मेरा संबंध है, तीसरे मोर्चे की कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री के साथ अपनी मुलाकात पर पटनायक ने कहा कि हमने पुरी में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित ओडिशा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

PUSKAR SCHOOL OF NURSING TRAINING
Hanuman Mandir Road (Near South Railway Colony)
Krishnapuri Road No.-1, Chutia, Ranchi, Jharkhand
You Tube - Puskar Group | Website : www.puskargroup.com | Email : info@puskargroup.com
अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं
As per Regulation - 2023 of Jharkhand Govt.
Golden Opportunity for Inter Pass Girls
Limited Seats
For the Course
Auxiliary Nurse & Midwifery (A.N.M)
Recognized by - Indian Nursing Council, New Delhi. | Jharkhand Nurses Registration Council, Ranchi
PLACEMENT ASSISTANCE
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
Department of Health Medical Education & Family Welfare, Government of Jharkhand.
ADMISSION OPEN FOR 2023-2024
Course for Girls, Married Unmarried, Widow
HOSTEL FACILITY AVAILABLE WITHIN CAMPUS | TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

Course	Qualification	Period	Age Limit
A.N.M Nursing	All Subjects, Inter (10+2)	2 Years	17 Years of 35 Years

Ph. No. & Fax - 0651-2460123/ Mobile No.: 09471552675 & 07367957505